

देश-विदेश
सोनाक्षी-जहीर ने...

भारत का सर्वाधिक प्रसारित हिन्दी दैनिक
"कलम, बलिदान और स्वाभिमान की परिभाषा"

पृष्ठ-3
कांग्रेस ने कई बार संविधान को...



संस्थापकः शहीद शिरोमणि लाला जगतनारायण जी, अमर शहीद रमेश चन्द्र जी एवं कलम के योद्धा अश्विनी कुमार जी

# पंजाब केसरी

युवा भारत युवा अखबार!

PunjabKesari.com PunjabKesari.com @punjabkesaricom

बुधवार 26 जून, 2024 ◆ दिल्ली ◆ तदनुसार 13 आषाढ़ 2081 LD ****

Punjab Kesari, Delhi
वर्ष : 41 / अंक : 177
मूल्य ₹ 4.50
16 नेपाली रुपए/हवाई जहाज से ₹ 10.00
पृष्ठ संख्या 12
Ph. : 011-30712200, 45212200


# स्पीकर का होगा चुनाव

## लोकसभा में टूटी आम सहमति की परम्परा, 1952 के बाद पहली बार होगा चुनाव, ओम बिरला के मुकाबले विपक्ष ने के. सुरेश को उतारा

**पंजाब केसरी/नई दिल्ली**

देश के राजनीतिक इतिहास में जो न हुआ, अब वह होने जा रहा है। स्पीकर पद के लिए सत्ता पक्ष ओर विपक्ष की ओर से चेहरे फाइनल कर दिए गए हैं। दोनों उम्मीदवारों ओम बिरला और के सुरेश ने अपने-अपने नामांकन दाखिल कर दिए हैं। 26 जून यानी कल इसपर फैसला हो जाएगा। खास बात है कि भारत 1952 के बाद पहली बार स्पीकर के चुनाव का गवाह बनने जा रहा है। उससे पहले राहुल गांधी ने स्पीकर पद पर आम सहमति न बनने पर मोदी पर हमला बोला।

जनता दल (यूनाइटेड) के नेता और केंद्रीय मंत्री राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह ने संवाददाताओं से कहा कि बिरला का नाम राजग के सभी दलों ने सर्वसम्मति से तय किया और भाजपा के वरिष्ठ नेता राजनाथ सिंह भी समर्थन हासिल करने के लिए विपक्ष के पास पहुंचे। बिरला ने नामांकन दाखिल करने से पहले प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात की। वह राजस्थान के कोटा से लगातार तीसरी बार भाजपा के टिकट पर सदस्य निर्वाचित हुए हैं।



● बिरला लगातार दूसरी बार लोकसभा के स्पीकर बनने वाले भाजपा के पहले सांसद होंगे

केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि लोकसभा अध्यक्ष के लिए उम्मीदवार के नाम पर सर्व सम्मति होती तो बेहतर होता। उन्होंने इस संबंध में शर्तें रखने के लिए विपक्ष की आलोचना भी की। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र को शर्तों पर नहीं चलाया जा सकता। सहमति नहीं बनने के बाद विपक्षी गठबंधन 'इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस' (इंडिया) ने लोकसभा अध्यक्ष पद के लिए कांग्रेस नेता सुरेश को अपना उम्मीदवार बनाया और उन्होंने मंगलवार को अपना नामांकन दाखिल कर दिया। रिवोल्यूशनरी सोशलिस्ट पार्टी (आरएसपी) के नेता एन के प्रेमचंद्रन ने बताया कि सुरेश ने नामांकन दाखिल किया है। कांग्रेस के संगठन महासचिव के सी वेणुगोपाल और द्रमुक नेता टी आर बालू लोकसभा अध्यक्ष के पद के लिए राजग उम्मीदवार का समर्थन करने से इनकार करते हुए रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के कार्यालय से बाहर आ गए। वेणुगोपाल ने आरोप लगाया कि सरकार ने उपाध्यक्ष पद विपक्ष को देने की प्रतिबद्धता नहीं जताई।

### राहुल का मोदी पर निशाना

**राहुल** गांधी ने मीडिया से बात करते हुए सीधे पीएम मोदी पर निशाना साधा। राहुल ने कहा कि खड़गे जी को राजनाथ सिंह का फोन आया था। राजनाथ सिंह ने खड़गे से कहा कि आप हमारे स्पीकर को सपोर्ट कीजिए, सभी विपक्ष ने कहा था कि वो स्पीकर को सपोर्ट करेंगे, लेकिन डिप्टी स्पीकर विपक्ष को मिलना चाहिए। राजनाथ सिंह ने अभी तक खड़गे को कॉल नहीं किया है। मोदी जी कह रहे थे कि कंस्ट्रक्टीव विपक्ष चाहते हैं लेकिन वो हमारे नेता का अपमान कर रहे हैं। राहुल ने आगे कहा कि बीजेपी ने हमसे समर्थन मांगा, मोदी जी कहते कुछ हैं और करते कुछ और हैं यही इनकी रणनीति है। राहुल ने कहा कि लोकतंत्र में कांग्रेस को बिना मतलब निशाने पर लेना सरकार की आदत बन चुकी है।

### राजनाथ का राहुल को जवाब



**राहुल** गांधी के कॉल बैक न करने की बात पर राजनाथ सिंह ने भी जवाब दिया। रक्षा मंत्री ने कहा कि मल्लिकार्जुन खड़गे वरिष्ठ नेता हैं और मैं उनका सम्मान करता हूं। कॉल बैक न करने के सवाल पर राजनाथ सिंह ने कहा कि मेरी कल से आज तक में खड़गे जी से तीन बार फोन पर बात हो चुकी है। विपक्ष पर निशाना साधते हुए ललन सिंह ने कहा कि वे लोकसभा उपाध्यक्ष के पद पर तुरंत फैसला चाहते हैं, जबकि राजनाथ सिंह ने अनुरोध किया था कि चयन का समय आने पर सभी को एक साथ बैठना चाहिए और इस मुद्दे पर चर्चा करनी चाहिए। विपक्ष को राष्ट्र हित के प्रति भी सोचना चाहिए।

# सीएम केजरीवाल पर सीबीआई गिरफ्तारी की लटकी तलवार

## दिल्ली हाईकोर्ट ने जमानत आदेश पर लगाई रोक

**पंजाब केसरी**/नई दिल्ली



● सीबीआई आज ही कस्टडी मांगेगी

● निचली अदालत ने फैसला करते समय विवेक का इस्तेमाल नहीं किया : हाईकोर्ट

● सुप्रीम कोर्ट में जमानत पर आज होगी सुनवाई

कथित दिल्ली शराब घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में तिहाड़ जेल में बंद दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल से मंगलवार को सीबीआई की टीम ने तिहाड़ जेल में पूछताछ की और आबकारी नीति मामले को लेकर उनका बयान दर्ज किया। बताया जा रहा है कि सीबीआई आज बुधवार को कोर्ट में सीएम केजरीवाल को गिरफ्तार कर सकती है। बता दें कि ईडी द्वारा 21 मार्च को गिरफ्तार किए जाने के बाद फिलहाल सीएम केजरीवाल तिहाड़ जेल में बंद हैं। वहीं, मंगलवार को ही दिल्ली हाईकोर्ट ने केजरीवाल को ट्रायल कोर्ट से मिली जमानत पर रोक लगा है। इधर बुधवार को सुप्रीम कोर्ट में केजरीवाल की जमानत पर सुनवाई होगी और इसी दिन सीबीआई केजरीवाल की कस्टडी मांगने के लिए तैयार है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि हाईकोर्ट ने अभी फैसला नहीं सुनाया इसलिए उसके पहले कोई भी आदेश देना सही नहींहोगा। इससे पहले दिल्ली हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति सुधीर कुमार जैन की अवकाशकालीन पीठ ने कहा कि निचली अदालत प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा उसके समक्ष पेश की गई सामग्री का उचित आकलन करने में विफल रही और उसने आम आदमी पार्टी नेता की जमानत याचिका पर फैसला करते समय विवेक का इस्तेमाल नहीं किया। न्यायाधीश ने यह भी कहा कि निचली अदालत को ईडी को अपना पक्ष रखने के लिए पर्याप्त अवसर देना चाहिए था।

पीठ ने कहा, ''विवादित आदेश के क्रियान्वयन पर रोक लगाई जाती है।'' निचली अदालत ने 20 जून को केजरीवाल को जमानत दे दी थी और एक लाख रुपये के निजी मुचलके पर रिहा करने का आदेश दिया था। ईडी ने अगले दिन उच्च न्यायालय का रुख किया और दलील दी कि निचली अदालत का आदेश ''त्रुटिपूर्ण, एकतरफा और गलत'' था तथा निष्कर्ष अप्रासंगिक तथ्यों पर आधारित थे। **(पढ़ें पृष्ठ-4 पर)**

### केजरीवाल के खिलाफ बड़ी साजिश : संजय सिंह



**वहीं,** आप के राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने आरोप लगाया है कि केंद्र सरकार उनके खिलाफ बड़ी साजिश कर रही है। संजय सिंह ने कहा है कि अरविंद केजरीवाल को सीबीआई द्वारा फर्जी केस में गिरफ्तार करने की साजिश रची जा रही है। सिंह ने कहा है कि केंद्र ने सीबीआई के साथ मिलकर ये साजिश रची है। संजय सिंह ने कहा है कि केजरीवाल को जमानत न मिल सके इसलिए उनके खिलाफ ये साजिश रची जा रही है।

# आपातकाल लगाने वालों को संविधान के प्रति प्रेम जाहिर करने का हक नहीं

**पंजाब केसरी/नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि जिन लोगों ने आपातकाल लागू कर बुनियादी स्वतंत्रताओं को नष्ट किया और भारत के संविधान को कुचला, उन्हें संविधान के प्रति प्रेम जाहिर करने का कोई अधिकार नहीं है। आपातकाल की बरसी पर मोदी ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक के बाद एक पोस्ट में कहा कि जिस मानसिकता के कारण देश में आपातकाल लगाया गया था, वह आज भी उस पार्टी में जीवित है जिसने इसे लागू किया था। उन्होंने कहा, वे अपने प्रतीकवाद के माध्यम से संविधान के प्रति अपने तिरस्कार को छिपाते हैं, लेकिन भारत के लोगों ने उनकी हरकतों को देखा है और इसीलिए उन्होंने उन्हें बार-बार खारिज किया है। मोदी ने कहा कि आज का दिन उन सभी महापुरुषों और महिलाओं को श्रद्धांजलि देने का है जिन्होंने आपातकाल का विरोध किया था। उन्होंने कहा, जिन लोगों ने आपातकाल लगाया, उन्हें हमारे संविधान के प्रति अपने प्रेम को जाहिर करने का कोई अधिकार नहीं है। ये वही लोग हैं जिन्होंने असंख्य मौकों पर अनुच्छेद 356 लगाया, प्रेस की स्वतंत्रता को नष्ट करने के लिए एक विधेयक लेकर आए, संघवाद को नष्ट किया और संविधान के हर पहलू का उल्लंघन किया। उन्होंने कहा, आपातकाल के काले दिन हमें याद दिलाते हैं कि कैसे कांग्रेस पार्टी ने बुनियादी स्वतंत्रताओं को नष्ट किया और भारत के उस संविधान को कुचला जिसका हर भारतीय बहुत सम्मान करता है। प्रधानमंत्री ने कहा कि केवल सत्ता से चिपके रहने के लिए तत्कालीन कांग्रेस सरकार ने प्रत्येक लोकतांत्रिक सिद्धांत की अवहेलना की और राष्ट्र को कारागार बना दिया। **(पृष्ठ-9 भी देखें)**



# लोकसभा में विपक्ष के नेता होंगे राहुल

## सोनिया गांधी ने लोकसभा के प्रोटेम स्पीकर को किया सूचित

**पंजाब केसरी**/नई दिल्ली

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष होंगे। पार्टी संसदीय दल की प्रमुख सोनिया गांधी ने लोकसभा के कार्यवाहक अध्यक्ष (प्रोटेम स्पीकर) भर्तृहरि महताब को पत्र भेज कर कांग्रेस के फैसले के बारे में उन्हें अवगत कराया है कि निचले सदन में राहुल गांधी पार्टी के नेता होंगे। लोकसभा में कांग्रेस का नेता ही नेता प्रतिपक्ष होगा। इससे पहले अध्यक्ष खड़गे के निवास पर इंडिया गठबंधन की बैठक में टीएमसी भी शामिल हुई जिससे इंडिया गठबंधन में फूट को लेकर खबरों पर विराम लग गया। बैठक में राहुल गांधी, समाजवादी पार्टी के नेता रामगोपाल यादव, तृणमूल कांग्रेस के नेता डेरेक ओब्रायन, शिवसेना (यूबीटी) के नेता अरविंद सावंत, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरदचंद्र पवार) की नेता सुप्रिया सुले, द्रमुक नेता टीआर बालू तथा कई अन्य दलों के नेता शामिल थे।



वेणुगोपाल ने बताया कि सोनिया गांधी ने पार्टी के इस फैसले के बारे में सूचित करते हुए लोकसभा के कार्यवाहक अध्यक्ष (प्रोटेम स्पीकर) भर्तृहरि महताब को पत्र भेजा है। राहुल गांधी इस बार उत्तर प्रदेश के रायबरेली लोकसभा क्षेत्र से निर्वाचित हुए हैं। इससे पहले वह लोकसभा में केरल के वायनाड और उत्तर प्रदेश के अमेठी का प्रतिनिधित्व कर चुके हैं। वह पांचवीं बार लोकसभा पहुंचे हैं। उन्होंने मंगलवार को लोकसभा सदस्यता की शपथ ली। कांग्रेस ने लोकसभा अध्यक्ष पद के चुनाव से एक दिन पहले राहुल गांधी को विपक्ष का नेता बनने का फैसला किया। कांग्रेस कार्य समिति ने गत आठ जून को सर्वसम्मति से एक प्रस्ताव पारित कर पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी से आग्रह किया कि वह लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष की जिम्मेदारी संभालें।

# इनवर्टर में आग, माता-पिता व दो बेटों की मौत



● दक्षिणी दिल्ली के नजफगढ़ इलाके में हुआ हादसा

**पंजाब केसरी**/नई दिल्ली

द्वारका डिस्ट्रिक्ट के नजफगढ़ के प्रेम नगर इलाके में सोमवार रात को एक मकान में भीषण आग लग गई। आग लगने के बाद घर में भरे धुएं की चपेट में आने से पूरा परिवार बिखर गया। हादसे में माता-पिता और उनके दो बेटों की मौत हो गई। मृतकों की पहचान हीरा सिंह, उनकी पत्नी नीतू सिंह और बेटे रोबिन व लक्ष्य के रूप में हुई है। पुलिस ने सभी के शवों को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल की मोर्चरी में सुरक्षित रखवा दिया है। शुरुआती जांच के बाद पुलिस का कहना है कि इनवर्टर में शार्ट सर्किट से आग लगी थी। इसके बाद आग की चपेट में वहां रखा सोफा आ गया। जिसके बाद पूरे घर में धुआं भर गया, जिससे सभी की मौत हो गई। मौके पर पहुंची क्राइम व एफएसएल की टीम ने साक्ष्य जुटाएं। छावला पुलिस मामला दर्ज कर जांच कर रही है। दमकल के मुताबिक, सोमवार देर रात करीब 3.27 बजे दमकल विभाग को मकान नंबर-14बी, जेड-ब्लॉक, पपरावत में आग लगने की सूचना मिली। सूचना मिलते ही मौके पर दमकल विभाग और लोकल पुलिस पहुंच गई। दमकल की दो गाड़ियों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। सर्च ऑपरेशन के दौरान दमकल को अंदर चार लोग अंदर घायल अवस्था में पड़े मिले थे। एंबुलेंस की मदद से चारों को अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

**(पृष्ठ-6 भी देखें)**

# सेंसेक्स पहली बार 78,000 पार

**पंजाब केसरी**/मुंबई



एशियाई बाजारों के मजबूत रुख के बीच रिलायंस इंडस्ट्रीज सहित बड़ी कंपनियों के शेयरों में खरीदारी से मंगलवार को प्रमुख शेयर सूचकांक सेंसेक्स ने पहली बार ऐतिहासिक 78,000 अंक के स्तर को पार किया। वहीं नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी नए सर्वकालिक उच्चस्तर पर पहुंच गया।इस दौरान 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 712.44 अंक या 0.92 प्रतिशत उछलकर 78,053.52 अंक पर बंद हुआ। दिन में कारोबार के दौरान सेंसेक्स 823.63 अंक या एक प्रतिशत बढ़कर 78,164.71 अंक के नए सर्वकालिक उच्चस्तर पर पहुंचा था। निफ्टी 183.45 अंक या 0.78 प्रतिशत बढ़कर 23,721.30 के रिकॉर्ड उच्चस्तर पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान निफ्टी 216.3 अंक या 0.91 प्रतिशत चढ़कर 23,754.15 अंक पर पहुंच गया था।

# ओवैसी ने बोला जय फिलिस्तीन तो भाजपा सांसद बोले हिन्दू राष्ट्र की जय

**पंजाब केसरी**/नई दिल्ली

18वीं लोकसभा के पहले सत्र का में हैदराबाद से सांसद असदुद्दीन ओवैसी ने संसद पद की शपथ के बाद जय फिलिस्तीन का नारा लगाया। राहुल गांधी ने जय हिन्द, जय संविधान कहा। वहीं, बरेली से भाजपा सांसद छत्रपाल गंगवार ने हिन्दू राष्ट्र की जय का नारा लगाया। **(पढ़ें पृष्ठ-2 पर)**

## नीट एक्सपर्ट कमेटी की पहली बैठक

**नई दिल्ली :** प्रवेश परीक्षाओं के सिस्टम को दुरुस्त करने के लिए केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय द्वारा एक एक्सपर्ट कमेटी की पहली बैठक हुई।

**(पढ़ें पृष्ठ-2 पर)**

# अफगानिस्तान ने रचा इतिहास

**एजेंसी**/किंग्सटाउन



विषमता से सफलता के सफर में अपने क्रिकेट इतिहास का सबसे सुनहरा पन्ना लिखते हुए अफगानिस्तान ने टी20 विश्व कप सुपर आठ चरण के मैच में डकवर्थ लुईस प्रणाली से बांग्लादेश को आठ विकेट से हराकर पहली बार सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया। जैसे ही नवीनुल हक ने 18वें ओवर की चौथी गेंद पर तस्कीन अहमद का विकेट लिया, उनके साथी खिलाड़ियों से लेकर स्टेडियम में मौजूद समर्थकों तक की आंखें भर आई । **(अंतिम पृष्ठ भी देखें)**

# सुखबीर बादल के खिलाफ पार्टी में खुली बगावत



**चंडीगढ़,** (पंजाब केसरी): शिरोमणि अकाली दल (शिअद) के वरिष्ठ नेताओं के एक वर्ग ने मंगलवार को सुखबीर सिंह बादल के खिलाफ बगावत कर दी और मांग की कि लोकसभा चुनावों में शिअद की हार के मद्देनजर उन्हें पार्टी प्रमुख के पद से इस्तीफा दे देना चाहिए। जालंधर में बैठक के बाद संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए उन्होंने यह भी घोषणा की कि अगले महीने 'शिअद बचाओ' आंदोलन शुरू किया जाएगा। बागी नेताओं की जालंधर में उस समय बैठक हुई जब शिअद प्रमुख बादल चंडीगढ़ में जिला अध्यक्षों और अन्य नेताओं के साथ लोकसभा चुनावों में पार्टी के प्रदर्शन की समीक्षा के लिए बैठक कर रहे थे। वहीं, पार्टी ने बागी नेताओं को ''भारतीय जनता पार्टी द्वारा प्रायोजित हताश तत्व'' बताया जो पार्टी को कमजोर करना चाहते हैं। आम चुनावों में शिअद को करारी हार का सामना करना पड़ा था।

**एमसीडी एक्शन में** जब विरोध-प्रदर्शन हुआ तो तनाव भी फैला, पर अब सब शांत

# मंगोलपुरी में मस्जिद का अतिक्रमण गिराया

**पंजाब केसरी**/नई दिल्ली

उत्तर-पश्चिम दिल्ली के मंगोलपुरी इलाके में विरोध प्रदर्शन हुआ, जहां पुलिस और अर्धसैनिक बलों की भारी तैनाती के बीच कथित अतिक्रमण के चलते एक मस्जिद के कुछ हिस्सों को गिरा दिया गया। यह जानकारी अधिकारियों ने मंगलवार को दी।

अभियान चलाने वाले दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) ने एक बयान में कहा कि हालांकि, स्थिति बिगड़ने के बाद अभियान रोकना पड़ा क्योंकि बड़ी संख्या में भीड़ एकत्रित हो गयी और क्षेत्र में जेसीबी के प्रवेश को रोकने के लिए मानव श्रृंखला बना ली।

उसने कहा कि इसके अलावा, महिला प्रदर्शनकारियों की उपस्थिति ने क्षेत्र में कानून और व्यवस्था की स्थिति को जटिल बना दिया। ये महिला प्रदर्शनकारी अनधिकृत ढांचे पर बैठी थीं। अधिकारियों ने कहा कि मंगोलपुरी के वाई ब्लॉक में एक नगरपालिका पार्क में मस्जिद की अवैध रूप से विस्तारित चारदीवारी के खिलाफ एक ध्वस्तीकरण अभियान चलाया गया था। बयान में कहा गया है कि एमसीडी ने अनधिकृत ढांचे का 20 मीटर हिस्सा हटा दिया, लेकिन स्थिति तब बिगड़ गई जब भारी भीड़ और महिला प्रदर्शनकारी ध्वस्तीकरण का विरोध करते हुए मौके पर एकत्रित हो गईं।



**(पृष्ठ-7 भी देखें)**

# प्रचंड ने कालापानी और लिपु दर्रा को बताया नेपाल का क्षेत्र

**काठमांडू,** (एजेंसी): नेपाल के प्रधानमंत्री पुष्प कमल दाहाल 'प्रचंड' ने मंगलवार को कहा कि उनकी सरकार इस बात पर स्पष्ट और दृढ़ है कि लिम्पियाधुरा, कालापानी और लिपु दर्रा सहित महाकाली नदी के पूर्व के सभी क्षेत्र उनके देश का हिस्सा हैं। प्रचंड ने प्रतिनिधि सभा में विनियोग विधेयक, 2081 पर चर्चा के दौरान सांसदों द्वारा पूछे गए प्रश्नों का जवाब देते हुए यह टिप्पणी की। उन्होंने याद दिलाया कि 1816 में नेपाल और ईस्ट इंडिया कंपनी सरकार के बीच हुई सुगौली संधि के अनुसार, ये क्षेत्र नेपाल के हैं और इन क्षेत्रों को शामिल करते हुए एक राजनीतिक मानचित्र भी प्रकाशित किया गया है।




# सत्येंद्र जैन की जमानत पर निर्णय हाईकोर्ट करेगा



**नई दिल्ली, (पंजाब केसरी):** उच्चतम न्यायालय ने मंगलवार को कहा कि उसे उम्मीद है कि दिल्ली उच्च न्यायालय धनशोधन के एक मामले में आम आदमी पार्टी (आप) के नेता एवं पूर्व मंत्री सत्येंद्र जैन की जमानत याचिका पर सुनवाई की अगली तारीख पर फैसला सुनाएगा। शीर्ष अदालत ने यह भी कहा कि जमानत के मामलों को अनावश्यक रूप से स्थगित नहीं किया जाना चाहिए। न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा और न्यायमूर्ति एस वी एन भट्टी की पीठ ने जैन की जमानत याचिका पर सुनवाई छह सप्ताह के लिए स्थगित करने के उच्च न्यायालय के फैसले के खिलाफ उनकी याचिका का निपटारा करते हुए यह टिप्पणी की। पीठ ने कहा, 'यह कहने की जरूरत नहीं है कि जमानत के मामलों को अनावश्यक रूप से स्थगित नहीं किया जाना चाहिए। इसलिए, हमें उम्मीद है और भरोसा है कि उच्च न्यायालय सुनवाई की अगली तारीख़ पर अपना फ़ैसला सुनाएगा।' उच्च न्यायालय ने जैन की ज़मानत याचिका पर सुनवाई नौ जुलाई को तय की है। सुनवाई के दौरान जैन की ओर पेश से वरिष्ठ अधिवक्ता अभिषेक सिंघवी ने कहा कि उन्होंने लंबे स्थगन आदेश को चुनौती दी है। सिंघवी ने कहा कि इस मामले से कानून का एक बड़ा सवाल खड़ा हुआ है कि क्या जांच एजेंसी द्वारा अधूरे आरोपपत्र दाखिल करके आरोपी के 'डिफॉल्ट' जमानत के अधिकार को खत्म किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि इसी तरह का एक मामला शीर्ष अदालत की तीन न्यायाधीशों की पीठ के समक्ष विचाराधीन है और उन्होंने अवकाशकालीन पीठ से आग्रह किया कि जैन की जमानत याचिका को भी इसके साथ संलग्न कर दिया जाए।

# नीट एक्सपर्ट कमेटी एक्शन में



**नई दिल्ली, (पंजाब केसरी):** प्रवेश परीक्षाओं के सिस्टम को दुरुस्त करने के लिए केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय द्वारा एक एक्सपर्ट कमेटी गठित की गई है। दिल्ली में इस कमेटी की मंगलवार को पहली मीटिंग हुई। कमेटी का गठन हाल ही में नीट व यूजीसी जैसी परीक्षाओं में आई अनियमितताओं के बाद किया गया है। इस एक्सपर्ट कमेटी का उद्देश्य प्रवेश परीक्षाओं के लिए एक बेहतर सिस्टम तैयार करना है। यह कमेटी परीक्षा प्रक्रिया के तंत्र में सुधार, डेटा सुरक्षा प्रोटोकॉल में सुधार और एनटीए की संरचना व कार्यप्रणाली पर सिफारिशें करेगी। यह कमेटी इसरो के पूर्व अध्यक्ष डॉ. के. राधाकृष्णन की अध्यक्षता में काम कर रही है। डॉ. के. राधाकृष्णन ने कहा कि हमारे लिए पहली चुनौती यह है कि अगले 15 दिनों में अधिक से अधिक छात्रों व उनके अभिभावकों को इस प्रक्रिया में शामिल करें। इससे यह मालूम हो सकेगा एग्जामिनेशन सिस्टम को कैसे दुरुस्त किया जाए। उन्होंने कहा कि एक ऐसे सिस्टम को डेवलप करने की कोशिश है जो पूरी तरीके से टेंपर प्रूफ हो। हमारी कोशिश एक ऐसे रॉबस्ट सिस्टम को भी डेवलप करने की है जिसमें किसी भी प्रकार की त्रुटि की संभावना न हो।


भारतीय रिज़र्व बैंक
RESERVE BANK OF INDIA
www.rbi.org.in

**भारत सरकार 28 जून 2024 को ₹31,000 करोड़ के लिए प्रतिभूतियों की बिक्री की घोषणा**

भारत सरकार ने दो दिनांकित प्रतिभूतियों की बिक्री (पुनर्निर्गम) की घोषणा की है :

| क्र. सं. | प्रतिभूतियों के नाम | अधिसूचित राशि सांकेतिक (₹ करोड़ में) | खुदरा निवेशकों के लिए निर्धारित* (₹ करोड़ में) |
|---|---|---|---|
| 1. | 7.10% सरकारी प्रतिभूति 2034 | 20,000 | 1,000 |
| 2. | 7.34% सरकारी प्रतिभूति 2064 | 11,000 | 550 |

भारत सरकार के पास उपरोक्त प्रत्येक प्रतिभूतियों में **₹2,000 करोड़** की सीमा तक, अतिरिक्त अभिदान बनाए रखने का विकल्प होगा।

यह बिक्री इस अधिसूचना में उल्लिखित नियमों और शर्तों के अधीन होगी। (जिसे 'विशिष्ट अधिसूचना') कहा गया है। यह नीलामी भारतीय रिज़र्व बैंक, मुंबई कार्यालय, फोर्ट, मुंबई - 400001 में, भारत सरकार द्वारा 27 मार्च 2018 को जारी सामान्य अधिसूचना एफ.स.4(2) - डब्लू एंड एम/2018 में निर्दिष्ट नियम और शर्तों के अनुसार आयोजित की जाएगी।

ये नीलामिया **विविध मूल्य पद्धति** का प्रयोग करके भारतीय रिजर्व बैंक, मुंबई कार्यालय, फोर्ट, मुंबई द्वारा **28 जून 2024 (शुक्रवार)** को आयोजित की जाएंगी। इन नीलामियों के परिणाम उसी दिन घोषित किए जाएंगे और सफल बोलीकर्ताओं को **01 जुलाई 2024 (सोमवार)** को भुगतान करना होगा।

कृपया विस्तृत विवरण के लिए भारतीय रिज़र्व बैंक की वेबसाइट **(www.rbi.org.in)** पर **24 जून 2024** की भारतीय रिजर्व बैंक की प्रेस प्रकाशनी देखें।

**खुदरा निवेशक ध्यान दें***

**(*भविष्य निधियां, न्यास, क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक, सहकारी बैंक, गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियां, कंपनियां, हिंदू अविभक्त परिवार तथा अलग-अलग व्यक्ति)**

खुदरा निवेशक किसी बैंक अथवा प्राथमिक व्यापारी के माध्यम से उनके लिए निर्धारित राशि हेतु गैर-प्रतिस्पर्धी आधार पर नीलामियों में हिस्सा ले सकते हैं। व्यक्तिगत निवेशक भी रिटेल डायरेक्ट पोर्टल **(https://rbiretaildirect.org.in)** के माध्यम से गैर-प्रतिस्पर्धी योजना के अनुसार बोली लगा सकते हैं। अधिक जानकारी, प्राथमिक व्यापारियों/बैंक शाखाओं की विस्तृत सूची और टेलीफोन नंबरों तथा आवेदन फॉर्मों के लिए रिज़र्व बैंक की वेबसाइट **(www.rbi.org.in)** या फिम्डा की वेबसाइट **(www.fimmda.org)** देखें।

**सरकारी प्रतिभूतियां सुरक्षा, चलनिधि तथा दीर्घ अवधि के लिए आकर्षक प्रतिफल प्रदान करती हैं।**

"पैसे का वादा करने वाले ई-मेल/एसएमएस/टेलीफोन द्वारा धोखा न खाएं"


## म.प्र. में सभी मंत्री भरेंगे इनकम टैक्स

**भोपाल, (पंजाब केसरी):** मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने 52 साल बाद एक ऐतिहासिक फैसला लिया है। अभी मध्य प्रदेश में मुख्यमंत्री और मंत्रियों का इनकम टैक्स सरकार भरती थी। इस पर करोड़ों रुपए का खर्च आता था।

52 साल से चली आ रही इस परंपरा को सीएम मोहन यादव ने पलट दिया है। कैबिनेट में इसकी मंजूरी मिल गई है। सीएम मोहन यादव ने जानकारी देते हुए बताया है कि मुख्यमंत्री और मंत्री अब खुद ही अपना इनकम टैक्स भरेंगे। साल 1972 में मंत्रियों का इनकम टैक्स सरकार द्वारा भरने का नियम बना था। अब 52 साल बाद मोहन सरकार ने इसको बदल दिया है। आज कैबिनेट में सभी मंत्रियों की सहमति से यह फैसला लिया है।

## ओवैसी ने बोला जय फिलिस्तीन तो भाजपा सांसद बोले हिन्दू राष्ट्र की जय



**नई दिल्ली, (पंजाब केसरी):** 18वीं लोकसभा के पहले सत्र का में हैदराबाद से सांसद असदुद्दीन ओवैसी ने संसद पद की शपथ के बाद जय फिलिस्तीन का नारा लगाया। राहुल गांधी ने जय हिन्द, जय संविधान कहा। वहीं, बरेली से भाजपा सांसद छत्रपाल गंगवार ने हिन्दू राष्ट्र की जय का नारा लगाया। असदुद्दीन ओवैसी द्वारा लोकसभा में संसद सदस्यता की शपथ लेने के बाद लगाए गए 'जय फिलिस्तीन' के नारे पर प्रतिक्रिया देते हुए केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा है कि भारत के सदन के अंदर किसी और देश का जयकार करना सही नहीं है। किरेन रिजिजू ने कहा कि उन्हें बताया गया है कि एक सदस्य (असदुद्दीन ओवैसी) ने शपथ लेने के बाद 'जय फिलिस्तीन' का नारा लगाया। वह नियमों के मुताबिक इस पर चेयर से बात करेंगे कि इस पर क्या करना चाहिए। हम किसी देश का विरोध नहीं करते, किसी देश से हमारी दुश्मनी नहीं है। लेकिन, भारत के सदन के अंदर किसी और देश के जयकार करने को वे सही नहीं मानते हैं, लेकिन इस पर नियमों के मुताबिक आगे कदम उठाया जाएगा। दरअसल, एआईएमआईएम मुखिया असदुद्दीन ओवैसी ने मंगलवार को संसद सदस्यता की शपथ लेने के बाद सदन में 'जय भीम, जय मीम, जय तेलंगाना' और सबसे आखिर में 'जय फिलिस्तीन' का नारा लगाया।

# यूपी में पर्चा लीक कराने वाले को ताउम्र जेल

**लखनऊ, (पंजाब केसरी):** राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट) प्रश्न पत्र लीक को लेकर छिड़े विवाद के बीच उत्तर प्रदेश सरकार ने सार्वजनिक परीक्षाओं के प्रश्नपत्र लीक कराने और परीक्षा में अनुचित साधनों के इस्तेमाल पर लगाम लगाने के लिये मंगलवार को एक अध्यादेश के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी। वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में आयोजित राज्य मंत्रिमंडल की बैठक में लिये गये इस अहम फैसले की जानकारी देते हुए बताया कि प्रश्न पत्र लीक के संबंध में मंत्रिमंडल ने एक अध्यादेश के प्रस्ताव को मंजूरी दी है। इस प्रस्ताव के तहत प्रश्न पत्र लीक करने के मामले में पकड़े जाने वाले लोगों को दो वर्ष से लेकर आजीवन कारावास तक की कैद और एक करोड़ रुपए तक के जुर्माने की सजा का प्रावधान किया गया है। खन्ना ने बताया कि अध्यादेश के दायरे में लोकसेवा आयोग, उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन बोर्ड, उत्तर प्रदेश बोर्ड, विश्वविद्यालय, प्राधिकरण या निकाय या उनके द्वारा नामित संस्थाएं भी शामिल हैं। यह अध्यादेश किसी प्रकार की भर्ती परीक्षाओं, नियमितीकरण या पदोन्नती करने वाली परीक्षाएं, डिग्री-डिप्लोमा, प्रमाण पत्रों या शैक्षणिक प्रमाण पत्रों के लिए होने वाली प्रवेश परीक्षाओं पर भी लागू होगा।

## लेखिका शकुन्तला मल्होत्रा का निधन

**नजीबाबाद :** गृह विज्ञान की विख्यात शिक्षिका श्रीमती शकुन्तला मल्होत्रा का आज यहां निधन हो गया। वह 84 वर्ष की थी। गृह विज्ञान में उनकी लिखी पुस्तकें उत्तर प्रदेश के स्कूलों में पढ़ाई जाती हैं। वह वरिष्ठ पत्रकार राकेश कपूर की बड़ी बहन थीं।

## पुणे पोर्श कार दुर्घटना का गुनहगार जेल से रिहा



**मुंबई, (पंजाब केसरी):** बंबई उच्च न्यायालय ने मंगलवार को आदेश दिया कि पिछले महीने पुणे में पोर्श कार दुर्घटना में शामिल 17 वर्षीय आरोपी को सुधार गृह से तुरंत छोड़ दिया जाए। आरोपी लड़के को महाराष्ट्र के पुणे शहर में एक निगरानी गृह में रखा गया था और कोर्ट के आदेश के बाद उसे रिहा कर दिया गया। पुलिस का कहना है कि 19 मई की सुबह शराब के नशे में कार चला रहे किशोर ने एक दोपहिया वाहन को टक्कर मार दी थी, जिससे दो आईटी पेशेवरों की मौत हो गई थी। न्यायमूर्ति भारती डांगरे और न्यायमूर्ति मंजूषा देशपांडे की खंडपीठ ने किशोर न्याय बोर्ड (जेजेबी) द्वारा नाबालिग को निगरानी गृह भेजने के आदेश को रद्द कर दिया। पीठ ने याचिका को स्वीकार करते हुए लड़के को छोड़ने का आदेश दिया और कहा कि नाबालिग आरोपी याचिकाकर्ता (चाची) की देखरेख में रहेगा। पीठ ने कहा कि जेजेबी के रिमांड आदेश अवैध थे और अधिकार क्षेत्र के बिना पारित किए गए थे। अदालत ने कहा कि दुर्घटना के बाद लोगों की प्रतिक्रिया और सार्वजनिक आक्रोश के बीच आरोपी की उम्र पर विचार नहीं किया गया।






## लंदन जाने वाले एयर इंडिया के विमान में बम की धमकी

**कोच्चि, (पंजाब केसरी):** लंदन जाने वाले एअर इंडिया के एक विमान में सोमवार देर रात को बम रखे होने की धमकी मिली लेकिन तलाशी के बाद यह फर्जी निकली। इसके बाद मुंबई के कॉल सेंटर पर धमकी भरा फोन करने वाले व्यक्ति की पहचान करने के प्रयास किए गए। जांच में खुलासा हुआ कि मलप्पुरम जिले के कोंडोट्टी निवासी सुहैब (29) ने यह फोन किया था जिसे एआई 149 उड़ान से लंदन जाना था। कोचीन हवाई अड्डे के अंतरराष्ट्रीय गंतव्य टर्मिनल पर प्रवेश के दौरान एएसजी ने सुहैब, उसकी पत्नी तथा बेटी को रोक लिया। कोचीन अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के प्रवक्ता ने बताया कि सुरक्षा कर्मियों ने विमान की गहन तलाशी ली और कोई खतरा नहीं पाया जिसके बाद विमान को उड़ान भरने की अनुमति दी गयी।

## कश्मीर बार एसोसिएशन का पूर्व अध्यक्ष हत्या मामले में गिरफ्तार

**श्रीनगर, (पंजाब केसरी):** कश्मीर बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष मियां कयूम को एक वकील की 2020 में हुई हत्या के सिलसिले में मंगलवार को गिरफ्तार कर लिया गया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। बाबर कादरी की सितंबर 2020 में शहर के हवाल इलाके में उनके आवास पर गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। वह एक टेलीविजन समाचार चैनल के पैनल में भी शामिल थे।एक अधिकारी ने यहां कहा, ''कादरी की हत्या के सिलसिले में कश्मीर बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष अधिवक्ता मियां कयूम को गिरफ्तार किया गया है।''उन्होंने कहा, ''मामले की जांच के दौरान पता चला कि कयूम मामले के मुख्य षडयंत्रकर्ता थे और कादरी की हत्या में उनका हाथ था।''

## जम्मू से वैष्णो देवी मंदिर तक हेलीकॉप्टर सेवा शुरू

**कटरा/जम्मू, (पंजाब केसरी): जम्मू से माता वैष्णो देवी मंदिर तक मंगलवार को सीधी हेलीकॉप्टर सेवा शुरू हो गई जिससे समय की कमी के कारण एक दिन के भीतर ही इस पवित्र मंदिर में दर्शन की इच्छा रखने वाले तीर्थयात्रियों को काफी सुविधा होगी। यह जानकारी अधिकारियों ने दी। यह हेलीकॉप्टर सेवा रियासी जिले में त्रिकुटा पहाड़ियों पर स्थित प्रसिद्ध मंदिर में जाने वाले तीर्थयात्रियों के लिए आधार शिविर और मंदिर के पास सांझी छत के बीच पहले से ही उपलब्ध हेलीकॉप्टर सेवा के अतिरिक्त है, जिनका एक तरफ का किराया 2,100 रुपये प्रति व्यक्ति है। जम्मू से इस सेवा का विकल्प चुनने वाले तीर्थयात्रियों के पास दो पैकेज के विकल्प उपलब्ध होंगे। इसमें उसी दिन वापसी के लिए प्रति यात्री 35,000 रुपये और अगले दिन वापसी के लिए प्रति व्यक्ति 60,000 रुपये लगेंगे।**

## टेलीकॉम कंपनियां स्पैम कॉल और मैसेज रोकें

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी): मोबाइल फोन पर स्पैम कॉल और मैसेज रोकने के लिए सरकार की ओर से टेलीकॉम सेवा प्रदाताओं को नए निर्देश जारी किए गए हैं। टेलीकॉम रेगुलेटरी अथॉरिटी ऑफ इंडिया (ट्राई) की ओर से टेलीकॉम सेवा प्रदाता कंपनियों को अपने मोबाइल ऐप और वेब पोर्टल को अधिक यूजर फ्रेंडली बनाने को कहा गया है जिससे अनचाही कमर्शियल कम्युनिकेशन (यूसीसी) की आसानी से शिकायत दर्ज कराई जा सके। ट्राई के दिए निर्देश के अनुसार अब टेलीकॉम ऑपरेटरों को अपने मोबाइल एप्लीकेशन और वेबसाइट में यूसीसी की शिकायत दर्ज कराने का विकल्प देना होगा।

## राम मंदिर भवन निर्माण समिति ने गर्भगृह में बारिश का पानी भरने के आरोप नकारे

**अयोध्या,** (पंजाब केसरी) : उत्तर प्रदेश के अयोध्या में श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट की भवन निर्माण समिति के अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्रा ने मंदिर के गर्भगृह में बारिश का पानी भरने के आरोपों को सिरे से नकारते हुए कहा कि मंदिर निर्माण कार्य की गुणवत्ता में कोई भी कमी नहीं है। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट राम मंदिर का निर्माण करा रहा है। राम जन्मभूमि मंदिर के मुख्य पुजारी आचार्य सत्येंद्र दास ने आरोप लगाया था कि शनिवार आधी रात को हुई बारिश के कारण गर्भगृह में मंदिर की छत से तेजी से पानी टपक रहा था और रविवार सुबह फर्श पर पानी भरा हुआ था। मिश्रा ने कहा कि अखबारों में प्रकाशित आरोप गलत हैं।



नई दिल्ली में मंगलवार को संसद सत्र के दूसरे दिन लोकसभा सदस्य के रूप में भाजपा सांसद ओम बिरला, हेमा मालिनी, संबित पात्रा, कांग्रेस सांसद राहुल गांधी, शिरोमणि अकाली दल सांसद हरसिमरत कौर बादल समाजवादी पार्टी से सांसद इकरा हसन जबकि नीचे (चित्र में) टीएमसी सांसद महुआ मोइत्रा, सांसद प्रणिति सुशील कुमार शिंदे, एनसीपी सांसद सुप्रिया सुले, डीएमके सांसद कनिमोझी करुणानिधि, सपा सांसद जितेन्द्र कुमार, आजाद समाज पार्टी से सांसद चंद्रशेखर आजाद शपथ लेते हुए।

# जय संविधान व जय श्री राम से गूंजा सदन

## संसद सत्र के दूसरे दिन राहुल, अखिलेश, बिरला समेत कई सदस्यों ने ली शपथ

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी): लोकसभा में नवनिर्वाचित सदस्यों के शपथ ग्रहण के दौरान विपक्ष पूरी तरह से संविधान की पिच पर डटा रहा। कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने हाथ में संविधान की प्रति लेकर शपथ ली और शपथ लेने के बाद जय हिंद, जय संविधान का उद्घोष किया।

इंडी गठबंधन के ज्यादातर सांसदों ने संविधान की प्रति हाथ में ली हुई थी और उन्होंने भी जय संविधान का उद्घोष किया। वहीं ओडिशा के सांसदों ने जब शपथ ली तब सभी ने जय जगन्नाथ के नारे लगाए और जब शपथ के लिए अरुण गोविल का नाम पुकारा गया तो सत्तापक्ष के कुछ सदस्यों ने 'जय श्री राम' का नारा लगाया।

गोविल ने टेलीविजन के मशहूर धारावाहिक 'रामायण' में भगवान राम की भूमिका निभाई थी। फैजाबाद से सपा सांसद के शपथ लेते वक्त विपक्षी सांसदों ने जय श्री राम का उद्घोष किया। मथुरा से बीजेपी सांसद हेमा मालिनी ने शपथ से पहले 'राधे-राधे' का उद्घोष किया। सत्र के दूसरे दिन मंगलवार को ओम बिरला, राहुल गांधी, अखिलेश यादव, सुप्रिया सुले, सुदीप बंदोपाध्याय, अभिषेक बनर्जी, असदुद्दीन ओवैसी और संबित पात्रा समेत अनेक नवनिर्वाचित सदस्यों ने निचले सदन की सदस्यता की शपथ ली। कांग्रेस सदस्य राहुल गांधी ने अंग्रेजी में शपथ ली। शपथ के वक्त उनके हाथ में संविधान की प्रति थी। उन्होंने शपथ लेने के बाद पोडियम से 'जय हिंद, जय संविधान' के नारे लगाये। वहीं समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने भी लोकसभा की सदस्यता की शपथ ली। उत्तर प्रदेश के कन्नौज से निचले सदन के लिए निर्वाचित यादव ने भी शपथ के वक्त अपने हाथ में संविधान की प्रति ले रखी थी। अखिलेश यादव के अलावा उनकी पत्नी एवं मैनपुरी की नवनिर्वाचित सदस्य डिंपल यादव ने भी शपथ ली। पंजाब की खडूर साहिब सीट से निर्वाचित कथित खालिस्तान समर्थक अमृतपाल सिंह शपथ नहीं ले सके। महाराष्ट्र से भाजपा नेता नारायण राणे, शिवसेना (यूबीटी) के सांसद अरविंद सावंत और शिवसेना सदस्य श्रीकांत शिंदे ने भी शपथ ली।





लोकसभा में कांग्रेस सांसद राहुल गांधी से हाथ मिलाते सपा सांसद अखिलेश यादव जबकि दूसरे चित्र में ऊंट पर बैठकर संसद पहुंचे राजस्थान के बांसवाड़ा से भारत आदिवासी पार्टी के सांसद राजकुमार रोत।

### अमृतपाल सिंह, राशिद इंजीनियर नहीं ले पाए शपथ

कट्टरपंथी उपदेशक और खडूर साहिब लोकसभा सीट से निर्वाचित अमृतपाल सिंह और बारामुला से निर्वाचित सांसद राशिद इंजीनियर संसद सदस्य के रूप में शपथ नहीं ले सके क्योंकि वह रासुका के तहत असम की जेल में बंद हैं। पंजाब से निर्वाचित 12 अन्य सांसदों को संसद में शपथ दिलाई गई। पंजाब में 13 लोकसभा क्षेत्र हैं। संसद में कांग्रेस नेता गुरजीत सिंह औजला के शपथ लेने के बाद सिंह का नाम पुकारा गया, लेकिन वह उपस्थित नहीं थे। बारामूला लोकसभा सीट से निर्वाचित इंजीनियर राशिद सोमवार को सांसद के रूप में शपथ नहीं ले सके क्योंकि वह गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम (यूएपीए) के तहत दर्ज एक मामले में दिल्ली की तिहाड़ जेल में बंद हैं।






## पीएम के 'अघोषित आपातकाल' ने लोकतंत्र को आघात पहुंचाया : खड़गे

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी): कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने आपातकाल के संदर्भ में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा की गई टिप्पणी को लेकर उन पर पलटवार करते हुए मंगलवार को आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री अपनी कमियां छिपाने के लिए अतीत को कुदरते रहते हैं, जबकि उनके शासनकाल में 10 साल के 'अघोषित आपातकाल' ने लोकतंत्र एवं संविधान को गहरा आघात पहुंचाया है। कांग्रेस ने हमेशा लोकतंत्र और संविधान का साथ दिया है और आगे भी देती रहेगी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि जिन लोगों ने आपातकाल लागू कर बुनियादी स्वतंत्रताओं को नष्ट किया और भारत के संविधान को कुचला, उन्हें संविधान के प्रति प्रेम जाहिर करने का कोई अधिकार नहीं है। खड़गे ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, "नरेन्द्र मोदी जी, देश भविष्य की ओर देख रहा है, आप अपनी कमियां छिपाने के लिए अतीत को ही कुरेदते रहते हैं।

# कांग्रेस ने कई बार संविधान को कुचला



**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी): भाजपा के वरिष्ठ नेता और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने देश में आपातकाल लगाने के लिए मंगलवार को कांग्रेस पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि विपक्षी दल ने 'एक खास परिवार को सत्ता में बनाए रखने' के लिए संविधान की भावना को कई बार कुचला।

साल 1975 में देश में लगाए गए आपातकाल के 49 साल पूरे होने के मौके पर शाह ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए उन्हें पार्टी का 'युवराज' करार दिया और कहा कि वह भूल गए हैं कि उनकी दादी इंदिरा गांधी ने आपातकाल लगाया था और उनके पिता राजीव गांधी ने संसद में 23 जुलाई 1985 को कहा था कि आपातकाल में कुछ भी गलत नहीं था। कहा, एक खास परिवार को सत्ता में बनाए रखने के लिये कांग्रेस ने हमारे संविधान की भावना को कई बार कुचला। इंदिरा गांधी ने आपातकाल के दौरान भारत के लोगों पर निर्मम अत्याचार किए। राजीव गांधी ने तो यहां तक कहा था, अगर इस देश का कोई प्रधानमंत्री जो यह महसूस करता है कि इन परिस्थितियों में आपातकाल जरूरी है और फिर वह आपातकाल लागू नहीं करता है, तो वह इस देश का प्रधानमंत्री बनने के योग्य नहीं है।

### आपातकाल लोकतंत्र का काला अध्याय है



रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी द्वारा 1975 में लगाया गया आपातकाल भारतीय लोकतंत्र में एक काला अध्याय है, जिसे चाह कर भी भुलाया नहीं जा सकता। सिंह ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, सत्ता के दुरुपयोग और तानाशाही का जिस तरह खुला खेल उस दौरान खेला गया, वह कई राजनीतिक दलों की लोकतंत्र के प्रति प्रतिबद्धता पर बहुत बड़ा सवालिया निशान खड़ा करता है। उन्होंने कहा कि यदि आज इस देश में लोकतंत्र जीवित है तो उसका श्रेय उन लोगों को जाता है जिन्होंने लोकतंत्र की बहाली के लिए संघर्ष किया, जेल गये और न जाने कितनी शारीरिक और मानसिक यातना से उन्हें गुज़रना पड़ा। भारत की आने वाली पीढ़ियां उनके संघर्ष और लोकतंत्र की रक्षा के लिए उनके योगदान को याद रखेंगी। भाजपा ने कांग्रेस की तीखी आलोचना ऐसे समय की है जब विपक्षी दल प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार पर संविधान के खिलाफ काम करने का आरोप लगा रहे हैं। 18वीं लोकसभा का पहला सत्र सोमवार को शुरू होने पर कांग्रेस और अन्य विपक्षी सदस्य संसद में संविधान की प्रतियां लेकर गए थे।






# कितना अहम है लोकसभा अध्यक्ष पद, क्यों आई चुनाव की नौबत ?

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी): 18वीं लोकसभा का पहला सत्र सोमवार को शुरू हुआ। इसके साथ ही लोकसभा के नए अध्यक्ष को लेकर चर्चाएं और आम सहमति बनाने का दौर शुरू हो गया। सत्ता पक्ष ने लोकसभा अध्यक्ष पद के लिए ओम बिरला का नाम चुना है। सरकार ने इस पर आमसहमति बनाने की कोशिश की लेकिन उसे सफलता नहीं मिली। विपक्ष उपाध्यक्ष पद की मांग कर रहा था। सरकार ने इस मांग को ठुकरा दिया। अब लोकसभा अध्यक्ष का चुनाव कराया जाएगा। लोकसभा अध्यक्ष का चुनाव संविधान के अनुच्छेद-93 के तहत किया जाता है। लोकसभा का अध्यक्ष और उपाध्यक्ष का चुनाव सांसद अपने बीच में से ही करते हैं।

आमतौर पर लोकसभा अध्यक्ष का पद सत्ता पक्ष और उपाध्यक्ष का पद विपक्ष को देने की परंपरा रही है। लेकिन पिछले दो बार से ऐसा नहीं हो पा रहा है। 16वीं और 17वीं लोकसभा में बीजेपी के पास पूर्ण बहुमत था। 16वीं लोकसभा में बीजेपी की सुमित्रा महाजन को अध्यक्ष चुना गया था। वहीं एआईएडीएमके के एम थंबीदुरई को उपाध्यक् बनाया गया था। वहीं 17वीं लोकसभा में ओम बिरला को अध्यक्ष चुना गया था। इस लोकसभा में उपाध्यक्ष का चुनाव नहीं हुआ था। कई बार ऐसे मौके भी आए हैं जब सत्ताधारी गठबंधन के किसी छोटे दल के सदस्य को भी लोकसभा अध्यक्ष चुना गया हो। इसमें 12वीं लोकसभा के अध्यक्ष टीडीपी के जीएमसी बालयोगी और 14वीं लोकसभा के अध्यक्ष सीपीएम नेता सोमनाथ चटर्जी का नाम प्रमुख है। 15वीं लोकसभा की अध्यक्ष मीरा कुमार लोकसभा अध्यक्ष के पद पर बैठने वाली पहली महिला थीं। संविधान का अनुच्छेद 94 सदन को लोकसभा अध्यक्ष को पद से हटाने का अधिकार देता है।

लोकसभा अध्यक्ष को 14 दिन का नोटिस देकर प्रभावी बहुमत से पारित प्रस्ताव के जरिए उनके पद से हटाया जा सकता है। प्रभावी बहुमत का मतलब उस दिन लोकसभा में 50 फीसदी से अधिक सदस्य सांसद मौजूद होते हैं। लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम की धारा 7 और 8 के जरिए भी लोकसभा अध्यक्ष को हटाया जा सकता है।





नई दिल्ली में मंगलवार को लोकसभा स्पीकर के लिए नामांकन दाखिल करते भाजपा सांसद ओम बिरला जबकि दूसरे चित्र में इंडिया गठबंधन से नामांकन दाखिल करते कांग्रेस सांसद के. सुरेश।



# { पानी पर जंग }





# पांचवें दिन बिगड़ी जल मंत्री की तबीयत, अनशन खत्म



**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी) : दिल्लीवालों को उनके हक का पानी दिलाने के लिए बीते 5 दिनों से अनिश्चितकालीन पानी सत्याग्रह पर बैठी जल मंत्री आतिशी की तबीयत बिगड़ गई है। उन्हें लोक नायक अस्पताल के आईसीयू में भर्ती कराया गया है और अनशन पर विराम लग गया है। आप के वरिष्ठ नेता एवं सांसद संजय सिंह ने कहा कि उनका ब्लड शुगर लेवल गिरकर 36 पर आ गया है। डॉक्टरों द्वारा उनकी जान को खतरा बताने पर हम उन्हें रात को ही लोक नायक अस्पताल लेकर आए। उन्हें आईसीयू में रखा गया है। हम सभी उनके जल्द स्वस्थ होने की कामना करते हैं। उन्होंने कहा कि पिछले 3 सप्ताह से हरियाणा की भाजपा सरकार दिल्ली के हक का 100 एमजीडी नहीं दे रही है, जिससे 28 लाख लोगों को पानी नहीं मिल पा रहा है। आतिशी ने दिल्ली को उनके हक का पानी दिलाने के लिए तमाम प्रयास किए, लेकिन कोई हल नहीं निकला। इसलिए मजबूर होकर पिछले 5 दिनों से वो भूख हड़ताल पर थीं। हम प्रधानमंत्री को पत्र भी लिख रहे हैं और संसद में भी पानी का मुद्दा उठाएंगे। एलजी साहब ने हरियाणा के सीएम से बात की है। संयज सिंह ने कहा कि हम संसद में भी विपक्ष के साथ जल संकट को लेकर आवाज उठाएंगे।

## जल मंत्री केवल समझौते के तहत निर्धारित पानी मांग रही हैं : संजय सिंह

**संजय** सिंह ने कहा कि जल मंत्री आतिशी 5 दिनों से अनिश्चितकालीन अनशन पर बैठी थीं। उनकी एक ही मांग थी कि दिल्ली को उसके हक का पानी मिलना चाहिए। हरियाणा की सरकार से हमारे समझौते के तहत दिल्ली को 613 एमजीडी पानी मिलना चाहिए। लोकसभा चुनाव के परिणाम आने के बाद, पिछले 3 हफ्ते से लगातार दिल्ली को 100 एमजीडी पानी कम दिया जा रहा है। हरियाणा सरकार और दिल्ली के एलजी से बात की। साथ ही, प्रधानमंत्री को भी पत्र लिखकर अनुरोध किया, बावजूद इसके पानी नहीं मिला। संजय सिंह ने कहा कि जब 1994 में दिल्ली के पानी का कोटा निर्धारित हुआ था, तब दिल्ली की आबादी लगभग 1.15 करोड़ से आस-पास थी। आज यह बढ़कर 3 करोड़ से ज्यादा हो गई है लेकिन आज भी दिल्ली के पानी का कोटा 1005 एमजीडी ही है। मुझे भाजपा और प्रधानमंत्री कोई ऐसा तरीका बता दें, जिससे पानी बनाया जा सके।



# आतिशी स्वस्थ रहें, लेकिन जनता को गुमराह करना छोड़ दें : सचदेवा



**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी): प्रदेश भाजपा अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने कहा कि हम चाहते हैं कि मंत्री आतिशी स्वस्थ रहें, खुश रहें, बस जनता को गुमराह करना छोड़ दें। उन्होंने कहा है कि हम तो 21 जून से कह रहे थे कि सत्याग्रह उनके बस की बात नहीं क्योंकि सत्य से उनका कोई रिश्ता नहीं। सत्याग्रह की मूल भावना होती है, सत्य के लिए लड़ना। उन्होंने कहा कि महात्मा गांधी एवं लाला लाजपत राय से लेकर विनोबा भावे एवं अन्ना हजारे तक सत्याग्रही सत्य को उजागर करने के लिए अनशन करते थे, न की अपनी प्रशासनिक नाकामियों को छिपाने के लिए जैसा आतिशी ने करना चाहा था।



## यूजीआर के लिए जल बोर्ड सीईओ को लिखा सांसद ने पत्र



**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी): दिल्ली में लगातार हो रही पानी की किल्लतों से दिल्ली की जनता परेशान है और इसी परेशानी को दूर करने के लिए मंगलवार को उत्तर पश्चिमी दिल्ली से सांसद योगेन्द्र चंदोलिया ने दिल्ली जल बोर्ड के अधिकारियों के साथ सांसद कार्यालय में एक बैठक कर पूरे मुद्दे पर चर्चा की और पानी की समस्याओं को दूर करने के लिए जरुरी कदम उठाने का निर्देश दिया। चंदोलिया ने किराड़ी में यूजीआर के लिए दिल्ली जल बोर्ड के सीईओ को पत्र लिखकर इस बात की मांग की है कि वह तुरंत डीडीए से बात करें और जमीन लेकर रिजरवाइर उसका काम शुरू करें। सांसद ने बैठक में सभी अधिकारियों को निर्देश दिया कि क्षेत्र में पानी की कमियों को तुरंत पता लगाकर उसका समाधान करने का काम करें ताकि क्षेत्रवासियों को पानी मिलने में किसी भी प्रकार की समस्या न हो। उन्होंने कहा कि पाइप लाइन की लीकेज, टैंकर माफियाओं पर लगाम लगाने के साथ ही इस बात को भी सुनिश्चित किया जाए कि हर किसी को समय पर पानी मिल सके। चंदोलिया ने जानकारी देते हुए कहा कि एक यूजीआर के पास 68 टैंकर हैं जिसमें से 34 टैंकर जल बोर्ड के और 34 टैंकर प्राइवेट हैं।

# दूसरों के बारे में गंदी बातें बोलकर नहीं, सच्चे व पवित्र मन से किया जाता है सत्याग्रह : मालीवाल



**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी): आम आदमी पार्टी (आप) की राज्यसभा सांसद व दिल्ली महिला आयोग (डीसीडब्ल्यू) की पूर्व अध्यक्ष ने अब पूरी तरह से अपनी पार्टी के खिलाफ बगावती रुख अख्तियार कर लिया है। जलमंत्री व आप की वरिष्ठ नेता आतिशी का अनशन खत्म होने पर स्वाति मालीवाल ने उन जोरदार तरीके से तंज कसा। मालीवाल ने जलमंत्री की नियत पर सवाल खड़ा करते हुए कहा कि सत्याग्रह हमेशा पवित्र मन से किया जाता है। अनशन बीच में टूटने पर तंज कसते हुए मालीवाल ने कहा कि झूठी और गंदी बातें करने से अनशन की शक्ति नहीं मिलती है। स्वाति ने मालीवाल ने कहा कि आतिशी जी 'गांधी जी ने अनशन की पवित्र विधि को सत्याग्रह का नाम दिया था,सत्याग्रह हमेशा सच्चे और पवित्र मन से किया जाता है। उन्होंने आगे कहा कि मैंने दो बार अनशन किया। एक बार 10 दिन और एक बार 13 दिन। मेरे अनशन के बाद देश में बच्चों के बलात्कारियों को फांसी की सजा हो, ऐसा क़ानून भी बना। मालीवाल ने अपनी बात आगे बढ़ाते हुए कहा कि संघर्ष की राह बहुत मुश्किल होती है। कई साल जमीन पर संघर्ष करके ही अनशन करने की शक्ति हासिल होती है। दूसरों के बारे में पूरा दिन झूठी और गंदी बातें बोलके नहीं। खैर, आशा है जल्द आतिशी जी का स्वास्थ्य ठीक होगा और वो दिल्ली के लोगों के लिए काम करेंगी। यहां बता दें कि 13 मई को मारपीट की कथित घटना के बाद से स्वाति मालीवाल अपनी ही पार्टी के खिलाफ हमलावर हैं।

# सरकारों ने दिल्लीवासियों को बारिश भरोसे छोड़ा : कांग्रेस



**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी) : दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेन्द्र यादव ने कहा कि भाजपा और आम आदमी पार्टी ने पानी के लिए तरस रही दिल्ली को पूरी तरह बारिश के भरोसे छोड़ दिया है। दिल्ली और केन्द्र सरकार दिल्ली की जनता को राहत देने की बजाय एक दूसरे पर आरोप प्रत्यारोप की राजनीति कर रहे हैं, जो दिल्ली के भविष्य के लिए चिंताजनक है। उन्होंने कहा कि दिल्ली कांग्रेस पिछले डेढ़ महीने से दिल्ली में पानी की भारी कमी के लिए लगातार संघर्ष कर रही है परंतु भाजपा ने आज तक हरियाणा से दिल्लीवालों के लिए पानी छोड़ने की कार्यवाही नहीं की है। उन्होंने कहा कि दिल्ली के गरीब आदमी के घर का बजट बिगड़ गया है, पीने के पानी के लिए गरीब आदमी को प्रतिदिन 100 रुपये तक खर्च करने पड़ रहे हैं जबकि केजरीवाल सरकार 10 वर्षों से मुफ्त पानी देने की खोखली बयानबाजी कर रही है।

देवेन्द्र यादव ने कहा कि धरने पर बैठी केजरीवाल सरकार की दिल्ली कैबिनेट के पास इस बात का जवाब नहीं है कि जब दिल्ली भारी जल संकट से जूझ रही है तब टैंकर माफिया कहां से दिल्ली के लोगों तक पैसे के बलबूते पानी बेच रहा है।

उन्होंने कहा कि जब हर वर्ष गर्मी में पानी की मांग बढ़ती है तो क्यों सरकार ने अप्रैल में दिल्लीवालों के लिए पानी के उत्पादन में बढ़ोत्तरी के लिए नजदीकी राज्यों को लिखा, क्यों मई के अंतिम सप्ताह में सरकार ने हरियाणा द्वारा पानी छोड़ने की दुहाई दी। कहीं झूठी सहानूभूति के लिए तो सत्याग्रह और कैंडल मार्च जैसी गतिविधियां तो नहीं कर रही है आतिशी? देवेन्द्र यादव ने कहा कि आम आदमी पार्टी केजरीवाल की जेल से रिहाई पर अपना ध्यान केन्द्रित कर रही है जबकि बिजली कटौती, पानी संकट, पेड़ों की कटाई, कॉलोनियों में खुदे पड़े नालों, नालियां की मरम्मत और देखरेख पर कोई ध्यान नहीं है।

# केजरीवाल की जमानत के मुद्दे पर आप नाराज सौरभ ने हाईकोर्ट के जज पर उठाए सवाल



**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी): दिल्ली हाईकोर्ट द्वारा निचली अदालत के फैसले को पलटे हुए दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की जमानत पर रोक लगाने के फैसले पर आम आदमी पार्टी (आप) ने नाराजगी जतायी है। हाईकोर्ट ने केजरीवाल को जमानत देने वाले ट्रायल कोर्ट के फैसले को गलत बताते हुए इसमें कई खामियां बता दीं। अब हाई कोर्ट के खिलाफ इस फैसले पर दिल्ली सरकार के मंत्री और आप नेता सौरभ भारद्वाज ने अपनी प्रतिक्रिया देते हुए जमानत पर रोक लगाने वाले हाई कोर्ट के जज पर ही सवाल खड़े कर दिए हैं। उन्होंने कहा है कि जज पूर्वाग्रह से ग्रसित थे। उन्होंने निचली अदालत के आदेश को बगैर देखे ही जमानत पर रोक लगा दी थी। सौरभ भारद्वाज से प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान जब केजरीवाल की रिहाई पर रोक लगाने वाले हाईकोर्ट के आदेश को लेकर सवाल किया गया तो उन्होंने कहा कि हाई कोर्ट ने लोअर कोर्ट के आदेश को देखे बिना, उसे पढ़े बिना स्टे का ऑर्डर दे दिया था। इस पर सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि अगर हाई कोर्ट गलती करे तो हम गलती नहीं करते। यानी सुप्रीम कोर्ट ने भी कहा कि हाई कोर्ट ने गलती की। सौरभ भारद्वाज ने आगे कहा कि मेरा मानना है कि हाईकोर्ट की वो बेंच पूर्वाग्रह से ग्रसित थी जिन्होंने ट्रायल कोर्ट का ऑर्डर देखे बिना ही उसे स्टे कर दिया। ऐसे में मुझे व्यक्तिगत तौर पर कोई उम्मीद नहीं थी। इससे पहले हाईकोर्ट ने केजरीवाल की जमानत पर कहा ट्रायल कोर्ट के आदेश को गलत बताते हुए कहा कि जमानत का आदेश देते समय निचली कोर्ट ने अपने विवेक का इस्तेमाल नहीं किया। जस्टिस सुधीर कुमार जैन की पीठ ने कहा कि निचली अदालत की जज ने ना तो ईडी को अपनी बात रखने का पर्याप्त मौका दिया और ना ही ईडी द्वारा पेश किए गए दस्तावेज देखे।

## ऑर्डर को बिना देखे ही हाईकोर्ट ने दिया स्टेः कक्कड़



दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल को ट्रायल कोर्ट से मिली जमानत पर हाईकोर्ट द्वारा रोक लगाने के ऑर्डर पर आप की मुख्य प्रवक्ता प्रियंका कक्कड़ ने कहा कि हाईकोर्ट ने तो ट्रायल कोर्ट के ऑर्डर को बिना देखे ही स्टे दे दिया था।ऑर्डर में साफ लिखा है कि तथाकथित शराब घोटाले से जोड़ने वाला ईडी के पास कोई भी सबूत नहीं है। आम आदमी पार्टी की लीगल टीम हाईकोर्ट के फैसले पर विचार कर रही है। जो भी जरूरी कदम होगा, हम उठाएंगे। बता दें कि 20 जून को ट्रायल कोर्ट ने सीएम केजरीवाल को नियमित जमानत दे दी थी।

# हाईकोर्ट के आदेश का वीरेंद्र सचदेवा ने किया स्वागत

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी): प्रदेश भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने मंगलवार को दिल्ली हाईकोर्ट से मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को निचली अदालत से मिली जमानत पर स्थाई स्थगन देने के आदेश का स्वागत किया है। उन्होंने कहा कि दिल्ली की शराब नीति घोटाले में अरविंद केजरीवाल मुख्य आरोपी हैं और उनकी इसमें संलिप्तता है, यह भी स्थापित हो चुका है। सचदेवा ने कहा कि स्वयं हाईकोर्ट ने पिछली सुनवाई की थी जिसमें कहा था अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी कानूनी रूप से वैध है, जांच एजेंसी के पास इसके सबूत हैं। उन्होंने कहा कि जैसे-जैसे जांच आगे बढ़ रही है स्थिति स्पष्ट होती जा रही है कि आम आदमी पार्टी के नेताओं की शराब घोटाले में क्या भूमिका है। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि यह केजरीवाल की इच्छा है कि वह अब सुप्रीम कोर्ट जाना चाहते हैं क्योंकि इस देश में यह कानूनी व्यवस्था है कि यहां हर आरोपी या अपराधी को बार-बार अदालत जाने का मौका मिलता है।

## इतिहास के झरोखे से...

# 26 जून : संयुक्त राष्ट्र के घोषणा पत्र को मंजूरी, 50 देशों ने किए थे हस्ताक्षर

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी) : संयुक्त राष्ट्र के इतिहास में 26 जून के दिन का एक खास महत्व है। संयुक्त राष्ट्र का वैश्विक महत्व, युद्ध को टालने में उसकी भूमिका, कमजोर देशों को दी जाने वाली सहायता और शांति स्थापना में उसके योगदान से सभी वाकिफ हैं। यह अन्तरराष्ट्रीय संगठन औपचारिक रूप से 24 अक्टूबर 1945 को वजूद में आया, लेकिन इसके घोषणापत्र को उसी वर्ष 26 जून को स्वीकार कर लिया गया था और इसपर 50 देशों के प्रतिनिधियों ने हस्ताक्षर किए थे। आने वाली पीढ़ियों को युद्ध की आग से बचाना और हर परिस्थिति में मानव अधिकारों की रक्षा करना इस संगठन के प्रारंभिक दायित्वों में शामिल थे, लेकिन वक्त गुजरने के साथ साथ संगठन के कार्य और दायित्वों का विस्तार होता चला गया। आज दुनिया के लगभग सभी देशों का प्रतिनिधित्व करने वाले इस संगठन का मुख्यालय न्यूयार्क में है। इसके अलावा देश और दुनिया के इतिहास में 26 जून की तारीख पर दर्ज कुछ अन्य महत्वपूर्ण घटनाएं हुईं। आज ही के दिन वर्ष 1498 में चीन में पहला टूथ ब्रश बनाया गया। वर्ष 1714 में स्पेन और नीदरलैंड ने व्यापार एवं शांति समझौते पर हस्ताक्षर किए। 1945 में सैन फ्रांसिस्को में 50 देशों ने संयुक्त राष्ट्र घोषणा पत्र पर हस्ताक्षर किए। 1949 में बेल्जियम के संसदीय चुनाव में पहली बार महिलाओं को मतदान का अधिकार मिला। 1976 में कनाडा के टोरंटो में स्थित सीएन टॉवर को जनता के लिए खोला गया।

UNITED NATIONS

# भ्रष्टाचार पर एसीबी का कड़ा प्रहार, एमसीडी का लेबर सुपरिंटेंडेंट और सफाई कर्मचारी रिश्वत लेते गिरफ्तार

## सेवानिवृत्त सफाईकर्मी की पत्नी को नियमित करने की एवज में रिश्वत मांग रहे थे एमसीडी कर्मचारी



एसीबी चीफ मधुर वर्मा



**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी): भ्रष्टाचार के खिलाफ जीरो टोलरेंस की नीति पर अमल करते हुए दिल्ली सरकार की भ्रष्टाचार निरोधक शाखा (एसीबी) ने मंगलवार को बड़ी कार्रवाई की। एसीबी ने दिल्ली नगर निगम के एक श्रम कल्याण अधीक्षक (लेबर सुपरिंटेंडेंट) और सफाई कर्मचारी को रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। एसीबी के चीफ मधुर वर्मा ने बताया कि मंगलवार को राजेश नामक व्यक्ति ने एसीबी दफ्तर में आकर अधिकारियों को भ्रष्टाचार के संबंध में एक शिकायत दी। राजेश ने बताया कि वह एमसीडी का सेवानिवृत्त सफाई कर्मचारी है। उसने अपनी पत्नी के लिए सफाई कर्मचारी के रूप में नियमितीकरण के लिए आवेदन किया है, जो वर्तमान में एमसीडी के शाहदरा (उत्तर) जोन में दैनिक वेतन पर काम कर रही है। उसने अधिकारियों को बताया कि श्रम कल्याण अधीक्षक के रूप में तैनात रितेश कुमार नामक एक व्यक्ति मेरी पत्नी की सेवाओं के नियमितीकरण के संबंध में अनुमोदन के बदले में जल सिंह नामक एक सफाई कर्मचारी के माध्यम से 20 हजार रुपये रिश्वत मांग रहा है।

मधुर वर्मा ने बताया कि मामले की गंभीरता व संवेदनशीलता को देखते हुए तुरंत शिकायतकर्ता को एसीपी जरनैल सिंह के सामने पेश किया। उन्होंने एसीबी की डीसीपी को मामले की पूरी जानकारी दी। इसके बाद एसीबी ने तुरंत कार्रवाई का प्लान बनाया। डीसीपी श्वेता सिंह चौहान के निर्देश पर एसीपी जरनैल सिंह की देखरेख में इंस्पेक्टर अजीत झा, आरएन पाठक के निर्देशन में एसआई नरेश, हेड कांस्टेबल विवेक,कृष्ण,आशीष और छोटे लाल की टीम गठित की गई। दोपहर एक बजे टीम शिकायतकर्ता के साथ मीटिंग प्वाइंट यानी शाहदरा (उत्तर) जोन में श्रम कल्याण अधीक्षक के कार्यालय में पहुंची। सफाई कर्मचारी जल सिंह वहां आया और शिकायतकर्ता से मिला। उन्होंने शिकायतकर्ता को श्रम कल्याण अधीक्षक के सामने पेश किया। जांच टीम ने श्रम कल्याण अधीक्षक रितेश कुमार और उनके सहायक सफाई कर्मचारी जल सिंह को शिकायतकर्ता से 20 हजार रुपये की रिश्वत मांगते और स्वीकार करते हुए गिरफ्तार कर लिया।

# यूके से भेजा गया था स्कूलों को बम से उड़ाने वाला ईमेल

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी) : राजधानी के स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी देने वाला ईमेल यूके की एक कंपनी से भेजा गया था। इसका खुलासा इंटरपोल के माध्यम से हुआ है। रूस ने स्पेशल सेल को बताया कि कंपनी उस शख्स के बारे में भी जानकारी दे सकती है, जिसने यह मेल भेजा था। इस जानकारी के बाद स्पेशल सेल इंटरपोल के माध्यम से कंपनी से संपर्क करने का प्रयास कर रही है। जानकारी के मुताबिक, गत एक मई को दिल्ली के 50 से अधिक स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी का ईमेल आया था। मेल आने के बाद स्कूलों में हड़कंप मच गया।

ईमेल के बाद स्कूलों की छुट्टी कर उन्हें घर भेज दिया। गहन जांच के बाद स्कूलों में कुछ नहीं मिला तो इसे हॉक्स कॉल बताया गया। बता दे कि इससे पूर्व केवल कुछ ही स्कूलों में बम होने की ईमेल मिला था। लेकिन एक मई को एक साथ 50 से अधिक स्कूलों को मेल मिला था। इस घटना को लेकर स्पेशल सेल द्वारा मामला दर्ज किया गया था। जांच में पुलिस को पता चला कि सभी स्कूलों में एक ही आईडी से मेल भेजा गया था। यह भी पता चला कि मेल रूस के सर्वर से किया गया है। इसकी जानकारी जुटाने के लिए स्पेशल सेल ने इंटरपोल के माध्यम से रूस को पत्र भेजकर जानकारी मांगी थी। पत्र का जवाब जल्द ही स्पेशल सेल को मिला था। पत्र में बताया गया था कि मेल रूस से नहीं बल्कि यूके स्थित एक कंपनी के सर्वर से भेजा गया है।

## कंपनी से संपर्क कर रही पुलिस

दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल इंटरपोल के माध्यम से यूके स्थित इस कंपनी से संपर्क करने का प्रयास कर रही है। पुलिस का मानना है कि यह कंपनी उन्हें मेल भेजने वाले शख्स का आईपी एड्रेस मुहैया कर सकती है।

## संक्षिप्त समाचार...

### एनडीएमसी दे रहा संपत्ति कर पर 10% छूट

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी) : अगर आप भी नई दिल्ली नगरपालिका परिषद (एनडीएमसी) के संपत्ति करदाता हैं तो यह खबर आपके लिए है। एनडीएमसी में 30 जून तक या उससे संपत्ति कर का भुगतान करने पर 10 फीसदी की छूट दी जा रही है। एनडीएमसी ने छूट की घोषणा के साथ ही शनिवार और रविवार को संपत्ति कर विभाग के कार्यालय खोलने का फैसला भी लिया है। एनडीएमसी ने पहले ही सभी मालिकों को संपत्ति कर बिल जारी कर दिए हैं और यदि किसी करदाता को अब तक बिल नहीं मिला है तो डुप्लीकेट बिल लेखा अधिकारी (कर) के कार्यालय, 9वीं मंजिल, कमरा नंबर 9009, पालिका केंद्र से प्राप्त कर सकेंगे। इससे पहले सभी संबंधितों को सूचित करने के लिए नई दिल्ली नगरपालिका परिषद अधिनियम-1994 की धारा-70 के तहत आवश्यक एक सार्वजनिक सूचना 13 अप्रैल, 2024 को प्रकाशित की गई थी कि एनडीएमसी की सभी भूमि और भवनों के संबंध में वर्ष 2024-25 के लिए संपत्ति कर का निर्धारण किया जाएगा।

### एनडीएमसी के नेहरू पार्क में किया पौधारोपण



**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी) : प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पर्यावरण को लेकर शुरू किए गए विशेष अभियान 'एक पेड़ मां के नाम' के तहत एनडीएमसी की सदस्या विशाखा शैलानी ने पौधा रोपण किया। वाल्मीकि आश्रम नेहरू पार्क में महंत स्वामी विवेकनाथ के साथ शैलानी ने वृक्षारोपण किया। विशाखा शैलानी ने बताया कि पर्यावरण संरक्षण केवल पौधा रोपण से ही संभव है, आज लगाया गया एक वृक्ष आने वाली कई पीढ़ियों को ऑक्सीजन देगा। बढ़ते प्रदूषण से ओजोन परत को नुकसान पहुंच रहा है, जिसके परिणामस्वरूप भविष्य में सूर्य की किरणें सीधे पृथ्वी पर पड़ेंगी, जिससे पृथ्वी मानव जीवन के लिए सुरक्षित नहीं रह जाएगी। ऐसी स्थिति को रोकने का एकमात्र उपाय है अधिक से अधिक वृक्ष लगाना और कार्बन डाइऑक्साइड का उत्सर्जन कम करना। शैलानी ने बताया वृक्षारोपण करते समय ध्यान रखा जाना चाहिए कि लगाए जा रहे वृक्षों की आयु लंबी होनी चाहिए पेड़ हमारे द्वारा सांस ली जाने वाली हवा को साफ तो करते ही है साथ ही वे पानी और मिट्टी को भी साफ करते हैं और अंततः पृथ्वी को एक बेहतर जगह बनाते हैं।

### आईपीयू : 1600 सीटें बढ़ाने को मिली मंजूरी

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी): गुरु गोबिंद सिंह इंद्रप्रस्थ विश्वविद्यालय (आईपीयू) की मंगलवार को 83वीं बोर्ड ऑफ मैनेजमेंट की बैठक हुई। जिसमें कई महत्वपूर्ण फैसले लिए गए हैं। बोर्ड ने अकादमिक परिषद (एसी) के द्विवार्षिक प्रवेश (साल में दो बार दाखिला), खेल कोटा और सिंगल गर्ल चाइल्ड सीट के प्रस्ताव को भी मंजूरी दे दी है। बैठक में इंद्रप्रस्थ सेंटर फॉर स्ट्रैटेजी एंड पॉलिसी रिसर्च (आईसीएसपीआर) की स्थापना और कई नए कार्यक्रमों को शुरू करने को मंजूरी दी गई। इसके तहत ग्रीन जॉब्स, हेल्थकेयर और मीडिया सेक्टर के क्षेत्र में तीन शॉर्ट टर्म स्किल डेवलपमेंट सर्टिफिकेट कोर्स शामिल हैं। सोलर फोटोवोल्टिक एंटरप्रेन्योर, इमरजेंसी मेडिकल टेक्नीशियन, बेसिक और ग्राफिक डिजाइन नाम के तीन कोर्स तीन माह की अवधि के हैं। दरअसल आईपी विवि शैक्षणिक सत्र 2024-25 में विभिन्न यूजी व पीजी प्रोग्राम में दाखिले के अवसर बढ़ने जा रहे हैं। आईपीयू की बोर्ड ऑफ मैनेजमेंट की बैठक में 1600 सीट बढ़ाने के प्रस्ताव को मंजूरी मिल गई है। पहले 2600 सीटें बढ़ाई गई थी। इस तरह से एक सत्र के लिए सीटों की संख्या बढ़कर 4200 हो गई है।

# 27 को होगी सदन की बैठक, 6 नए और 24 पुराने विषयों को एजेंडे में शामिल किया

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी) : दिल्ली नगर निगम के नवनियुक्त अश्विनी कुमार की निगरानी में अगामी 27 जून को सदन की पहली बैठक बुलाई गई है। इस बार सदन की बैठक में 6 नए और 24 पुराने विषयों को जगह मिलीहै। निगम के विभिन्न विभागों में डाटा एंट्री ऑपरेटरों की व्यवस्था करने, अस्पतालों व डिस्पेंसरियों के लिए दवाइयां व सर्जिकल सामान खरीदने समेत छह नए प्रस्ताव सदन में पेश होने के लिए तैयार एजेंडे में शामिल किए गए हैं। निगम कर्मचारियों की यूनियन को मान्यता देने संबंधी नीति बनाने के प्रस्ताव को एक बार फिर से एजेंडे में शामिल किया गया है, मई में सदन की आमसभा बैठक में भी इस प्रस्ताव को शामिल किया गया था। दिल्ली के 13 टोल पॉइंट्स पर आरएफआईडी के माध्यम से पथकर लेने के लिए चल रही व्यवस्था को आगे बढ़ाने के लिए पुराने अनुबंध को आगे बढ़ाने के प्रस्ताव को भी एजेंडे में जगह दी गई है। इसके अलावा हौज खास में पुराने सामुदायिक भवन को तोड़ने, वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग के ग्रेडेड रिस्पांस एक्शन प्लान के दूसरे चरण में शामिल निर्देशों को ध्यान में रखते हुए पार्किंग शुल्क को चार गुना तक बढ़ाने के प्रस्ताव को भी फिर से एजेंडे में शामिल किया गया है। इस प्रस्ताव को अक्तूबर की सदन की आमसभा बैठक में शामिल किया गया था।

## वीरेन्द्र सचदेवा, तरुण चुग, वी. सतीश, बांसुरी स्वराज सहित अनेक भाजपा नेता रहे मौजूद

# भाजपा ने 25 जून को काले दिवस के रूप में मनाया



**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी): दिल्ली भाजपा ने मंगलवार को 25 जून आपातकाल घोषणा दिवस को काला दिवस के रूप में मनाते हुए दिल्ली के अनेक स्थानों पर बैठकों एवं प्रदर्शनी के माध्यम से लोगों को उस वक्त कांग्रेस द्वारा आम नागरिकों के अधिकार छीनने और प्रताड़ित किए जाने से अवगत कराया। प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने सुबह वरिष्ठ भाजपा नेता प्रो. विजय कुमार मल्होत्रा से उनके निवास पर जाकर उनके द्वारा आपातकाल के वक्त सहे गए अत्याचारों के साथ ही लोकतंत्र के लिए की त्याग और तपस्या के लिए सम्मानित किया और आभार व्यक्त किया। इसके अलावा विभिन्न स्थानों पर आयोजित कार्यक्रम में आपातकाल बंदियों का सम्मान किया गया। दिल्ली प्रदेश भाजपा के माध्यम से आयोजित कार्यक्रमों का संयोजन प्रदेश उपाध्यक्ष दिनेश प्रताप सिंह ने किया।

प्रदेश कार्यालय में आयोजित आपातकाल बंदियों के अभिनंदन बैठक में भाजपा के राष्ट्रीय संगठक वी. सतीश, प्रदेश अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा एवं राष्ट्रीय मंत्री सरदार मनजिंदर सिंह सिरसा ने आपातकाल बंदियों को सम्मानित करते हुए आपातकाल की उस वक्त की स्थिति से अन्य लोगों को अवगत कराया। इस बैठक में भाजपा के वरिष्ठ नेता मूलचंद चावला, योगधन आहूजा एवं धर्मवीर शर्मा की उपस्थिति में अनेक वयोवृद्ध आपातकाल बंदी कार्यकर्ताओं को भी सम्मानित किया गया। भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री तरुण चुग ने सांसद बांसुरी स्वराज की उपस्थिति में नई दिल्ली जिले द्वारा आपातकाल काला दिवस के मौके पर आयोजित कार्यक्रम में साउथ एक्सटेंशन में आपातकाल बंदियों को सम्मानित किया और उनके द्वारा त्याग एवं संघर्षों के लिए उन्हें साधुवाद दिया। शाम को राजीव चौक पर दिल्ली भाजपा युवा मोर्चा द्वारा कांग्रेस शासन द्वारा आपातकाल में लोगों के लोकतांत्रिक अधिकारों के हनन एवं अत्याचारों को दर्शाती प्रदर्शनी का उद्घाटन वीरेन्द्र सचदेवा एवं युवा मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष तेजस्वी सूर्या ने किया। इस मौके पर दिल्ली युवा मोर्चा अध्यक्ष सागर त्यागी भी उपस्थित रहे। उत्तर पश्चिमी जिले के कार्यक्रम को प्रवेश साहिब सिंह ने, बाहरी दिल्ली के कार्यक्रम को पवन शर्मा ने, नजफगढ़ जिले के कार्यक्रम को आशीष सूद ने और महरौली जिले के कार्यक्रम को जगदीश मुखी ने सम्बोधित किया।वीरेन्द्र सचदेवा ने कहा कि 25 जून देश के इतिहास में लोकतंत्र का सबसे काला दिन है। इसलिए प्रदेश भाजपा दिल्ली में आपातकाल के वक्त के जितने भी सेनानी हैं, जिन्होंने यातनाएं सही हैं, उन्हें सम्मानित कर रही है और उनके बलिदान के लिए आभार व्यक्त कर रही है। तरुण चुग ने कहा कि जब से यह देश आजाद हुआ है तब से संविधान के खिलाफ किसी भी सरकार ने ऐसा नहीं किया था, जैसा काम इंदिरा गांधी की सरकार ने किया और एक तरह से पूरे लोकतंत्र को खत्म कर दिया। वी. सतीश ने कहा कि 50 वर्ष पहले आपातकाल में हुई घटनाओं को अगर हम सही ढंग से समझेंगे नहीं और सिर्फ एक इवेंट मानेंगे तो शायद उन यातनाओं का दर्द हम महसूस नहीं कर पाएंगे। जो जेल के अंदर थे यातनाएं झेल रहे थे, उन्हें पता नहीं था कि शायद वह बाहर कभी आ पाएं। उनके परिजनों ने जो दुख झेले, आर्थिक संकट देखे वह भी बराबर के सैनानी हैं।





हरियाणा सरकार

"हमारा लक्ष्य है कि प्रदेश के हर वंचित और जरूरतमंद को घर जैसी मूलभूत सुविधा वरीयता के आधार पर उपलब्ध हो सके। इसी कड़ी में हरियाणा सरकार पात्र लाभार्थियों को प्लॉट वितरण कर सहायता प्रदान कर रही है।"

– नायब सिंह

"हमारी सरकार ने गरीबों के लिए आवास की समुचित सुविधाएं सुनिश्चित की हैं। तेज गति से पक्के मकान बनाए जा रहे हैं।"

– नरेन्द्र मोदी

# मुख्यमंत्री शहरी आवास योजना

## अब हरियाणा में होगा सबके घर का सपना पूरा

**प्रथम चरण में हरियाणा के 14 शहरों में ड्रॉ के माध्यम से करीब 15,250 प्लॉट का आवंटन**

- जगाधरी
- रोहतक
- रेवाड़ी
- पलवल
- सिरसा
- झज्जर
- चरखी दादरी
- गोहाना
- पिंजौर
- करनाल
- महेन्द्रगढ़
- सफीदों
- फतेहाबाद
- जुलाना

- एक मरला प्लॉट मात्र एक लाख रुपये में
- मकान निर्माण हेतु 'प्रधानमंत्री आवास योजना – शहरी' के अंतर्गत 1.5 लाख रुपये तक की वित्तीय सहायता का प्रावधान
- बैंकों/वित्तीय संस्था से घर निर्माण के लिए कम ब्याज पर 6 लाख रुपये तक के गृह ऋण की सुविधा का प्रावधान

## राज्य स्तरीय कार्यक्रम

मुख्य अतिथि

**श्री नायब सिंह**

मुख्यमंत्री, हरियाणा

गरिमामयी उपस्थिति

**श्री सुभाष सुधा**

राज्य मंत्री

सभी के लिए आवास (स्वतंत्र प्रभार), हरियाणा

दिनांक – 26 जून, 2024 । समय – प्रातः 10 बजे

स्थान – टैगोर ऑडिटोरियम, महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय, रोहतक

**अधिक जानकारी के लिए**

संपर्क करें : 0172-3520001

अथवा

वेबसाइट www.hfa.haryana.gov.in पर जाएं

कार्यक्रम से जुड़ने के लिए क्यू आर कोड स्कैन करें

SAMVAD RO. NO.1089/13/1639/2025/27150/142/7 Dt.25/06/2024

हाऊसिंग फॉर ऑल विभाग, हरियाणा

सूचना, जन सम्पर्क एवं भाषा विभाग, हरियाणा | www.prharyana.gov.in | Follow us on @diprharyana

# पंजाब केसरी क्लासीफाइड


## आवश्यकता

### आवश्यकता/कम्प्यूटर

**Wanted Person** even retired, Office Assistant having a knowledge of Computer (MS Office), Part Time at Punjabi Bagh West, New Delhi. Apply on email id: apslakhbir@yahoo.co.in 7000001

### पोल्ट्री

एनईसीसी दिल्ली क्षेत्र में आज (26.06.2024) के लिए सुझाया गया फार्म-गेट अण्डे का रेट ₹ 505/- रुपये प्रति 100 अण्डे (व्यापार और उद्योग की जानकारी के लिए) है। 1250396

### खोया-पाया

**My Property** Original Buyer Agreement Customer Code AF0240 . Finder may please contact Nitin Dutt Pandey S/o Late Sh. Dev Dutt Pandey R/o H.no.-43, opp tagore park, malikpur village north west delhi, delhi-110009. 1254137

### नाम परिवर्तन

**I, Manu Sishodia** S/o Late Sh. Ram Prakash Sishodia R/o 189-D, DDA Flats Motia Khan Pahar Ganj, Swami Ram Tirath Nagar Central Delhi -110055, that my name has been wrongly written as Manu in my SC Certificate No. 098353 dated 27/03/1996, the actual name of mine is Manu Sishodia. 1254136

**I, Nitin Dutt** Pandey alias Nitin Pandey S/o Late Dev Dutt Pandey R/o H. No -43 Opp. Tagore Park , Malik Pur Village , North West Delhi, Delhi -110009, declare that both name and same Person rest is ok. 1254139

**I, Pinki** Vishavkarma W/o Mayank Sharma R/o 1-C-Block, Shree Durga Mandir, Near Sarai Rohilla Railway Station, Karol Bagh, Karol Bagh, Central Delhi, Delhi-110005, have changed my name to Aarohi Sharma. 1254140

**I Amarjit Kaur** W/o Harjeet Singh R/o F-30A, Mansarover Garden, New Delhi-110015 have changed my name to Amarjeet Kaur for all purposes. 1254142

**I, Suman Sharma** W/o Surender Sharma R/o WZ-600, Second Floor, Rishi Nagar, Rani Bagh ND-110034 have declare that Suman Sharma and Suman Rani is both name of one and the same person. That I am also known as Suman Rani. 1254146

**I, Pooja Pruthi W/o** Siddharth Dhamija R/o Hno. 38, Tagore Park, Delhi-110009, has changed my name to Pooja Pruthi Dhamija. 1254149

**We, Praveen** Bhatia & Mansi Bhatia R/o 402, Glory Tower-07, Omaxe Hills-2, Surajkund Road, Sector-43, Faridabad-121001 (Haryana) and at 254, Nilgiri Apartments Alaknanda, New Delhi-110019, have changed our minor son's name from Arjun Bhatia to Arjun Jai Bhatia (D.O.B. 31.12.2011), for all future purposes, vide Affidavit nos. 3&4 dated 24.06.2024, sworn before Notary, Delhi. 1254151

## नाम परिवर्तन

**I, Brijesh S/o Lakhi** Ram Goyal R/ o C-120, 2nd floor, Shakti Nagar Extn. Delhi 110052 have changed my name to Brijesh Goyal for all purposes. 1254144

**I, Soni Sinha W/o** 17002235K NK Pradeep Kumar R/o Vill- Akal Bigha, PO- Manpur, Teh. & Dist -Gaya, Bihar-823003 have changed my name to Soni Kumari for all purposes vide Affidavit dt. 25/06/2024, before Notary Public Delhi. 1254145

**I, hitherto known** as Raju Talwar S/o Sh. Tukki Ram R/o 296/A, Gali No. 9, Nehru Nagar, Anand Parbat, Central Delhi, Delhi-110008 have changed my name and shall hereafter be known as Binnami Singh. 1254143

**It is for general** information that I,Vijay Kumar Rohaj, S/o -Daryao Singh residing at-207, Swastik Kunj, Sector-13, Rohini, Delhi- 110085 declare that name of mine and my wife has been wrongly written as Vijay kumar and Susheela Devi in my Indian Navy PPO Service Book (No.09/97/B/S/01195/1997).The actual name of mine and my wife are VIJAY KUMAR ROHAJ and Sushila Devi Rohaj. respectively which may be amended accordingly. 1254154

**I, Pinki Sharma** W/o Pravin Kumar R/o B- 902, Ashram Rd, Dindayal Puri, Nandgram, Gzb-201003, have changed my name to Pinky Sharma 1254147

**I, Chitralekha alias** Sangeeta D/o Ravinder Kumar W/o Sachin Dahiya R/o Bhaiyanpur , Jahangirabad Rural Bulandshahr Uttar Pradesh -202394, have changed my name to Sangeeta. 1254141

**I, Chetna W/o** Devender Kumar Sharma R/o Hno. 370, Gali Mandir Wali, Naya Bans, Delhi-6, has changed my name to Chetna Sharma. 1254148

**I, Vicky S/o Bhoop** Singh R/o G-9 2159, Block H-o, Transit Camp, Anand Parbat, Karol Bagh, Delhi-05, have changed my name to Vicky Singh. 1254150

**I, Urmila Devi W/o** Suresh Kumar R/o H. No. 61, 313/63 F, Anand Nagar, Inder Lok, Delhi - 110035 have changed my name to Urmila Goel for all future purposes. 1254152

**I, Bul Yadav S/o** Subans Yadav R/o Ward No.01, Gram Sansur Dhanushi, Gandhwar, Madhubani, Bihar-847234 have wrongly written my name, my DOB and my father's name as Bhola, 07.01.1979 and Swarga Yadav in my PF No. DLCPM/40243/04. My correct name, is Bul Yadav, DOB 01.01.1973 and my father's name Subans Yadav, which may be amended accordingly. 1254153

**I hitherto known** as Alka Sharma W/o Rajender Kumar R/o D1/352A, Gali No.- 14, Ashok Nagar, Nand Nagri, North East Delhi-110093 have changed my name and shall hereafter be known as Alka. 1254155

## सार्वजनिक सूचना

**PUBLIC NOTICE**

My Client Mr. Gurdeep Singh, S/o Shri Gurdev Singh & Mrs. Sukhpreet Kaur, W/o Shri Gurdeep Singh, both R/o 2109/6, Gali No. 9, Prem Nagar, Near Gurudwara, Patel Nagar, New Delhi-110008 had evicted/debar his Son Mr. Parmeet Singh aged about 21 years from their all moveable and immovable properties due to misbehave by him and he is not in the instances of my client. My client shall not be responsible for his any dealing, tort, and transaction legally in future. **MANISH SINGHAL ADVOCATE Office :- N-29, Connaught Place, New Delhi-110001**

**PUBLIC NOTICE**

This is to inform to all general public that my client Pritpal Singh Bagga S/o Late S. Tirlok Singh R/o WZ-44/2 Krishna Puri, Gali no. 16, Tilak Nagar, New Delhi-110018 have disowned & debarred his son Amandeep Singh Bagga & his wife Savneet Kaur from all his moveable and immovable properties and severed all relations. Any body dealing with them in any manner whatsoever will be doing so at his /her own cost, risk and responsibilities. My client and his family members will not be responsible for any of their act.
**ROHIT YADAV (Advocate)** 402 Civil Wings, Tishazari, Delhi-54

NOTICE

**PUBLIC NOTICE**

My clients namely Sh. Lakhan Singh, S/o. Late Munshi Ram & Smt. Maina W/o. Shri Lakhan Singh, both R/o. H.No. 66, Bhagwan Das Ahata, Sindhora Kalan, Ashok Vihar, North West, Delhi - 110052, have disowned their son namely Sunil and daughter in law namely Smt. Kajal, W/o. Sh. Sunil, due to their misconducts and misbehaviors towards my clients. My clients have no control over their said son and daughter in law. My clients have disowned /debarred their said son and daughter in law from all moveable and immoveable properties of my clients.
**Sd./-SUNIL SHARMA, MANSI SHARMA, ADVOCATES** Seat: Near Police Post, Court No.31, Tis Hazari Courts, Delhi-54

**सार्वजनिक सूचना**

मेरा पुत्र शादाब जो आवारा व हेकड़ किस्म का है, उसने अपनी मर्जी से मेहजबीन नाम की लड़की से शादी कर ली है। मैंने शादाब और उसकी पत्नी के गलत आचरण के कारण दोनों को अपनी समस्त चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। अब मेरा और मेरे परिवार का दोनों से कोई वास्ता नहीं है। भविष्य में दोनों अपने कृत्यों के स्वयं जिम्मेदार होंगे।
**हस्ता./-नवाब अली पुत्र रहम अली , निवासी- मौहल्ला पठान टोला, कस्बा व थाना उझानी जिला बदायूं**

NOTICE

**PUBLIC NOTICE**

Public at large is informed that my clients Mr. Bafati, son of Mr. Mange Khan, resident of C-1042-43, Hastsal Road, Uttam Nagar, New Delhi-110059, has disowned his daughter namely Ms. Afsana, from his all moveable and immoveable properties due to her disrespectful behavior, out of control and he has severed his relations with her for all intents and purposes with immediate effect. My clients and their family members will not be liable for her acts, whatsoever done by her to anybody in future.
**Sd./-Ashok Kumar Tyagi & Associates (Advocates), A-3, Main Najafgarh Road, Opp. Metro Pillar No. 659, Uttam Nagar, New Delhi-110059**

**सार्वजनिक सूचना**

विषय: प्लॉट नंबर 107 सेक्टर-3 (आर एंड आर) चरण-4 एचएसआईआईडीसी आईएमटी बावल की मालकिन शरबती पत्नी श्री शेर सिंह निवासी गांव सुठानी, तहसील बावल व जिला रेवाड़ी के स्वर्गवास के बाद मालिकाना हक ट्रांसफर करने बारे।
शरबती की मृत्यु दिनांक 18.06.2019 को हो चुकी है। उनकी मृत्यु के बाद उनके एकमात्र कानूनी उत्तराधिकारी सुनील कुमार पुत्र स्वर्गीय श्री राम सिंह है। जबकि अन्य कानूनी वारिस कमला (सुनील की माता), संतोष, राजबाला, कविता, कृष्णा, कौशल्या (सुनील की बहन) और सचिन व दिव्या ने सुनील कुमार के हक में अनापत्ति शपथ पत्र दिया है।
अब श्री सुनील कुमार पुत्र स्व. श्री राम सिंह कानूनी उत्तराधिकारी होने के नाते उक्त संपत्ति को अपने पक्ष में स्थानांतरित करने के लिए आवेदन करना चाहते हैं। उसने दिनांक 15.05.2024 को स्थानांतरण पत्र संख्या HSIIDC/IMT/BAWAL/E/24/286 अंक के साथ अपने नाम पर पुन: आवंटन का अनुरोध करना चाहते हैं। यदि किसी व्यक्ति को उपरोक्त के संबंध में कोई आपत्ति है तो वह इस नोटिस के जारी होने के 30 दिन के भीतर संपदा प्रबंधक, एचएसआईआईडीसी बावल को लिखित रूप से दर्ज करवाएं। यदि कोई आपत्ति प्राप्त नहीं होती है तो उपरोक्त उत्तराधिकारियों के नाम पर अंतिम स्थानांतरण पत्र (एफटीएल) जारी किया जाएगा।
एस्टेट मैनेजर
HSIIDC, IMT बावल की ओर से

## सार्वजनिक सूचना

**PUBLIC NOTICE**

General Public is hereby informed that my client Mr. Mohd Idrish S/o Mr. Nazir Ahmed Both R/o House No. F-490, Main Road, F-Block, Khajoori Khas, Karawal Nagar, North East Delhi, Delhi-110094, have served all their relations with their sons Mr. Chand Mohammad, his Wife Mrs. Afsari Begum and Mr. Mohd Imran, his Wife Mrs. Gulafsha due to his bad habits both of my above named client have also disowned and debarred his said son from all the movable and immovable properties on dated 15/march/2015 but my son behavior change to me so that I canceled the disowned against my son Mr. Chand Mohammad, his Wife Mrs. Afsari Begum and Mr. Mohd Imran, his wife Mrs. Gulafsha and their have all the right having served all their relation with their son Mr. Chand Mohammad, his Wife Mrs. Afsari Begum and Mr. Mohd Imran, his wife Mrs. Gulafsha and my son from all their all right above movable and immovable properties right I will do so at responsibilities and my client will be responsible for any act, deed or dealing done by Mr. Chand Mohammad and Mr. Mohd Imran.
**Sd./-Nishant Sharma (Advocate), Enrolment : D/3243/2020, E-520 KarKardooma Court, Delhi**

**अपने वैवाहिक विज्ञापन के लिए चुनिए सही शीर्षक**

कायस्थ
कश्मीरी
कश्यप
क्रिश्चियन
गढ़वाली
गुजराती
जैन
जाट
दक्षिण भारतीय
पूर्वोत्तर भारतीय
पंजाबी
ब्राह्मण
बंगाली
मराठी
मुस्लिम
यादव
राजपूत
वैश्य/अग्रवाल
सिक्ख
सिंधी
हिमाचली
हिन्दू
क्षत्रिय
अरोड़ा
अनु० जाति-जनजाति
अन्य
चिकित्सक
छात्र-छात्रा
नौकरीशुदा
बैंक/वित्त संस्थान
तलाकशुदा
मंगलीक
वकील
व्यवसायी
विधवा/विधुर
विकलांग
सरकारी सेवा
सेना
अनिवासी भारतीय
अध्यापक/प्रोफेसर
आई.ए.एस.
इंजीनियर
एम.बी.ए./प्रोफेशनल

**पाठकों को परामर्श**

पाठकों को परामर्श दिया जाता है कि वे विज्ञापनों के सम्बन्ध में कोई कार्रवाई करने से पहले तथ्यों की समुचित जांच स्वयं ही अवश्य कर लें, क्योंकि 'पंजाब केसरी' विज्ञापनदाताओं द्वारा किए गए किसी भी दावे की सच्चाई का न तो कोई आश्वासन देता है और न ही समर्थन करता है। इसलिए पाठकों को स्वयं ही अपने आधार पर सभी तथ्यों की जांच करनी चाहिए। किसी भी प्रकार के लेन-देन के लिए यह समाचार पत्र उत्तरदायी नहीं होगा।


### नजफगढ़ अग्निकांड में दम घुटने से माता-पिता और दो बेटों की दर्दनाक मौत

# घर के बाहर आवाज देकर बुलाता रहा भाई अंदर गुम हो गई आवाजें





**चारों एक दूसरे पर पानी डालकर खुद को बचाने की कर रहे थे कोशिश**

इसी घर में रहता था पूरा परिवार दूसरी ओर घर के बाहर एकत्रित लोग।

**दक्षिणी दिल्ली,** (पंजाब केसरी): नजफगढ़ के प्रेम नगर इलाके में मरने से पहले रोबिन ने अपनी मौसी को कॉल किया। उसने कहा कि घर में आग लग गई और वह फंस गए हैं। जल्दी आओ और उन्हें बचा लो। इसके बाद उसका फोन कट गया। उसकी मौसी ने कई बार रोबिन से संपर्क करने की कोशिश की लेकिन उनसे संपर्क नहीं हो सका। वह रोबिन की बात को याद करके बार-बार रो रही है। बताया जा रहा है कि आग लगने के बाद चारों शौचालय में चले गए और अपनी जान बचाने के लिए एक दूसरे पर पानी डाल रहे थे। लेकिन लगातार धुआं बढ़ने की वजह से वह बच नहीं सके और उन्होंने दम तोड़ दिया। हादसे के बाद पूरे परिवार का रो-रोकर बुरा हाल है।

**पुलिस और दमकल की टीम मौके पर पहुंची। आग पर काबू पा लिया गया।**

हीरा के भाई गुरमीत सिंह ने बताया कि हीरा सिंह पहले एक चैनल के लिए काम करते थे। फिलहाल वह किसी के लिए वीडियो बनाने का काम करते थे। आग लगने की जानकारी मिलते ही वह मौके पर पहुंच गए। वह बहार खड़े होकर अपने भाई को आवाज देकर बुलाते रहे लेकिन अंदर से कोई जवाब नहीं आया। उन्होंने अंदर जाने की कोशिश भी की मगर गेट पर अंदर से ताला लगा हुआ था। इसके बाद मामले की सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलने के बाद मौके पर पुलिस व दमकल की टीम मौके पर पहुंच गई। आग पर काबू पाया गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने दरवाजा तोड़ा। अंदर से चारों लोगों को बाहर निकाला तो उनकी मौत हो चुकी थी। गुरमीत के बेटे गगन ने बताया कि वह रात करीब दो बजे कुत्ता घुमाने के लिए घर के बाहर गए थे। इसी दौरान उन्होंने हीरा सिंह के घर में आग लगते हुए देखी। पहले तो उन्हें लगा कि घर में कोई नहीं है चूंकि सोमवार सुबह सभी लोग बाहर गए हुए थे। उसने हीरा सिंह को फोन कर घटना के बारे में जानकारी देने की कोशिश की तो उनका फोन व्यस्त आ रहा था। इसके बाद उसने पता चला कि सभी लोग अंदर है। इसके बाद उसने अपने पिता को फोन कर जानकारी दी।




बाएं से दाएं लक्ष्य कक्कड़ उर्फ कानू (पुत्र), हीरा सिंह कक्कड़ एवं नीतू सिंह कक्कड़ (दंपति) और चिराग कक्कड़ उर्फ रोबिन (पुत्र) की फाइल फोटो।

### देर रात अस्पताल से लौटे थे घर

नीतू की बहन मेघा व उनके पति अजय कुमार ने बताया कि हीरा सिंह का पूरा परिवार मकान की पहली मंजिल पर रहते थे। उनके घर के पास ही हीरा के भाई गुरमीत परिवार के साथ रहता हैं। सोमवार रात को रोबिन के हाथ में चोट लग गई थी। रात को वह अस्पताल में पट्टी बंधवाकर घर लौटे थे। रात करीब एक बजे हीरा सिंह ने फोन कर घर आने की जानकारी दी थी। करीब एक घंटे के बाद सवा दो बजे रोबिन ने उन्हें कॉल किया और वह जोरो से चिल्ला रहा था। वह बोल रहा था कि आग लगी है, जल्दी आ जाओ, हम खतरे में हैं। चारों शौचालय में थे और वहां पर एक दूसरे के ऊपर पानी डाल रहे थे। ताकी आग से बचा जा सके। वह उनके घर पहुंचे तो उन्होंने देखा कि आग लगी हुई थी। पुलिस, दमकल कर्मियों ने दरवाजा तोड़कर बाहर निकाला तो देखा कि चारों की मौत हो चुकी थी।

## सांसद कमलजीत सहरावत ने मृतकों के परिवार को दी सांत्वना

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी): नजफगढ़ के प्रेम नगर में एक मकान में बैट्री इनवर्टर फटने से आग लग गई एवं घर में दम घोंटू धुआं भर गया जिसके चलते हीरा कक्कड़, उनकी पत्नी एवं दो बच्चों की दुखद मृत्यु हो गई। दुर्घटना का समाचार मिलते ही दिल्ली भाजपा की महामंत्री एवं पश्चिम दिल्ली से सांसद कमलजीत सहरावत ने प्रेम नगर पहुंच कर स्थिति का जायजा लिया और हीरा कक्कड़ की मां एवं परिजनों से मिलकर भाजपा परिवार की ओर से संवेदना प्रकट की। कमलजीत सहरावत ने अपने साथ पीड़ित परिवार से मिलने आए निगम पार्षद अमित खड़खड़ी को परिजनों की ओर से हर संभव मदद करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि एक परिवार के चार सदस्यों की इस हादसे में हुई मौत बेहद दुखद है और हमे संदेश देती है कि भीषण गर्मी में बिजली उपकरणों का सावधानी से उपयोग करें।



सांसद कमलजीत ने मृतक के परिवार को दी सांत्वना।

**अंतिम संस्कार में शामिल हुए लोग...**





घटना के बाद मृतकों का रो-रोकर बुरा हाल, परिजनों को संभालते लोग-**फोटो: दयाशंकर**

## 8 साल पहले चोरी हुआ बैग रेलवे देगा 1.08 लाख हर्जाना

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी) : भारत में ट्रेन से हर दिन लाखों लोग यात्रा करते हैं। यात्रा के दौरान कई यात्रियों के सामान की चोरी की खबरें भी सामने आती है। ऐसे मामलों में कई यात्री रिपोर्ट दर्ज कराते हैं तो कई आगे की कार्रवाई से बचते हैं। एक ऐसे ही यात्री का मामला सामने आया है, जिसने 8 साल तक अपने हक की लड़ाई लड़ी इन दिनों सुर्खियों में है। दिल्ली के एक कंज्यूमर कोर्ट ने भारतीय रेलवे को सेवा में कमी का दोषी ठहराते हुए रेलवे के संबंधित महाप्रबंधक को एक यात्री को एक लाख आठ हजार रूपये का भुगतान करने का निर्देश दिया है। पीड़ित ने अपनी शिकायत में कहा था कि उसका 80 हजार रुपये मूल्य का कीमती सामान वाला बैग जनवरी 2016 में झांसी और ग्वालियर के बीच कुछ बिना टिकट वाले यात्रियों द्वारा चुरा लिया गया था। आयोग के अध्यक्ष इंदरजीत सिंह और सदस्य रश्मि बंसल ने मामले की सुनवाई की। शिकायतकर्ता द्वारा ले जाए जा रहे सामान के मूल्य को नकारने के लिए कोई अन्य बचाव या सबूत नहीं है। इसलिए शिकायतकर्ता को 80,000 रुपये के नुकसान की प्रतिपूर्ति का हकदार माना जाता है। अदालत ने उन्हें असुविधा, उत्पीड़न और मानसिक पीड़ा के लिए 20,000 रुपये का हर्जाना देने के अलावा मुकदमे की लागत के लिए 8,000 रुपये देने का भी आदेश दिया।

## सफदरजंग अस्पताल की पुरानी इमरजेंसी में लगी आग, पाया काबू

**दक्षिणी दिल्ली,** (पंजाब केसरी) : सफदरजंग अस्पताल की पुरानी इमरजेंसी में मंगलवार को भीषण आग लग गई है। सूचना मिलते ही मौके पर दमकल विभाग की आधा दर्जन से अधिक गाड़ियां पहुंच गई। कड़ी मशक्कत के बाद दमकल विभाग ने आग पर काबू पाया। बताया जा रहा है कि आग बिल्डिंग के स्टोर वाले हिस्से में लगी थी। हादसे में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। शुरुआती जांच में आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट माना जा रहा है। पुलिस मामला दर्ज कर आग लगने का कारण पता लगाने की कोशिश कर रही है। दमकल के मुताबिक, सफदरजंग अस्पताल में मंगलवार सुबह करीब 10:40 बजे आग लगने की सूचना। सूचना मिलते ही मौके पर दमकल विभाग की 11 गाड़ियां पहुंच गई। कड़ी मशक्कत के बाद दमकल ने आग पर काबू पाया। दमकल को सफदरजंग अस्पताल के इमरजेंसी वार्ड में आग लगने की जानकारी मिली। मौके पर पहुंचने पर दमकल को पता चला कि वार्ड केंद्र से धुआं निकल रहा है। फिर दमकल के कर्मियों ने आग पर काबू पा लिया। आग शॉर्ट सर्किट की वजह से लगी थी। अंदर जो मेडिसिन थी वह जल गई।




सफदरजंग के इमरजेंसी वार्ड में आग बुझाने के लिए जाते हुए दमकलकर्मी।

## रोडरेज में दो भाइयों पर जानलेवा हमला, केस दर्ज

**पूर्वी दिल्ली,** (पंजाब केसरी): नॉर्थ-ईस्ट डिस्ट्रिक्ट के मौजपुर इलाके में रोडरेज का मामला सामने आया है। जहां कार से रिक्शा टकराने पर चार लोगों ने मिलकर दो भाइयों पर जानलेवा हमला कर दिया। उनमें से एक ने पिस्टल निकालकर गोली चला दी। निशाना चूक गया तो एक के सिर पर पिस्टल की बट से हमला कर उसे लहूलुहान कर दिया। वारदात को अंजाम देकर सभी आरोपी मौके से फरार हो गए। वारदात में रवि चौधरी नाम के व्यक्ति को गंभीर चोट आई हैं। उसे घायल जीटीबी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

पुलिस अधिकारी के मुताबिक इस बाबत जाफराबाद थाने में पीड़ित बंधुओं की शिकायत पर हत्या की कोशिश, आर्म्स एक्ट सहित कई धाराओं में अर्जुन कौशिक, हर्ष शर्मा, मनन कौशिक और वैभव के खिलाफ नामजद मुकदमा दर्ज किया है। अर्जुन सुभाष मोहल्ला वार्ड से कांग्रेस की पूर्व पार्षद का करीबी रिश्तेदार बताया जा रहा है। रवि चौधरी अपने परिवार के साथ सब्जी मंडी मौजपुर में रहता है। उसका दूध का काम है। उसके यहां पर राशिद नाम का कर्मचारी नौकरी करता है। रविवार रात 11:20 बजे राशिद रिक्शे से गोबर डालने के लिए जा रहा था। जब वह मौजपुर चौक पर पहुंचा तो उसका रिक्शा एक कार से टकरा गया। आरोप है कि कार सवार मनन और वैभव ने रिक्शा चालक की लात घूंसों से पिटाई कर दी। पीड़ित ने फोन कर मालिक रवि को सूचना दी। रवि अपने भाई गौरव चौधरी के साथ मौके पर पहुंच गया। रवि का आरोप है कि उसने कार सवारों से कहा कि वह उनकी कार में हुए नुकसान की भरपाई कर देगा।

## कम्प्यूटर साइंस में बीटेक कर बना लुटेरा, कैब चालक को मारी गोली

### दिल्ली पुलिस ने आरोपी को अयोध्या से किया गिरफ्तार

**दक्षिणी दिल्ली,** (पंजाब केसरी): अमर कॉलोनी इलाके में एक कैब ड्राइवर से लूट केस में यूट्यूबर (रैपर) को अरेस्ट किया गया है। आरोपी की पहचान आर्यन राजवंश के तौर पर हुई। पुलिस ने आरोपी को अयोध्या से गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के पास से लूटा गया मोबाइल फोन बरामद कर लिया है। आरोपी ने कंप्यूटर साइंस में बीटेक की पढ़ाई की है। मगर शॉर्टकट रास्ते से पैसा अर्जित करने के चक्कर में लुटेरा बन गया।

साउथ-ईस्ट डिस्ट्रिक्ट के एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि गत 23 जून की देर रात अमर कॉलोनी पुलिस को फायरिंग की कॉल मिली थी। पुलिस श्री निवास पुरी इंडियन पेट्रोल पंप पर पहुंची। पता चला कैब चालक कुलभूषण शर्मा (38) को एम्स ट्रॉमा सेंटर में भर्ती कराया गया है। उसने पुलिस को बताया द्वारका मोड से कैब आईएसबीटी कश्मीरी गेट तक के लिए ली गई थी। बंदूक की नोक पर उसका मोबाइल लूट लिया गया। जान बचाकर वह कैब से कूद गया, जहां उसे गोली मार दी गई। पुलिस ने इस बाबत केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी। एसीपी कालकाजी राकेश कुमार शर्मा की देखरेख गठित पुलिस टीम ने सीडीआर, सीसीटीवी फुटेज, कैब बुकिंग आदि रिकॉर्ड का विश्लेषण किया। आरोपी की पहचान कर उसे अयोध्या से दबोच लिया। आरोपी आर्यन राजवंश ने पूछताछ में खुलासा किया वह द्वारका मोड़ स्थित अपने दोस्त के आवास पर अपना सामान लेने के लिए आया था।

## संक्षिप्त समाचार...

### दिल्ली देहात में खुलेंगे नवोदय विद्यालय : जयंत



**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी): पालम 360 खाप के प्रधान चौधरी सुरेंद्र सिंह सोलंकी की अगवाई में खाप के प्रतिनिधियों ने केंद्रीय कौशल विकास एवं उद्यमिता राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार एवं केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री जयंत चौधरी का स्वागत किया। इस मौके पर जयंत चौधरी ने ऐलान किया कि दिल्ली देहात में बेहतर शिक्षा उपलब्ध कराने में कोई कसर नहीं छोड़ी जाएगी। दिल्ली देहात में कई स्थानों पर केंद्रीय विद्यालय, नवोदय विद्यालय और अन्य योजनाओं के तहत स्कूल खोले जाएंगे। उन्होंने कहा कि कॉलेज भी खोलने की भी पहल की जाएगी। इस मौके पर चौधरी सुरेंद्र सोलंकी ने कहा कि दिल्ली देहात में पिछले 30 साल से एक भी कॉलेज नहीं खुला गया है जबकि देहात की आबादी लगातार बढ़ती जा रही है और देहात के बच्चों को शहरी इलाकों के कॉलेज में प्रवेश नहीं मिल पाता है या फिर कॉलेज दूर होने के कारण उनमें खासतौर पर लड़कियां प्रवेश नहीं लेना चाहती है। इस कारण वह उच्च शिक्षा से वंचित रह जाती है। उन्होंने बताया कि देहात में मात्र तीन कॉलेज हैं। इस कारण यहां पांच कॉलेज खोले जाने चाहिए। इसके अलावा देहात के बच्चों के कौशल विकास के लिए भी संस्थाएं खोली जाए। उन्होंने देहात में केंद्रीय विद्यालय और नवोदय विद्यालय भी खोलने की मांग की। जयंत चौधरी ने उनकी मांगों का समर्थन करते हुए कहा कि वह इस दिशा में पहले से विचार कर रहे हैं और जल्दी ही इस संबंध में एक प्लान तैयार करके इसका ऐलान करेंगे। इस दौरान लाडो सराय 96 खाप के प्रधान नरेश चौधरी, चौ. कंवर सिंह प्रधान, टायसन, राज सिंह, ऋषिराज आदि भी मौजूद थे।

### उपायुक्त ने किया सफाई व्यवस्था का निरीक्षण



**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी) : दिल्ली नगर निगम के नवनियुक्त आयुक्त अश्विनी कुमार के निर्देशों के बाद मंगलवार को नरेला जोन के उपायुक्त (डीसी) पवन यादव ने पहले अपने कार्यालय में सभी विभाग प्रमुखों के साथ बैठक की और उसके बाद क्षेत्र में सफाई व्यवस्था को लेकर बैठक की। डीसी पवन यादव ने सफाई व्यवस्था और नालों की सफाई के लिए नांगलोई, मुंडका, बवाना, बवाना औद्योगिक क्षेत्र का निरीक्षण किया और इस दौरान उन्होंने स्वच्छता विभाग के स्वच्छता अधीक्षक, निरीक्षकों को सफाई व्यवस्था पर विशेष जोर देने के निर्देश दिए। वहीं, अलीपुर में जन शौचालय का निर्माण कार्य पूरा होने के बाद मंगलवार को स्वच्छता विभाग को सौंप दिया है और अब जरूरतमंद नागरिक इसका उपयोग कर सकते हैं। इस संबंध में क्षेत्रीय उपायुक्त पवन यादव ने बताया कि अलीपुर में जन शौचालय की लंबे समय से मांग की जा रही थी क्योंकि यहां दिल्ली सरकार का स्वामी श्रद्धानंद कॉलेज, डीटीसी बस पास केंद्र और दोनों तरफ डीटीसी बस स्टैंड हैं और काफी संख्या में लोगों का आवागमन है।

एक विशेष समुदाय के लोगों ने एमसीडी के दस्ते को घेरा, अधूरी कार्रवाई कर लौटा दस्ता...

# मंगोलपुरी में मस्जिद का अतिक्रमण तोड़ने पहुंचे दस्ते का विरोध, किया पथराव

**पश्चिमी दिल्ली,** (पंजाब केसरी): दिल्ली के मंगोलपुरी इलाके में मस्जिद के अतिक्रमण को ढाने के लिए पहुंचे एमसीडी के दस्ते को विशेष समुदाय के लोगों ने घेर लिया। मौके पर मौजूद लोगों ने निगम की कार्रवाई का जमकर विरोध किया। हंगाम के बीच किसी ने कार्रवाई करने पहुंचे दस्ते पर पत्थर फेंक दिया। गनीमत रही पत्थर किसी को नहीं लगा। घटना की वीडियो कवरेज के लिए पहुंचे मीडियाकर्मियों के साथ भी बदसलूकी की गई। लोगों के भारी विरोध के बीच निगम का दस्ता अधूरी कार्रवाई के बाद लौट आया।

डीसीपी (आउटर) जिम्मी चिरम ने बताया कि मीडियाकर्मी के साथ कथित तौर पर बदसलूकी की बात सामने आई है, लेकिन किसी ने कोई शिकायत नहीं दी है। अगर कोई शिकायत मिलती है तो पुलिस उचित कानूनी कार्रवाई करेगी। फिलहाल इलाके में हालात शांतिपूर्ण और सामान्य है। पुलिस ने स्थानीय लोगों से शांति बनाए रखने की कार्रवाई की है। इसके अलावा इलाके में पुलिस गश्त बढ़ा दिया गया है।



फोटो : दयाशंकर

पुलिस के मुताबिक मंगलवार सुबह करीब छह बजे एमसीडी का दस्ता मंगोलपुरी इलाके में अतिक्रमण के खिलाफ कार्रवाई के लिए पहुंचा था। स्थानीय पुलिस को अतिक्रमण के खिलाफ कार्रवाई की सूचना पूर्व ही दे दी गई थी। निगम के दस्ते के साथ सुरक्षा बल भी मौजूद था। वाई ब्लॉक में मस्जिद के पास दीवारें आगे बढ़ा अवैध कब्जा किया गया था। बुलडोजर ने अतिक्रमण की गई दीवार को ढाना शुरू कर दिया। इसी बीच विशेष समुदाय के लोग एमसीडी की कार्रवाई के खिलाफ मस्जिद पर चढ़ कर विरोध करने लगे। लोगों की संख्या बढ़ती देख भारी पुलिस बल के साथ पैरामिलिट्री फोर्स को भी तैनात किया गया। लोगों के विरोध के बीच किसी ने निगम के दस्ते के ऊपर पत्थर फेंका। गनीमत रही कि पत्थर किसी को नहीं लगा। भारी विरोध के बीच आधी कार्रवाई के बाद निगम का दस्ता वापस लौट गया। इस घटना पर डीसीपी आउटर डिस्ट्रिक्ट जिमी चिरम की भी प्रतिक्रिया आई है। उन्होंने कहा कि कुछ लोगों ने अतिक्रमण के खिलाफ बुलडोजर की कार्रवाई पर आपत्ति जताई गई थी, लेकिन भारी पुलिस बल के साथ पैरामिलिट्री फोर्स की वजह से वहां स्थिति नियंत्रण में रही। पुलिस के मुताबिक मस्जिद के पास अवैध ढांचे की कुछ दीवारों को तोड़ दिया गया है, लेकिन अभियान को अभी अस्थाई रूप से रोक दिया गया है। लोगों के विरोध के बीच भीड़ में से एक पत्थर अतिक्रमण ढाने के लिए पहुंचे दस्ते के आगे आकर गिरा था। गनीमत रही कि पत्थर किसी को नहीं लगा।

### मस्जिद की अवैध रूप से विस्तारित चारदीवारी को निगम ने हटाया

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी) : दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) ने मंगलवार को रोहिणी जोन के वार्ड नंबर 42 में पेट्रोल पंप के समीप मंगोलपुरी, कंझावाला रोड स्थित वाई ब्लॉक में म्यूनिसिपल पार्क में संयुक्त अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की। यह पहल अनधिकृत धार्मिक अतिक्रमणों को दूर करने और सार्वजनिक स्थानों की अखंडता को बनाए रखने के हमारे चल रहे प्रयासों का हिस्सा थी। पुलिस बल के सहयोग से एमसीडी ने अतिक्रमण (मस्जिद) की अवैध रूप से विस्तारित चारदीवारी को गिराना शुरू किया। इस अभियान ने अनधिकृत संरचना के 20 मीटर हिस्से को सफलतापूर्वक हटा दिया। हालांकि अचानक से उमड़ी भीड़ के विरोध के बाद पूरी तरह से अतिक्रमण नहीं हटाया जा सका। इन घटनाक्रमों के मद्देनजर, पुलिस ने शांति और व्यवस्था बनाए रखने के लिए एमसीडी को अतिक्रमण हटाने के अभियान को अस्थायी रूप से रोकने की सलाह दी। निगम ने इसके संबंधित एक स्थिति रिपोर्ट माननीय दिल्ली उच्च न्यायालय में डब्ल्यूसी (पी) संख्या 4867/2024 में दायर की है।

### आईपी यूनिवर्सिटी ने शुरू किए कौशल विकास के तीन कोर्स

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी) : आईपी यूनिवर्सिटी ने कौशल विकास एवं उधमिता मंत्रालय के सहयोग से कौशल विकास के तीन सर्टिफ़िकेट कोर्स शुरू किए हैं। ये कोर्स ग्राफ़िक डिज़ाइनर, इमर्जेन्सी मेडिकल टेक्निकल- बेसिक और सोलर फ़ोटोवॉल्टेइक आंट्रेप्रेनुर हैं। ये तीनों कोर्स इंद्रप्रस्थ स्किल डिवेलप्मेंट सेंटर के अंतर्गत चलाए जाएंगे। इस सेंटर के चेयरमैन प्रो. सी. एस. राय ने बताया कि कौशल विकास की दिशा में विश्वविद्यालय का एक बड़ा कदम है। आने वाले समय में इस तरह कुछ अन्य कोर्स भी शुरू किए जाएंगे। ग्राफिक डिजाइनर का कोर्स यूनिवर्सिटी के पूर्वी कैम्पस में और बाकी दोनों कोर्स द्वारका स्थित मुख्य कैम्पस में चलाए जाएंगे।

### पुरानी दिल्ली के खतरनाक भवनों के सर्वे की मांग

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी): दिल्ली में हजारों जर्जर मकान हैं, जो रखरखाव में बेहद खतरनाक स्थिति में पहुंच गए हैं। चिंता की बात यह है कि हजारों खतरनाक मकानों में लोग परिवार के साथ रह रहे हैं। गत 17 जून से 25 जून के बीच पुरानी दिल्ली के सीता राम बाजार वार्ड 75 में दो मकानों के जर्जर हिस्से अचानक गिरने के बाद मंगलवार को घने बाजार के बीच 3842 गली लोहे वाली, चरखेवालान में एक इमारत, जिसके भूतल पर तीन दुकानें और ऊपर एक परिवार रहता है, उसका बड़ा हिस्सा भरभरा कर गिर गया। दिल्ली भाजपा के प्रवक्ता प्रवीण शंकर कपूर ने कहा कि गत एक माह से बार-बार महापौर डॉ. शैली ओबरॉय से खतरनाक भवनों के सर्वे के साथ उन पर कार्रवाई और रिपेयर की मांग करते रहे हैं, उन्होंने मंगलवार को पुनः निगमायुक्त अश्वनी कुमार को मकान गिरने के हादसे से अवगत करवाया। निगमायुक्त ने तुरंत मकान को खाली करने एवं खतरनाक हिस्से को तोड़कर रिपेयर करवाने के निर्देश जारी करवाए।


**उत्तर मध्य रेलवे**

L. No. JHS-ELG-W-T-15-2024-25 Date: 21.06.2024

**ई-निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति के लिये तथा उनकी ओर से वरि. मंडल विद्युत अभियन्ता (सामान्य), उत्तर मध्य रेल, झाँसी द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिये ऑनलाईन (**ई-टेन्डरिंग**) के माध्यम से खुली निविदायें आमंत्रित की जाती हैं।

| | |
|---|---|
| **कार्य का विवरण:** झाँसी डिवीजन : वीजीएलबी में रिंग मेन सिस्टम और संबंधित कार्यों का प्रावधान। | **निविदा राशि (₹):** 1,38,91,021/- मात्र |
| | **बयाना राशि (₹):** 2,19,500/- मात्र |

**कार्य समापन अवधि :** 06 माह, **निविदा बंद होने की तिथि: 15.07.2024 (15:00 बजे तक)**, निविदाकार निविदा दिनांक **15.07.2024** को **15.00** बजे तक आनलाईन जमा कर सकेगें। पूर्ण विवरण एवं निविदा को प्रस्तुति करने के लिये भारतीय रेल के बेवसाईट **http://www.ireps.gov.in** पर देखें। 1093/24 (ADM)

@CPRONCR North central railways @cproncrly @northcentralrailway www.ncr.indianrailways.gov.in



**झारखण्ड सरकार**

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,**

**ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, चतरा।**

**ई–पुनर्निविदा आमंत्रण सूचना**

ई–पुनर्निविदा संख्या– 09/RIII/2024-25/RWD/CHATRA दिनांक– 21.06.2024

कार्यपालक अभियन्ता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, चतरा द्वारा निम्न विवरण के अनुसार e-procurement पद्धति से निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र. सं. | आईडेन्टिफिकेशन संख्या/ पैकेज संख्या | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि अंक में (लाख) | प्राक्कलित राशि अक्षर में | कार्य समाप्ति की अवधि | टेण्डर कॉल सं. |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | RWD/ CHATRA/ STPKG/05/ 2023-24 | ओरी से कोंची तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य (लं.–5.600 कि.मी.)। | 1334.466 | तेरह करोड़ चौंतीस लाख छियालीस हजार छः सौ मात्र | 15 माह | चतुर्थ |
| 2 | | परामातु करमतर से टेढ़ी महुआ तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य (लं.–1.900 कि.मी.)। | | | | |
| 3 | | परामातु कस्तुरबा स्कुल से कटिया रोड तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य (लं.–1.950 कि.मी.)। | | | | |
| 4 | | लमटा से शिवराजपुर तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य (लं.–1.650 कि.मी.)। | | | | |
| 5 | | बेला से सोनपुर तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य (लं.–2.200 कि.मी.)। | | | | |
| 6 | | बेदौली से बकसपुरा तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य (लं.–1.680 कि.मी.)। | | | | |
| 7 | | चतरा से लुट्टु तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य (लं.–5.520 कि.मी.)। | | | | |
| 8 | | चतरा से जलेद तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य (लं.–4.500 कि.मी.)। | | | | |
| 9 | | एस.एच. चतरा–27KM से बारीसाखी तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य (लं.–1.000 कि.मी.)। | | | | |

2. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि :– 03.07.2024
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय :– 18.07.2024 अपराह्न 5.00 बजे तक।
4. ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– 20.07.2024 अपराह्न 3.30 बजे।
5. ई–निविदा आमंत्रित करनेवाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियन्ता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, चतरा, द्वितीय तल, विकास भवन, चतरा।
6. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष संख्या :– **06541-296208**

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट **www.jharkhandtenders.gov.in** में देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, चतरा।

PR 327597 Rural Work Department(24-25)D



**सामाजिक न्याय और अधिकारिता विभाग**
**सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय**
**भारत सरकार**

**आजीविका और उद्यम हेतु लाभवंचित लोगों की सहायता (स्माइल)**

**आवेदन हेतु आमंत्रण (गरिमा गृह की स्थापना)**

आजीविका और उद्यम हेतु लाभवंचित लोगों की सहायता (स्माइल) स्कीम, उप-स्कीम "ट्रांसजेंडर व्यक्तियों के कल्याण हेतु व्यापक पुनर्वास के लिए केन्द्रीय क्षेत्र की स्कीम के अंतर्गत गरिमा गृह की स्थापना करने के लिए अंडमान और निकोबार, लक्षद्वीप, जम्मू और कश्मीर, लद्दाख, पुदुचेरी, दादर और नगर हवेली एवं दमन और दीव, मणिपुर, मिजोरम, मेघालय, त्रिपुरा, नागालैंड, अरुणाचल प्रदेश, सिक्किम, पंजाब, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, तेलंगाना, गोवा, चंडीगढ़, उत्तराखण्ड और केरल राज्यों/ संघ राज्य क्षेत्रों से इच्छुक और पात्र आवेदकों से आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं।

1. निम्नलिखित शर्तों को पूरा करने वाले संगठन गरिमा गृह परियोजना के लिए आवेदन कर सकते हैं-
   - क. सोसाइटी रजिस्ट्रीकरण अधिनियम (1860 का XXI) अथवा राज्य सरकारों/संघ राज्य क्षेत्रों के किसी संगत अधिनियम अथवा साहित्यिक वैज्ञानिक और चेरिटेबल सोसाइटी के पंजीकरण से संबंधित किसी राज्य के अन्य कानून के तहत पंजीकृत सोसाइटी।
   - ख. पंजीकृत सार्वजनिक ट्रस्ट।
   - ग. कंपनी अधिनियम, 1956 की धारा 25 के तहत स्थापित कंपनी।
2. इच्छुक और पात्र सीबीओ/ एनजीओ आवश्यक दस्तावेज के साथ ई-अनुदान (https://grants-msje.gov.in/ngo-login) पर पंजीकरण कर सकते हैं।
3. वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए आवेदन प्रस्तुत करने हेतु पोर्टल 26.06.2024 से 07.07.2024 तक खुलेगा।
4. पूछ-ताछ के लिए संपर्क करें:

दूरभाष: **011-23070386**

ई-मेल: **ankit.srivastava@nic.in/mayank.b@gov.in/ lokesh.km91@gov.in**

cbc 38101/11/0002/2425


पीएमएवाई-यू की सफलता को लेकर बुकलेट भी लॉन्च

## आवास एवं शहरी विकास मंत्रालय ने तीन योजनाओं की मनाई 9वीं वर्षगांठ

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी): आवास एवं शहरी विकास मंत्रालय ने मंगलवार को केंद्र सरकार द्वारा शुरू की गई अटल मिशन फॉर रिजुवेनेशन एंड अर्बन ट्रांसफॉर्मेशन (एएमआरयूटी), स्मार्ट सिटीज मिशन और प्रधानमंत्री आवास योजना-शहरी (पीएमएवाई-यू) योजनाओं की 9वीं वर्षगांठ मनाई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा 25 जून 2015 को शुरु की गई इन योजनाओं ने सामूहिक रूप से शहरों के बुनियादी ढांचे को पूरी तरह से बदल कर रख दिया है। जिससे देश में लाखों लोगों के जीवन की गुणवत्ता में सुधार आया है। इस पर अमृत योजना की अतिरिक्त सचिव डी थारा और पीएमएवाई-शहरी के संयुक्त सचिव कुलदीप नारायण ने संबंधित मिशनों की शुरुआत से लेकर अब तक की प्रगति की जानकारी दी। पीएमएवाई-यू योजना की सफलता को लेकर बुकलेट भी जारी की गई, जिसमें इस योजना के सफलता और क्रियान्वयन को लेकर विस्तार से जानकारी दी गई है। सतत शहरी बुनियादी ढांचे में अग्रणी अमृत ने अपनी शुरुआत से ही ऐसा बुनियादी ढांचा बनाने का लक्ष्य रखा है जो नागरिकों के लिए सीधे सेवा प्रावधान में सुधार करे। अमृत 2.0, मूल मिशन का विस्तार है, जिसने जल आपूर्ति, सीवरेज प्रबंधन और जल निकायों के कायाकल्प में महत्वपूर्ण प्रगति की है। अमृत 2.0 के तहत कुल 8200 परियोजनाओं पर 9182,583.07 करोड़ रुपए खर्च किए गए हैं। जिसमें से जलापूर्ति के लिए 3530, सीवरेज व सेप्टेज प्रबंधन के लिए 562 परियोजनाएं, जल निकाय पुनरुद्धार के लिए 2709 परियोजनाएं, पार्कों के विकास के लिए 1399 परियोजनाओं जैसी कई परियोजनाएं शामिल हैं। प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी (पीएमएवाई-यू) को 25 जून 2015 को पीएम मोदी द्वारा सभी के लिए आवास के विजन के साथ लॉन्च किया गया था। पीएमएवाई-यू के तहत शहरी भारत के पात्र लाभार्थियों को सभी बुनियादी सुविधाओं के साथ बारहमासी पक्के घर उपलब्ध कराए जाते हैं।



**राज्यों के लिए नई योजना का भी ऐलान...**

आवास और शहरी विकास मंत्रालय ने शहरों में बुनियादी शहरी नियोजन पारिस्थितिकी तंत्र में सुधार और गति लाने के लिए पूंजी निवेश 2023-24 और 2022-23 (शहरी नियोजन सुधार) के लिए राज्यों की विशेष सहायता करने का ऐलान किया है। साथ ही एक योजना की घोषणा की है। आवास एवं शहरी मामलों के मंत्रालय द्वारा घोषित योजनाओं के जरिए राज्यों को अनुकूल उप-नियमों और राज्यों द्वारा सक्षम नीति अपनाने के माध्यम से किफायती आवास (66 वर्ग मीटर तक निर्मित क्षेत्र) के लिए सक्षम पारिस्थितिकी तंत्र बनाने के लिए प्रोत्साहित करेगा। योजना के तहत, राज्यों ने बताया है कि उनकी किफायती आवास नीति के तहत सक्षम प्रावधानों के माध्यम से, पिछले चार-पांच वर्षों में गुजरात, हरियाणा, ओड़िशा, छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र, राजस्थान, तमिलनाडु, असम और उत्तर प्रदेश जैसे राज्यों में लगभग 5 लाख आवास का निर्माण किया गया है। राज्यों द्वारा दी गई सूचना के अनुसार, 2023-2024 के दौरान असम, गुजरात, महाराष्ट्र, हरियाणा और राजस्थान जैसे पांच राज्यों में लगभग 44,000 आवास इकाइयों का निर्माण किया गया है।


**उत्तर पश्चिम रेलवे**

**ई-निविदा सूचना**

**ई निविदा सूचना सं. एस एण्ड टी-जेयू-07-2024-25** भारत के राष्ट्रपति की ओर से और उनके लिए मंडल रेल प्रबन्धक/सं.व.दू.उ.प.रे., जोधपुर द्वारा निम्नलिखित सिगनलिंग एवं टेलीकॉम सम्बन्धी कार्य हेतु मुहरबंद ई निविदाएं आमंत्रित की जाती है। **1. कार्य का नाम:** जोधपुर मंडल के 12 स्टेशनों पर आरडीएसओ द्वारा अनुमोदित कोच इंडिकेशन बोर्ड और संबंधित उपकरणों के प्रावधान का कार्य। **2. कार्य की अनुमानित लागत:** रुपये 6,90,74,054/- **3. ई निविदा जमाकर्ता कार्यालय का पूर्ण पता:** वरि. मंडल सिगनल एवं दूरसंचार इंजी. मंडल रेल प्रबन्धक कार्यालय हरीश जोशी मार्ग जोधपुर **4. बयाना राशि (EMD) :** रुपये 4,95,400/- **5. ई निविदा प्रपत्र जमा कराने एवं खुलने की तारीख व समय:** 16.07.2024 को 11.00 बजे तक। तथा ई टेंडर ऑन लाईन आई आर ई पी एस 11.00 बजे बन्द होने के तुरन्त बाद खोली जायेगी। **6. वैबसाईट विवरण एवं नोटिस बोर्ड व कार्यालय जहाँ से टेण्डर का विवरण देखा जा सकें। एवं खरीद की जा सकें।: www.ireps.gov.in नोट:-** यह एक ई टेण्डर हैं इसलिए इसमें भाग लेने के लिए ठेकेदार ई टेण्डरिंग के द्वारा उल्लेखित वैबसाईट पर टेण्डर डाले। 725-AJ/24

हमें /NWRailways NWRailways_ पर फॉलो करें


## दिल्ली में कांग्रेस की मजबूती के लिए हर जिले में होंगी बैठकें : देवेन्द्र

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी): दिल्ली प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष देवेन्द्र यादव ने मंगलवार को आदर्श नगर जिला कांग्रेस कमेटी की कार्यकारिणी की बैठक की। इस बैठक का आयोजन रानी बाग में जिलाध्यक्ष मनोज यादव ने किया तथा करावल नगर जिला कांग्रेस कमेटी की कार्यकारिणी की बैठक का आयोजन बुराड़ी में जिलाध्यक्ष आदेश भारद्वाज ने किया। जिला कांग्रेस की बैठकों में संगठन को मजबूती देने पर भी चर्चा हुई और तीन प्रस्ताव पास किए गए जिनमें पहला सभी जिला और ब्लाक कांग्रेस कमेटियों की मासिक बैठक की जाएगी, दूसरा सभी जिला और ब्लाक कांग्रेस कमेटियों के कार्यकर्ताओं के घरों पर पार्टी का झंडे लगाएंगे और तीसरा दिल्ली भर में अलग-अलग सामाजिक समुदायों, आरडब्लूए व एनजीओ के साथ समन्वय स्थापित करके कांग्रेस के साथ जोड़ा जाएगा। बैठक में कन्हैया कुमार, कम्युनिकेशन विभाग के चेयरमैन एवं पूर्व विधायक अनिल भारद्वाज, मुदित अग्रवाल, सिद्धार्थ राव आदि थे। देवेन्द्र यादव ने कहा कि संगठन को जमीनी स्तर तक मजबूत बनाने और संगठन के साथ और अधिक कार्यकर्ताओं जोड़ने के लिए प्रदेश कांग्रेस ने सभी जिला कांग्रेस कमेटियों की कार्यकारिणी की बैठकें बुलाई जा रही है।




**GOVERNMENT OF HARYANA TENDER NOTICE**

PRDH R.O.No. 11/2025/360/27154/I/142/7 Dt. 25/06/2024

| SR. NO | NAME OF DEPARTMENT | NAME OF WORK NOTICE TENDER | OPENING DATE CLOSING DATE | AMOUNT / EMD (APPROX.) IN RUPEES | WEBSITE OF THE DEPARTMENT | NODAL OFFICER/CONTACT DETAILS/EMAIL |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | PANCHAYATI RAJ REWARI | SUPPLY AND INSTALLATION OF 1215 NO STREET LIGHT ON PHIRNI VARIOUS 35 VILLAGES IN DISTT. REWARI | 21.06.2024 27.06.2024 | 231.97 LACS | https://etenders.hry.nic.in | 9416421261 prexeeng.rwr@hry.nic.in |
| 2 | PUBLIC HEALTH ENGINEERING MANDI DABWALI | GANGA :- DESIGNING, CONSTRUCTION, COMMISSIONING OF 2 MLD STP BASED ON SBR TECHNOLOGY WITH 2.00 MLD MPS FOLLOWED BY CHLORINATION WITH ALL CIVIL STRUCTURES I.E. BOUNDARY WALL, PAINT, C.C. ROAD, PLINTH PROTECTION ETC., ELECTRICAL, MECHANICAL, INSTRUMENTATION WORKS AND INSTALLATION OF 2 NO. MECHANICAL COARSE SCREEN IN EXISTING MPS INCLUDING OPERATION AND MAINTENANCE OF STP AND MPS FOR 6 YEARS INCLUDING 12 MONTHS DEFECT LIABILITY PERIOD AFTER TRIAL RUN OF 3 MONTHS AT VILLAGE GANGA, DISTT. SIRSA. CH. HEAD:- GANGA: - PROVIDING SEWERAGE SYSTEM AND CONSTRUCTION OF STP AT VILLAGE GANGA DISTT. SIRSA. | 22.06.2024 08.07.2024 | 474.40 LACS | https://etenders.hry.nic.in | 8730000001 ee.mandidabwali@gmail.com |
| 3 | PUBLIC HEALTH ENGINEERING MANDI DABWALI | KALANWALI RURAL:- `DNIT FOR CONSTRUCTION OF UGR, PUMP CHAMBER, B/WALL, P/F MACHINERY AT B/S, LAYING OF RISING MAIN AND DISTRIBUTION PIPELINE IN VILLAGE AND MISC. WORK AT WATER WORKS KALANWALI RURAL.` CH. TO. KALANWALI RURAL:- `ESTIMATE FOR CONSTRUCTION OF BOOSTING STATION AND UPGRADATION OF DISTRIBUTION SYSTEM AT VILLAGE KALANWALI DISTT. SIRSA. (DEMAND DURING JAN SAMVAD BY HON`BLE C.M.) [WORK CODE- PUH/2023-24/95875]` {HEAD - P-01-38-4215-01-102-93-94-N-V- RURAL WATER SUPPLY (SP) -AUGMENTATION WATER SUPPLY} + 2 WORKS | 20.06.2024 04.07.2024 | 282.99 LACS | https://etenders.hry.nic.in | 8730000001 ee.mandidabwali@gmail.com |
| 4 | PUBLIC HEALTH ENGINEERING MANDI DABWALI | KURANGAWALI VILLAGE:- `DNIT FOR CONSTRUCTION OF RCC FILTER BED, HLT, CLEAR WATER TANK, CWSW,RWSW, P/CHAMBER, LAYING OF RCC PIPE CHANNEL, CONST. OF S/S TANK, LAYING OF DISTRIBUTION PIPE LINE IN VILLAGE AND MISC. REPAIR WORKS AT WATER WORKS.` CH. TO:- KURANGAWALI:- ESTIMATE FOR RENOVATION/AUGMENTATION OF WATER SUPPLY SCHEME AND STRENGTHENING OF DISTRIBUTION SYSTEM AT VILLAGE KURANGAWALI DISTT. SIRSA.(DEMAND DURING JAN SAMVAD BY HON`BLE C.M. AND M.P.) [WORK CODE- PUH/2023-24/8405] {HEAD - P-01-38-4215-01-102-93-94-N-V- RURAL WATER SUPPLY (SP) -AUGMENTATION WATER SUPPLY} + 3 WORKS | 20.06.2024 05.07.2024 | 760.86 LACS | https://etenders.hry.nic.in | 8730000001 ee.mandidabwali@gmail.com |
| 5 | PANCHAYATI RAJ ROHTAK | PILANA1 RENOVATION OF MAIN BUS STAND CHAUPAL AT VILLAGE PILANA + 18 WORKS | 21.06.2024 08.07.2024 | 201.06 LACS | https://etenders.hry.nic.in | 01262254150 prexeeng.roh@hry.nic.in |
| 6 | ZILA PARISHAD PALWAL | ANNUAL REPAIR OF VARIOUS LINK ROADS OF ZILA PARISHAD, PALWAL. GROUP A (ROAD ID- 691, 746, 763,726, 8276,8579,8309,8329) F.Y 2024-25. + 4 WORKS | 20.06.2024 28.06.2024 | 39.40 LACS | https://etenders.hry.nic.in | 7015379500 prexeeng.pwl@hry.nic.in |
| 7 | PWD B&R NARNAUL | SIGNAGE WORK IN GOVT. MEDICAL COLLEGE AT VILLAGE KORIYAWAS IN MOHINDERGARH DISTRICT... | 18.06.2024 01.07.2024 | 245.97 LACS | https://etenders.hry.nic.in | 01282251267 pwd-eepd-narnaul@hry.nic.in |
| 8 | IRRIGATION & WATER RESOURCES DEPARTMENT HARYANA ROHTAK | FILLING OF NANSER POND FROM RD 30015/L OF ASSAN MINOR OF VILLAGE ASSAN DISTT. ROHTAK. + 2 WORKS | 24.06.2024 01.07.2024 | 20.27 LACS | https://etenders.hry.nic.in | 9812111077 xenwsdnrtk@gmail.com |
| 9 | PANCHAYATI RAJ BADHRA CHARKHI DADRI. | PAVEMENT OF PHIRNI WITH IPB BEHIND SHYAM SUNDER VATIKA AT VILLAGE SANKROAD + 3 WORKS | 22.06.2024 01.07.2024 | 64.55 LACS | https://etenders.hry.nic.in | 9416927275 xenprcharkhidadri@gmail.com |
| 10 | PANCHAYATI RAJ BADHRA CHARKHI DADRI. | CONSTRUCTION OF NALA AND LAYING OF PIPE LINE H/O SOMBIR S/O KARTAR TO OLD AGE HOME AT VILL PANCHGAON BLOCK BADHRA (P. SAMITI) | 22.06.2024 01.07.2024 | 6.07 LACS | https://etenders.hry.nic.in | 9416927275 xenprcharkhidadri@gmail.com |
| 11 | PANCHAYATI RAJ BHIWANI | 648 CONSTRUCTION OF FIRNI AT VILLAGE :-SOHANSARA BLOCK LOHARU SCHEME .HRDF | 19.06.2024 28.06.2024 | 83.93 LACS | https://etenders.hry.nic.in | 01664243927 prexeeng.bhw@hry.nic.in |
| 12 | PWD B&R CHANDIGARH AT PANCHKULA | DEVELOPMENT OF LANDSCAPING WORK OF CIVIL ENCLAVE AT AMBALA FOR COMMENCEMENT OF FLIGHT OPERATIONS UNDER RCS UDAN SCHEME IN AMBALA DISTRICT | CLOSING DATE 15.07.2024 | 68.77 LACS | https://etenders.hry.nic.in | 9779691170 hortdivisionhrpwd@yahoo.com |
| 13 | PANCHAYATI RAJ AMBALA | VANGY CONST. OF HALL INSIDE KHEL GROUND IN VILLAGE OJLAN AND CONST. OF HALL NEAR SHAMSHAN GHAT IN VILLAGE MIRZAPUR BLOCK AMBALA-1 + 3 WORKS | 20.06.2024 27.06.2024 | 75.34 LACS | https://etenders.hry.nic.in | 0171-2551368 prexeeng.amb@hry.nic.in |
| 14 | PANCHAYATI RAJ AMBALA | DISCRETIONARY CONST. OF RETAINING WALL OF POND IN VILLAGE DHANKAUR, BLOCK- AMBALA-II + 1 WORKS | 20.06.2024 27.06.2024 | 26.37 LACS | https://etenders.hry.nic.in | 0171-2551368 prexeeng.amb@hry.nic.in |
| 15 | PANCHAYATI RAJ KARNAL | INSTALLATION OF HAND PUMP IN SHAMSHAN GHAT ROHAT PATTI, INSTALLATION OF HAND PUMP IN SC SHAMSHAN GHAT, INSTALLATION OF HAND PUMP IN SHAMSHAN GHAT AND INSTALLATION OF HAND PUMP AND CONST. OF RASTA IN SHAMSHAN GHAT NEAR MANSUR MULLANA PATTI AT VILLAGE SAMBHLI BLOCK NISSING DISTRICT KARNAL | 24.06.2024 01.07.2024 | 3 LACS | https://etenders.hry.nic.in | 9813805200 prexeeng.krl@hry.nic.in |
| 16 | PWD B&R HANSI | SPECIAL REPAIR OF JIND BARWALA AGROHA ADAMPUR ROAD (SH-10) BY PDG BC IN KM 50.48 TO 61.29 AND CC PAVEMENT IN KM 61.29 TO 62.29 IN HISAR DISTT. (WITHOUT GST) | 24.06.2024 08.07.2024 | 845.55 LACS | https://etenders.hry.nic.in | 01663-259688 pwd-eepd-hansi@hry.nic.in |
| 17 | SHKM GOVT MEDICAL COLLEGE NALHAR NUH HARYANA | TENDER FOR PURCHASE OF QR CODE STICKERS WITH AUTOMATED WASTE COLLECTION SYSTEM SOFTWARE SERVER FOR BMW | CLOSING DATE 04.07.2024 | 10000/- | https://etenders.hry.nic.in | 01267-282007 tendergmcmewat@gmail.com |
| 18 | PANCHAYATI RAJ SAMPLA ROHTAK | KHARAWAR RENOVATION OF NADAN PANA CHOUPAL AT VILLAGE KHARAWAR PANCHYAT-SFC/PRI + 3 WORKS | 24.06.2024 01.07.2024 | 35.71 LACS | https://etenders.hry.nic.in | 9416521482 sdoprsampla@gmail.com |

**FOR FURTHER INFORMATION KINDLY VISIT : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in**

# छत्तीसगढ़ सीएम विष्णुदेव साय ने प्रधानमंत्री मोदी से की मुलाकात



**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी) : छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से संसद भवन में मुलाकात की। इस मौके पर उन्होंने नरेंद्र मोदी को तीसरी बार देश का प्रधानमंत्री बनने पर बधाई दी। मुलाकात के दौरान मुख्यमंत्री साय ने प्रधानमंत्री को अमृतकाल : छत्तीसगढ़ विजन @2047 'विजन डॉक्यूमेंट' के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि इसका निर्माण राज्य नीति आयोग द्वारा किया जा रहा है जिसे एक नवंबर को राज्य की जनता को समर्पित किया जाएगा।

मुख्यमंत्री ने विगत छह माह में माओवादी विरोधी अभियानों में की गयी कार्रवाई की जानकारी प्रधानमंत्री को दी। नियद नेल्लानार योजना (आपका आदर्श गाँव) के बारे में जानकारी देते हुए मुख्यमंत्री ने बताया कि इस योजना के तहत नक्सलियों के आधार को कमजोर करने व शासन-प्रशासन व ग्रामीणों के बीच परस्पर विश्वास बहाली का कार्य किया जा रहा है। इस योजना के तहत वर्तमान में 23 कैंप खोले गए हैं, जिनमें 90 ग्राम शामिल हैं तथा भविष्य में 29 कैंपों को प्रारंभ करने की योजना है। पीएम मोदी से मुलाकात के बाद उन्होंने केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह से भी संसद भवन में मुलाकात की।

## स्पेक्ट्रम : पहले दिन करीब 11,000 करोड़ की बोलियां लगी

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी) : दूरसंचार कंपनियों ने स्पेक्ट्रम नीलामी के पहले दिन मंगलवार को पांच दौर में करीब 11,000 करोड़ रुपये मूल्य की बोलियां लगाईं। सूत्रों ने यह जानकारी दी। सरकार 96,238 करोड़ रुपये के आरक्षित मूल्य पर 10,500 मेगाहर्ट्ज स्पेक्ट्रम की नीलामी कर रही है। इसके लिए दूरसंचार सेवा प्रदाताओं से बोलियां आमंत्रित की गई हैं। दूरसंचार कंपनियों ने पहले दिन की स्पेक्ट्रम नीलामी में करीब 11,000 करोड़ रुपये की बोलियां लगाई हैं। नीलामी बुधवार को फिर शुरू होगी। दूरसंचार विभाग की तरफ से पहले दिन की नीलामी के बारे में जारी रिपोर्ट के मुताबिक, बोलियां मुख्य रूप से 900 और 1,800 मेगाहर्ट्ज स्पेक्ट्रम के बैंड में लगाई गई हैं।

## करतारपुर साहिब में महाराजा रणजीत सिंह की प्रतिमा स्थापित करेगी पाक सरकार

**लाहौर,** (भाषा): पाकिस्तान के पंजाब सूबे की सरकार ने मंगलवार को बताया कि वह सिख साम्राज्य के पहले शासक महाराजा रणजीत सिंह की प्रतिमा को बुधवार को करतारपुर साहिब में स्थापित करेगी ताकि भारत से आने वाले श्रद्धालु भी उसे देख सकें। इस प्रतिमा को कट्टरपंथियों ने दो बार क्षतिग्रस्त कर दिया था जिसे अब एक बार फिर मरम्मत कर यहां स्थापित किया जाएगा। करतारपुर साहिब को गुरुद्वारा दरबार साहिब के नाम से भी जाना जाता है जो लाहौर से करीब 150 किलोमीटर पूर्वोत्तर में भारत की सीमा के नजदीक है।

# उड़द देशी, अरहर, चना व तेलों में मंदी का रुख



**नई दिल्ली,** (एनएनएस)। स्टॉकस्टों की लिवाली कमजोर पड़ने से उड़द देशी, रंगून एफएक्यू, एसक्यू, अरहर रंगून तथा देशी महाराष्ट्र में 100-175 रुपए प्रति क्विंटल की मंदी आई। चना खड़ी मोटर राजस्थान तथा एमपी चना दाल लोकल तथा बढ़िया में 75-100 रुपए प्रति क्विंटल की मंदी दर्ज की गई। गेहूं दड़ा मिल पहुंच तथा चक्की पहुंच में 15-20 रुपए प्रति क्विंटल की मंदी आई। तिलहन बाजार में, स्टॉकिस्टों की लिवाली कमजोर ही बनी होने तिल तेल में 200 रुपए, सरसों में 50 रुपए तथा बिनौला मिल डिलीवरी में 20 रुपए प्रति क्विटल की मंदी दर्ज की गई। चीनी बाजार में, लिवाली कमजोर पड़ने से विभिन्न मिलों की चीनी में 10-16 रुपए प्रति क्विंटल की मंदी दर्ज की गई।

**लोहा व इस्पात** : सरिया: कामधेनु: (8 एमएम) 68400, (10 एमएम) 67300, (12 एमएम) 64900, (16-25 एमएम) 66100, कामधेनु पीएएस-10000 (पीस): (8 एमएम) 380, (10) 583, (12) 823, (16) 1465, (20 एमएम) 2290, (25 एमएम ) 3575, अम्बा शक्ति -500 एसडी: (8 एमएम) 68200, (10 एमएम)66500, (12 एमएम) 65600, (16-25 एमएम) 65300, (32 एमएम) 64700, अम्बा शक्ति-ट्राईकोर (8 एमएम) 68000, (10) 66000, (12) 65500, (16-25) 65500, (32) 65500, केवीएस टीएमटी बार (8 एमएम) 68300, (10) 66600, (12) 65600, (16-25) 64700, (28-32) 64800, बिरला (8 एमएम) 67800, (10 एमएम) 64800, (12 एमएम) 65200, (16-25 एमएम) 64800, टीएमटी: जयभारत: (8 एमएम) 67800, (10 एमएम) 66700, (12 एमएम) 65300, (16-25 एमएम) 65000, अनमोल-500 एसडी: (8 एमएम) 67200, (10 एमएम) 66700, (12 एमएम) 65400, (16-25 एमएम) 65500, चैनल: राना (जीएसटीअतिरिक्त) 54000, एमएस (केवीएस) (75&40) (100&50) 56200, जयभारत 53000, अनमोल 53000, बिरला 55300, गार्डर (ज्वाइस्ट): जयभारत 54000, अनमोल 54000, टी-आयरन: राना 54000, (बिलट): (ढाई से तीन इंच) 44400, (साढ़े तीन इंच) 45400, (चार इंच) 45800, (पांच इंच) 45700, (छ: इंच) 45700, स्क्रैप: पुरानी 40000, मैल्टिंग स्क्रैप 41500, इंगट 46000, राउंड 51000

**अलौह धातु :** एंटीमनी: चीन &, कैडमियम: रॉड &, मैक्सिको &, प्लेट &, लैड (सीसा): बैट्री सफेद &, बैट्री काला 101.50, देशी मुलायम 188/206, देशी सख्त (एक-डेढ़ प्रतिशत) 188/206, चार प्रतिशत 193/210, पी.पी.&, गन मैटल स्क्रैप: लोकल &, मिक्स &, जालंधर &, स्टील बर्तन &, ब्रास (पीतल): हनी 548, रेडिएटर देशी 366, रेडिएटर विदेशी 366, चादरी देशी 518, जिंक (जस्ता): इंगट (पटरा) एचजेडएल 268, एजेड 272, आईजेड 265, आईजे 267,पीएमआई 226, ड्रास (ढीमा) 204, निकिल कैथोड: रसियन- (4&4) 1520, (8&8) 1525, (4&24) 1530, नार्वे (4&4) 1540, (4&24) 1545, कॉपर (तांबा): आरमेचर प्लांट 771, भटठी 769, सीसी 855, एल्यूमीनियम: सीजी इंगट 236, शीट कटिंग 215,

## 12 राशियां और आपका दिन



Forecast for 26 June, 2024
By: Dr. Prem Kumar Sharma
(Astrologer, Palmist, Numerologist & Vastu Consultant)
Email: psharma@premastrologer.com,
Url: http://www.premastrologer.com
Contact: Panchkula: +91-172-2562832, 2572874
Delhi: +91-11-47033152/40532026




**मेष ARIES** (21 मार्च- 20 अप्रैल) सेहत को लेकर पूरा निश्चिंत रहें,सब ठीक रहेगा। पूर्व के निवेश से अच्छा रिटर्न मिलने के संकेत हैं। घर में होनेवाले कार्यक्रम में बड़ी भूमिका रहेगी। जॉब ढूंढ़ने वालों को सफलता मिलने के संकेत हैं। नया उद्यम उन्नति की रफ्तार पकड़ सकता है। **लकी नंबर : 22, लकी कलर : ग्रे**

**वृषभ TAURUS** (21 अप्रैल- 20 मई) मैन मैनेजमेंट के मामले में आपकी काबिलियत दिखेगी। नए लोग ऑफिस में अपनी जगह बनाने में सफल रहेंगे। परिवार के किसी सदस्य को अच्छी सलाह दे सकते हैं। **लकी नंबर : 1, लकी कलर : मैरून**

**मिथुन GEMINI** (21 मई- 21 जून) फिजिकल फिटनेस पर ध्यान देना शुरु कर सकते हैं। कार्यक्षेत्र में सकारात्मक बदलाव आने वाला है। अनअपेक्षित श्रोत से आमदनी होने की संभावना है। विदेश यात्रा पर जाने का अवसर मिलने वाला है। **लकी नंबर : 8, लकी कलर : ब्लू**

**कर्क CANCER** (22 जून- 22 जुलाई) व्यायाम छोड़ चुके लोग एक बार फिर सक्रिय होंगे। घरेलू स्तर पर सुधार के लिए कुछ ठोस कदम उठाएंगे। ऑफिस में प्रतिद्वंदियों से सजग रहने की जरुरत है। वैवाहिक जीवन में मधुरता बनाए रखनी होगी। **लकी नंबर : 4, लकी कलर : सैफ्रॉन**

**सिंह LEO** (23 जुलाई- 23 अगस्त) बचत की आदत डालें,खर्च पर नियंत्रण जरुरी है। करियर के क्षेत्र में अच्छा ब्रेक मिलने वाला है। विदेश यात्रा का प्लान बन सकता है,तैयार रहें। प्रॉपर्टी से अच्छा रिटर्न आने की संभावना है। **लकी नंबर : 1, लकी कलर : लाइट येलो**

**कन्या VIRGO** (24 अगस्त- 23 सितंबर) अकेडमिक स्तर पर कुछ परेशानी आ सकती है। पेशेवर क्षेत्र में माहौल के अनुकूल ढलना होगा। शहर के बाहरी इलाके में घूमने जा सकते हैं। सेहत के मामले में लकी रहेंगे,चिंता दूर होगी। प्रॉपर्टी से शानदार रिटर्न मिलने वाला है। **लकी नंबर : 17, लकी कलर : गोल्डन**

**तुला LIBRA** (24 सितंबर- 23 अक्टूबर) वित्तीय मामले में सही मैनेजमेंट की जरुरत होगी। कार्यक्षेत्र में सुकूनदायक स्थिति बन सकती है। फिटनेस के प्रति आपकी जागरुकता बढ़ेगी। परिवार में कुछ रोमांचक आयोजन होने वाला है। किसी असाइंमेंट के कारण विदेश जाना पड़ेगा। **लकी नंबर : 1, लकी कलर : मैजेंटा**

**वृश्चिक SCORPIO** (24 अक्टूबर-22 नवंबर) पूर्व के निवेश से अच्छा रिटर्न आने की उम्मीद है। बैंक बैलेंस हेल्दी रहेगा,खुलकर खर्च कर पायेंगे। वॉकिंग या जॉगिंग को रुटिन में शामिल करेंगे। पैरेंट्स से कोई बात मनवाना कठिन हो सकता है। रोड पर गाड़ी चलाते समय विशेष सावधानी रखें। **लकी नंबर : 6, लकी कलर : पीच**

**धनु SAGITTARIUS** (23 नवंबर- 21 दिसंबर) अपनी कार्यकुशलता से लोगों को प्रभावित करेंगे। चुनौतिपूर्ण काम को भी सहज ढ़ंग से कर सकते हैं। तय किए गए प्लान को सफलतापूर्वक अंजाम देंगे। लांग ड्राइव पर जाएंगे, बेहद यादगार रहने वाला है। **लकी नंबर :11, लकी कलर : मैरून**

**मकर CAPRICORN** (22 दिसंबर-21 जनवरी) करीबी लोगों के सपोर्ट से कार्य में सफलता मिलेगी। दोस्तों के साथ पिकनिक पर जाने की संभावना है। फाइनेंशियल मामले में सजग रहने की जरुरत है। **लकी नंबर : 9, लकी कलर : रेड**

**कुंभ AQUARIUS** (22 जनवरी- 19 फरवरी) फाइनेंशियल स्कीम से चमत्कारिक फायदा होगा। दूर रहने वाले सदस्य फैमीली से मिलने आ सकते हैं। आपको कोई बड़ा सरप्राइज मिलने वाला है। ट्रिप पर जाने वालों के लिए समय अनुकूल रहेगा। जीवनसाथी की इमोशनल हेल्थ का ध्यान रखें। **लकी नंबर :6, लकी कलर : पर्पल**

**मीन PISCES** (20 फरवरी- 20 मार्च) व्यावसायिक स्तर पर अच्छा दिन रहने वाला है। अपने आइडिया को इंप्लिमेंट करने में सफल रहेंगे। परिवार में खुशी और उत्साह का माहौल रहेगा। लंबे समय से प्लान किया हुआ ट्रिप पूरा हो जाएगा। प्रॉपर्टी से शानदार रिटर्न मिलने के संकेत हैं। **लकी नंबर : 18, लकी कलर : ब्राउन**

## गुणवत्ता जांच में 52 दवाओं के नमूने हुए विफल

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी): भारत के सर्वोच्च औषधि नियामक निकाय ने लगभग 50 दवाओं के नमूनों को मानक गुणवत्ता के अनुरूप नहीं पाया है। इन दवाओं में व्यापक रूप से इस्तेमाल की जाने वाली पैरासिटामोल, पैंटोप्राजोल और कुछ एंटीबायोटिक दवाएं शामिल हैं। केंद्रीय औषधि मानक नियंत्रण संगठन (सीडीएससीओ) द्वारा मई महीने के लिए जारी अलर्ट के अनुसार, जिन दवाओं को मानक गुणवत्ता के अनुरूप नहीं पाया गया है उनमें 22 हिमाचल प्रदेश में निर्मित हैं। हिमाचल प्रदेश के अलावा, नमूने जयपुर, हैदराबाद, गुजरात के वाघोडिया और वडोदरा, आंध्र प्रदेश और मध्य प्रदेश के इंदौर सहित अन्य स्थानों से एकत्र किए गए थे। बीस जून को जारी अलर्ट के अनुसार, सीडीएससीओ द्वारा आयोजित गुणवत्ता परीक्षण में कुल 52 नमूने विफल रहे हैं। सूत्रों ने कहा कि राज्य दवा नियामकों ने कथित तौर पर संबंधित दवा कंपनियों को नोटिस भेजा है और विफल नमूनों को बाजार से वापस लिया जाएगा। मानक गुणवत्ता की नहीं पाई गई दवाओं की सूची में क्लोनाजेपम टैबलेट शामिल है, जिसका उपयोग दौरे और घबराहट के इलाज के लिए किया जाता है।

## सेक्टर -142 तक नए मेट्रो कॉरिडोर के निर्माण के लिए मिली मंजूरी

**नोएडा,** (पंजाब केसरी): नोएडा के यातायात व्यवस्था में एक बड़ा बदलाव आने वाला है। उत्तर प्रदेश सरकार ने बोटेनिकल गार्डन मेट्रो स्टेशन से सेक्टर-142 तक एक नए मेट्रो कॉरिडोर के निर्माण को मंजूरी दे दी है। यह परियोजना न केवल नोएडा के आंतरिक परिवहन को बेहतर बनाएगी, बल्कि दिल्ली और ग्रेटर नोएडा के बीच यात्रा को भी आसान करेगी।

एनएमआरसी निदेशक लोकेश एम ने बताया कि नया मेट्रो कॉरिडोर 11.56 किलोमीटर लंबा होगा। यह लाइन दिल्ली मेट्रो और नोएडा की एक्वा लाइन को जोड़ेगी, जिससे तीनों शहरों के बीच सीधा संपर्क स्थापित होगा। वर्तमान में, लगभग 80,000 लोग प्रतिदिन ग्रेटर नोएडा और दिल्ली के बीच यात्रा करते हैं। इस नए कॉरिडोर पर कुल 8 मेट्रो स्टेशन होंगे। सेक्टर 142 मेट्रो स्टेशन पर एक बड़ा इंटरचेंज बनाया जाएगा, जो यात्रियों को विभिन्न लाइनों के बीच आसानी से स्थानांतरित होने की सुविधा देगा।

## कंपनी में सुरक्षा गार्ड का शव मिला

**नोएडा,** (पंजाब केसरी): थाना फेज-1 क्षेत्र के सेक्टर 2 स्थित एक कंपनी में सुरक्षा गार्ड के रूप में काम करने वाले व्यक्ति की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई है। कंपनी में शव मिले से हड़कंप मच गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

थाना प्रभारी निरीक्षक अमित भड़ाना ने बताया कि बहलोलपुर निवासी 55 वर्षीय सतीश सी-17 सेक्टर 2 स्थित एक कंपनी में सुरक्षा गार्ड के रूप में काम करता था। वह मंगलवार गंभीर हालत में फैक्ट्री के अंदर मिला। उसे इलाज के लिए नोएडा के जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। उन्होंने बताया कि पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया प्रथम दृष्टया ऐसा प्रतीत होता है कि उसकी मौत अत्यधिक शराब पीने से हुई है। घटना स्थल पर शराब की कई खाली बोतलें मिली हैं।


थाना सेक्टर-14 जिला-गुरुग्राम
शिकायतकर्ता कासीराम खनाल पुत्र बिनीराम खनाल निवासी गांव सिख थाना धारापानी जिला अधीरखांची लूम्नी नेपाल और वर्तमान समय में शिव मंदिर सेक्टर 46 गुरुग्राम
अभियोग नं. 154 दिनांक 23.05.2024 U/S 346 IPC PS SEC 14 GGM

विज्ञापन गुमशुदा व्यक्ति कृष्णा प्रसाद खनाल उम्र 33



सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि दिनांक 23 05.24 को शिकायतकर्ता कासीराम खनाल उपरोक्त ने हाजिर थाना आकर शिकायत दी की उसका भाई कृष्णा प्रसाद खनाल उम्र 33 दिनांक 24.04.2024 को अपने किसी मिलने वाले से मिलने के लिये राजीव नगर गुरुग्राम आया था। जो अब तक वापिस नहीं आया है। जिस पर उपरोक्त अभियोग अंकित किया गया है। अगर किसी को सुराग लगे तो SHO SEC-14 GGM को सूचित करें।
हुलिया-रंग गोरा, गोल चेहरा, हृष्ट-पुष्ट शरीर, कद 5-3 व जिसने नीले रंग की जींस, सफेद रंग की टी-शर्ट पैरों में जूते पहने हुए था।
थाना सेक्टर-14 गुरुग्राम नं. 0124 2300365
प्रबंधक थाना मोबाइल नं. 9205892118
अनुसंधान अधिकारी नं. 9991084334
PRDH-RO. No.1084/11/2467/2025/27141/142/7 dt. 25.06.2024

पहचान की अपील



सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि यह व्यक्ति जिसका नामः नामालूम, पुत्रः नामालूम, पताः नामालूम, लिंगः पुरूष, उम्रः लगभग 50 साल कदः 5फीट, 7इंच रंगः गेहुँआ, चेहराः लम्बा, शरीरः पतला, बालः काले, पहचान चिन्हः दायें गाल पर तिल, पहनावाः गुलाबी रंग की शर्ट और खाकी रंग की पैंट पहने हुए है, बरामदी स्थलः जो निसरिया मस्जिद सीएनजी पम्प, नई सीमापुरी दिल्ली के पास दिनांक 19.06.2024 को मृत पाया गया। इस संदर्भ में DD NO 111A दिनांक : 19.06.2024, थानाः सीमापुरी, दिल्ली में दर्ज है।
पुलिस द्वारा हर संभव कोशिश के बाद भी अब तक इस व्यक्ति के बारे में कोई जानकारी या सुराग नहीं मिल पाया है। यदि किसी भी व्यक्ति को इस व्यक्ति के बारे में कोई जानकारी या सुराग मिले तो अधोहस्ताक्षरी को निम्नलिखित पते पर सूचित करने की कृपा करें।
थाना प्रभारी
थाना : सीमापुरी, दिल्ली
DP/8072/SHD/2024 फोन : 011-22599394/97, 9811352001

छत्तीसगढ़ स्टेट बेवरेजेस कार्पोरेशन लिमिटेड, रायपुर
आबकारी भवन, छोकरानाला, लभाण्डी, रायपुर, छत्तीसगढ़
--: बीमा निविदा :-
निविदा विज्ञप्ति क्र./520 रायपुर, दिनांक 25.06.2024
छत्तीसगढ़ स्टेट बेवरेजेस कार्पोरेशन लिमिटेड, रायपुर की ओर से IRDA (Insurance Regulatory and Development Authority of India) के पंजीकृत बीमा कंपनियों / कार्पोरेशन से निगम के सिरगिट्टी गोदाम, बिलासपुर के बीमा हेतु निम्न बिन्दुओं पर निविदा आंमत्रित की जाती है।
1/ Policy for Godown Buildings & Office Insurance
2/ Policy for Fire, Natural Calamities, Theft & Burglary Insurance
बीमा संबंधी निविदा की सेवा शर्तें छत्तीसगढ़ स्टेट बेवरेजेस कार्पोरेशन लिमिटेड, आबकारी भवन, छोकरानाला, लभाण्डी, रायपुर के वेबसाइट csbc.cg.nic.in से प्राप्त किया जा सकता है। निविदा जमा करने की अंतिम दिनांक 09/07/2024 को समय 03:00 बजे तक, एवं प्राप्त निविदाओं को उसी दिन अपराह्न 4 बजे खोला जावेगा।
हस्ता./-महाप्रबंधक
छत्तीसगढ़ स्टेट बेवरेजेस कार्पोरेशन लिमिटेड, रायपुर
S-40555/3

पहचान के लिए अपील



सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि एक अज्ञात व्यक्ति जिसका नामः अशोक, पुत्रः संतोष, पताः पहाड़गंज होटल, नई दिल्ली जोकि दिनांक 20.06.2024 को शिवाजी स्टेडियम मेट्रो स्टेशन, मदर डायरी के पास, नई दिल्ली में मृत पाया गया। इस सन्दर्भ में DD No. 28A, दिनांक 20.06.2024, पुलिस थाना मंदिर मार्ग, नई दिल्ली में रिपोर्ट दर्ज है। नीचे अज्ञात मृत व्यक्ति की पहचान दी गई है:
नामः अशोक, उम्रः लगभग 40 वर्ष, कदः 5'5'', रंगः गेहुँआ, बनावटः पतला, चेहराः लंबा, पहनावाः गहरे हरे रंग की टी–शर्ट और सफेद रंग का तहमद काली परत के साथ और बिना चप्पल।
अगर किसी को इस मृत व्यक्ति के बारे में कोई जानकारी मिले कृपया नीचे दिए गए नंबर पर संपर्क करें।
थाना प्रभारी
पुलिस थाना मंदिर मार्ग, नई दिल्ली
DP/8021/NDD/2024 फोनः 011-23364100, 7011400413

अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा
धारा 82 Cr.P.C. देखिए
मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त सुधीर पुत्र श्री काली चरण निवासी गली नं. 10, सिसोदिया चौपाल गाँव झरोधा, बुराड़ी, दिल्ली ने प्रथम सूचना रिपोर्ट सं. 261/2019 धारा 380/411/34, थाना बुराड़ी, दिल्ली के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त सुधीर मिल नहीं रहा है, और मुझे समाधान प्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त सुधीर फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)। इसके खिलाफ माननीय अदालत द्वारा धारा 82 Cr.P.C. की कार्यवाही जारी हो चुकी है। इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि प्रथम सूचना रिपोर्ट सं. 261/2019 धारा 380/411/34, थाना बुराड़ी, दिल्ली के उक्त अभियुक्त सुधीर से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए 27.07.2024 को हाजिर हो।
आदेशानुसारः सुश्री पायल सिंगल,
महानगर दण्डाधिकारी–05 (केन्द्रीय)
कमरा नं. 286,
तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली
DP/8106/N/2024

अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा
धारा 82 Cr. P. C. देखिए
मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त किशन पुत्र शम्मी निवासी E-117/164 झुग्गी सुन्दर नगरी, दिल्ली FIR No. 498/2016. के अंतर्गत थाना : नन्द नगरी, दिल्ली के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त किशन मिल नही रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त किशन फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)
इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि FIR No. 498/2016. थानाः नन्द नगरी, दिल्ली के उक्त अभियुक्त किशन से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक 27.07.2024 को या इससे पहले हाजिर हो
आदेशानुसार
दिपाक्षी राणा Ld.
MM-03 शाहदरा
KKD कोर्ट्स दिल्ली
DP/8132/NE/2024-Court matter




योजना एवं विकास विभाग
कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
स्थानीय क्षेत्र अभियंत्रण संगठन, कार्य प्रमंडलकिशनगंज
निविदा आमंत्रण सूचना संख्या–01SBD/LAEOKISHANGANJ/2024-25
(केवल ई–टेन्डर पद्धति के अनुसार वेबसाईट www.eproc2.bihar.gov.inपर)
बिहार सरकार
बिहार के राज्यपाल महोदय की ओर से बिहार राज्य के किसी भी कार्य विभाग/निगम/अन्य राज्य सरकार/केन्द्र सरकार /सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम या राष्ट्रीय या अंतरराष्ट्रीय ख्याति के किसी भी एजेंसी में समुचित श्रेणी में निबंधित संवेदकों से प्रतिशत दर निविदा दो बीड प्रणाली (तकनीकी एवं वित्तीय) अन्तर्गत आमंत्रित किये जाते हैं। यदि संवेदक बिहार राज्य के किसी कार्य विभाग/निगम में पूर्व से निबंधित नहीं है, तब एकरारनामा के पूर्व निम्नलिखित कार्य का स्वीकार पत्र (लेटर ऑफ एक्सेपटेंस) प्राप्त होने के बाद बिहार राज्य के किसी भी कार्य विभाग/निगम (जिसमें निबंधन की प्रक्रिया लागू हो) में निबंधन कराना अनिवार्य होगा।
1.कार्यों की विवरणी : –

| ग्रुप संख्या | कार्य का नाम | परिमाण विपत्र की राशि | अग्रधन की राशि (ऑन लाईन मोड या ऑफ लाईन मोड में केवल B.G. के रूप में) (लाख रू0 में) | परिमाण–विपत्र का मूल्य (अप्रत्यर्पणीयकेवल ऑनलाइन मोड में भुगतान) (रूपये में) | बीड प्रोसेसिंग शुल्क (अप्रत्यर्पणीयकेवल ऑनलाइन मोड में भुगतान) (रूपये में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि (माह में) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 01. | 02 | 03 | 04 | 05 | 06 | 07 |
| 01 | किशनगंज जिला अन्तर्गत किशनगंज प्रखंड के टेउसा पंचायत में पंचायत सरकार भवन का निर्माण कार्य । | 3,13,63,590.00 | 6,28,000.00 | 10,000 | e-proc2 के बेब पेज के अनुसार | 14 months |
| 02 | किशनगंज जिला अन्तर्गत किशनगंज प्रखंड के सिंघिया कुलामनी पंचायत में पंचायत सरकार भवन का निर्माण कार्य। | 3,12,41,476.00 | 6,25,000.00 | 10,000 | e-proc2 के बेब पेज के अनुसार | 14 months |
| 03 | किशनगंज जिला अन्तर्गत दिघलबैंक प्रखंड के अठगछिया पंचायत में पंचायत सरकार भवन का निर्माण कार्य। | 3,20,23,000.00 | 6,41,000.00 | 10,000 | e-proc2 के बेब पेज के अनुसार | 14 months |
| 04 | किशनगंज जिला अन्तर्गत दिघलबैंक प्रखंड के जागीर पदमपुर पंचायत में पंचायत सरकार भवन का निर्माण कार्य। | 3,30,99,384.00 | 6,62,000.00 | 10,000 | e-proc2 के बेब पेज के अनुसार | 14 months |
| 05 | किशनगंज जिला अन्तर्गत दिघलबैंक प्रखंड के लक्ष्मीपुर पंचायत में पंचायत सरकार भवन का निर्माण कार्य। | 3,31,73,979.00 | 6,64,000.00 | 10,000 | e-proc2 के बेब पेज के अनुसार | 14 months |
| 06 | किशनगंज जिला अन्तर्गत बहादुरगंज प्रखंड के पलासमनी पंचायत में पंचायत सरकार भवन का निर्माण कार्य। | 3,29,50,192.00 | 6,60,000.00 | 10,000 | e-proc2 के बेब पेज के अनुसार | 14 months |
| 07 | किशनगंज जिला अन्तर्गत बहादुरगंज प्रखंड के भाटाबाड़ी पंचायत में पंचायत सरकार भवन का निर्माण कार्य। | 3,18,76,463.00 | 6,38,000.00 | 10,000 | e-proc2 के बेब पेज के अनुसार | 14 months |
| 08 | किशनगंज जिला अन्तर्गत बहादुरगंज प्रखंड के दुर्गापुर बनगामा पंचायत में पंचायत सरकार भवन का निर्माण कार्य। | 3,22,18,377.00 | 6,45,000.00 | 10,000 | e-proc2 के बेब पेज के अनुसार | 14 months |
| 09 | किशनगंज जिला अन्तर्गत बहादुरगंज प्रखंड के दुर्गापुर निशन्द्रा पंचायत में पंचायत सरकार भवन का निर्माण कार्य। | 3,21,69,532.00 | 6,44,000.00 | 10,000 | e-proc2 के बेब पेज के अनुसार | 14 months |

2. विज्ञापन निर्गत करने की तिथि : दिनांक –21.06.2024
3. निविदा कागजात अपलोड करने की प्रांम्भिक की तिथि एवं समय : दिनांक 09.07.2024 को 10.00 बजे पूर्वाहन से। (सिर्फ वेबसाईट www.eproc2.bihar.gov.in पर )
4. प्री–बीड मीटिंग का समय, स्थान एवं तिथि : दिनांक 10.07.2024 समय 3.00 बजे, मुख्य अभियंता का कार्यालय, स्थानीय क्षेत्र अभियंत्रण संगठन, विश्वेश्वरैया भवन,चतुर्थ तल, कमरा नं0–423, बेली रोड, पटना–800015
5. निविदा अपलोड करने की अंतिम तिथि एवं समय : दिनांक 16.07.2024 समय 3.00 बजे अपराह्न तक। (सिर्फ वेबसाईट www.eproc2.bihar.gov.in पर)
6. तकनीकी बीड खोलने की तिथि एवं समय : दिनांक 22.07.2024 समय 3.30 बजे अपराह्न से। (कंडिका 5 में उल्लेखित अंतिम तिथि से दो कार्य दिवस के पष्चात् की तिथि)। (सिर्फ वेबसाईट www.eproc2.bihar.gov.in पर)
7. वित्तीय बीड खोलने की तिथि एवं समय : सक्षम पदाधिकारी द्वारा बाद में घोषित की जायेगी। (सिर्फ वेबसाईट www.eproc2.bihar.gov.in पर )
8. निविदा खोलने का स्थान : www.eproc2.bihar.gov.in पर
9. निविदा की वैधता अवधि : 120 दिन( निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि के बाद )
10.विज्ञापनदाता का पदनाम एवं पता : कार्यपालक अभियंता, स्थानीय क्षेत्र अभियंत्रप संगठन प्रमण्डल, कार्य प्रमंडल किशनगंज।
कार्यपालक अभियंता
स्थानीय क्षेत्र अभियंत्रण संगठन,
कार्य प्रमंडल किशनगंज
PR. No. 002476 (Planning) 2024-25
विस्तृत जानकारी www.state.bihar.gov.in/prdbihar से प्राप्त की जा सकती है।
नशे से बचने का है एक ही उपचार, दृढ़ संकल्प और परिवार से प्यार।

उप निदेशक का कार्यालय भूगर्भ जल सर्वेक्षण प्रमंडल, दुमका।
शुद्धि पत्र
एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि इस प्रमंडल से आमंत्रित ई–निविदा जिसका e-Tender Reference No. : W.R.D/G.W.I.D/DUMKA/F2-01/2024-25 एवं PR No. 326821 MINOR IRRIGATION (24-25)_D है, का अग्रधन की राशि में निम्नांकित रुप से संशोधित किया जाता है :–

| क्र0सं0 | योजना का नाम | परिमाण विपत्र की राषि | अग्रधन की राषि | वेवसाइट में ई–निविदा प्रकाषन की तिथि एवं समय | ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय | ई–निविदा खोलने की तिथि | कार्य की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | दुमका तथा जामताड़ा जिला अन्तर्गत विभिन्न स्थलों पर 50 अदद् रेनवाटर हारभेस्टिंग रिचार्जपीट का निर्माण | 58,47,445.73 | 1,17,000.00 | 25.06.2024 को पूर्वाह्न 11 बजे से | 09.07.2024 को अपराह्न 05 बजे तक | 10.07.2024 को अपराह्न 05 बजे | 11 माह |
| 2 | दुमका तथा पाकुड़ जिला अन्तर्गत विभिन्न स्थलों पर 48 अदद् रेनवाटर हारभेस्टिंग रिचार्जपीट का निर्माण | 56,34,556.83 | 1,13,000.00 | 25.06.2024 को पूर्वाह्न 11 बजे से | 09.07.2024 को अपराह्न 05 बजे तक | 10.07.2024 को अपराह्न 05 बजे | 11 माह |

शेष निविदा की सभी शर्तें पूर्ववत रहेगी ।
ह0/–
उप निदेशक,
भूगर्भ जल सर्वेक्षण प्रमंडल, दुमका।
PR 327568 Minor Irrigation(24-25)D

ईशावास्यमिदं सर्वं यत्किञ्च जगत्यां जगत्
भगवान इस जग के कण-कण में विद्यमान हैं।




# हरियाणा में ऑनर किलिंग

**आजकल** इस धरती पर मनुष्य ही अपने झूठे दंभ में अपनों की ही हत्याएं करने लगा है। ऐसी हत्याओं को सभ्य समाज में स्वीकार नहीं किया जा सकता। झूठे सम्मान के लिए अपनों के ही कत्ल के बाद कानून व्यवस्था कभी काम करती दिखाई देती है तो कभी लाचार बनकर टुकुर-टुकुर कोने में बैठकर ताकती रहती है। कभी पंचायत, कभी खाप, कभी परिवार तो कभी समाज खुद ही अदालतें बनकर इस हिंसा को सही ठहराने लगते हैं और व्यवस्था अपराधी की हमदर्द बनकर उसे बचने के रास्ते बताने लगती है। कुछ समाजों से जुड़े भारतीय परिवार के भीतर आज भी खाप जिंदा है और वे इस खाप से बाहर निकलना ही नहीं चाहते। शादी के जरिये वे यह साबित करने का प्रयास करते हैं कि अपने बच्चों पर उन्होंने नकेल कसकर रखी हुई है। नकेल कसी हुई रहे तो उन्हें लगता है कि उनके संस्कार सही दिशा में हैं। आज के आधुनिक युग में दो व्यस्कों का अपनी मर्जी से शादी करना परिवारों को सहन नहीं होता। ऐसा करने पर लड़का-लड़की दोनों के परिवार खून के प्यासे हो जाते हैं। जिन बच्चों को उन्होंने लाड़-प्यार से पाला है उनके प्रति मां-बाप इतने क्रूर क्यों हो जाते हैं? इस प्रश्न का उत्तर यही है कि परिवारों को कथित सम्मान अपनी औलाद से भी प्यारा हो जाता है।

राधा-कृष्ण, सीता-राम, शिव-पार्वती का जाप करने वाला समाज कितने दोहरे मानदंडों को लेकर चलता है। हरियाणा के हिसार जिले में एक बार फिर ऑनर किलिंग की घटना सामने आई है। शादी के दो महीने बाद ही हिसार जिले के जोड़े तेजबीर और मीना की दो अज्ञात लोगों ने गोली मार कर हत्या कर दी। लड़की का परिवार शादी से नाराज था और उन्होंने जोड़े को जान से मारने की धमकी भी दी थी। तब से ही जोड़ा डर-डर कर जिन्दगी गुजार रहा था। यह हत्याएं कैथल जिले के एक लड़के द्वारा अपनी 20 वर्षीय बहन की कथित तौर पर हत्या के पांच दिन बाद की, जिसने अपनी जाति से बाहर विवाह कर लिया था। इसी वर्ष 21 अप्रैल को यमुनानगर में एक युवक की हत्या कर दी गई थी, जिसने 2023 में अन्तर्जातीय विवाह किया था। कुछ दम्पति प्रेम विवाह के चलते अभी भी सामाजिक बहिष्कार का सामना कर रहे हैं। यद्यपि अदालतें, केन्द्र सरकार तथा राज्य सरकारें ऐसे युवाओं की सहायता के लिए आगे आ रही हैं। एक तरफ युवा पीढ़ी बदल रही है लेकिन कट्टरपंथ और रूढ़ियों से भरे परिवारों को आज भी यह नागवार गुजर रहा है। एक मामले में सुप्रीम कोर्ट ने कहा था कि अन्तर्जातीय विवाह सम्भवत: जातियों और समुदायों के बीच तनाव कम करेंगे।

> **एक तरफ हम दलित, मुस्लिम गठबंधन की चर्चा करते हैं, इसकी चर्चा महज सियासी समीकरण को देखते हुए करते हैं लेकिन वास्तव में देश में जातिगत धारणाएं लगातार बढ़ रही हैं। अधिकांश ऑनर किलिंग के मामले तथाकथित ऊंची और नीची जाति के लोगों के प्रेम संबंधों के मामले में देखने को मिलते हैं। अन्तर धार्मिक संबंध भी ऑनर किलिंग का एक बड़ा कारण है। ऑनर किलिंग मानवाधिकारों के उल्लंघन के साथ-साथ अनुच्छेद 21 के अनुसार गरिमा के साथ जीने के अधिकार का उल्लंघन भी है। यह देश में सहानुभूति, प्रेम, करुणा, सहनशीलता जैसे गुणों के अभाव को और बढ़ाने का कार्य करता है।**

दरअसल ऑनर किलिंग इस धारणा का परिणाम है कि कोई भी व्यक्ति जिसके किसी कृत्य के कारण यदि उसके कुल या समुदाय या धर्म का अपमान होता है तो कुल या समुदाय की रक्षा के लिए उस व्यक्ति विशेष की हत्या जायज है। देश की शीर्ष अदालत ने कहा है कि यदि दो बालिग अपनी मर्जी से शादी करते हैं तो कोई भी तीसरा व्यक्ति उसमें दखल नहीं दे सकता। एक तरफ हम दलित, मुस्लिम गठबंधन की चर्चा करते हैं, इसकी चर्चा महज सियासी समीकरण को देखते हुए करते हैं लेकिन वास्तव में देश में जातिगत धारणाएं लगातार बढ़ रही हैं। अधिकांश ऑनर किलिंग के मामले तथाकथित ऊंची और नीची जाति के लोगों के प्रेम संबंधों के मामले में देखने को मिलते हैं। अन्तर धार्मिक संबंध भी ऑनर किलिंग का एक बड़ा कारण है। ऑनर किलिंग मानवाधिकारों के उल्लंघन के साथ-साथ अनुच्छेद 21 के अनुसार गरिमा के साथ जीने के अधिकार का उल्लंघन भी है। यह देश में सहानुभूति, प्रेम, करुणा, सहनशीलता जैसे गुणों के अभाव को और बढ़ाने का कार्य करता है। विभिन्न समुदायों के बीच राष्ट्रीय एकता, सहयोग आदि की धारणा को बढ़ावा देने के लिए एक बाधक का कार्य करता है। ऑनर किलिंग विकृत सामाजिक मानसिकता को बढ़ावा देती है जो सामाजिक न्याय के विरुद्ध है।

देश की खाप पंचायतों ने ऑनर किलिंग को जिस तरह से संरक्षण दिया और ऐसे-ऐसे अपराध किए हैं जिसे सभ्य समाज स्वीकार नहीं कर सकता। तभी तो सर्वोच्च न्यायालय ने 28 मार्च, 2018 को शक्ति वाहिनी बनाम भारत संघ मामले में एक महत्वपूर्ण फैसला दिया था जिसके तहत सम्मान आधारित हिंसा को अपराध की श्रेणी में रखा गया है। इस निर्णय में खाप पंचायतों को गैर कानूनी घोषित कर दिया गया क्योंकि यह खाप पंचायतें सामानांतर न्याय व्यवस्था स्थापित करने लगी थीं। अंतर्जातीय विवाहों से कहीं अधिक समस्या दूसरे धर्म में विवाहों में होती है। कभी-कभी दो लोगों के प्रेम को साम्प्रदायिक रंग भी दे दिया जाता है। दो अलग-अलग धर्म के व्यस्क स्वावलम्बी लोग यदि निश्चय करते हैं कि वो शादी करना चाहते हैं तो माता-पिता को उनका साथ देना चाहिए। जहां तक सम्भव हो बिना धर्म परिवर्तन किए स्पेशल मैरिज एक्ट के तहत विवाह हो सकते हैं। अगर मुस्लिम युवक किसी हिन्दू युवती से शादी कर ले तो इतना बवाल नहीं मचता। बशर्ते वो शादी गलत इरादों से न की गई हो। अगर मुस्लिम युवती किसी हिन्दू से शादी कर ले तो बवाल खड़ा हो जाता है। जो समाज एक वेब सीरिज से डर जाए, जो मुस्लिम युवती के हिन्दू लड़के से प्रेम की कहानी पर आधारित हो तो फिर स्पष्ट है कि उस समाज ने 'धूप की दीवार' खड़ी कर रखी है। जबकि सीरिज शांति, एकजुटता और नफरत के ऊपर दिल का संदेश देती है।

फिल्म उद्योग में प्रेम विवाह पहले भी होते आए हैं और हिन्दू-मुस्लिम की शादियां भी होती आई हैं। फिल्म अभिनेता और सांसद शत्रुघ्न सिन्हा की अभिनेत्री बेटी सोनाक्षी सिन्हा ने मुस्लिम युवक जहीर से शादी की और इस शादी को दोनों परिवारों और समाज ने स्वीकृति दी है। हर किसी को अपना जीवन अपनी शर्तों पर जीने का हक है। अपने अधिकारों के लिए आवाज उठाना गलत नहीं है। समाज को ऐसे लोगों की जरूरत है जो खुलकर बोल सकें, लिख सकें और सवाल कर सकें। अपने हकों का हनन रोक सकें। समाज में दीवारें बहुत बड़ी हैं लेकिन खोखले सम्मान के लिए किसी की जान लेने का हक किसी को नहीं।

**आदित्य नारायण चोपड़ा**
Adityachopra@punjabkesari.com

## जब सरकार को एक मजबूत विपक्ष...

संसद का ये सत्र बहुत मायने में खास होगा,
जब सरकार को एक मजबूत विपक्ष का अहसास होगा,
लोकतंत्र की सबसे बड़ी पंचायत में जनता जनार्दन की हर समस्या पर बात होगा,
ऐसे ही तो लोगों को अपने चुने हुए प्रतिनिधियों पर विश्वास होगा...!!


गीता पाढा

# जब कर्त्तव्य ने पुकारा तो कदम-कदम बढ़ गए

## पीएम मोदी ने एक्स के जरिए कहा-आपातकाल के वो काले दिन हमें बहुत याद दिलाते हैं

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी): 25 जून 1975 को तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने पूरे देश में इमरजेंसी लगाई थी। इमरजेंसी के 50 साल पूरे होने पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स के जरिए कांग्रेस पर निशाना साधा। पीएम मोदी ने कहा, आपातकाल के काले दिन हमें याद दिलाते हैं कि कैसे कांग्रेस पार्टी ने बुनियादी स्वतंत्रता को नष्ट कर दिया और भारत के संविधान को कुचल दिया, जिसका हर भारतीय बहुत सम्मान करता है।

इसी बीच पीएम मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स के 'मोदी आर्काइव' अकाउंट के पोस्ट को रिपोस्ट भी किया। इस पोस्ट में पीएम मोदी इमरजेंसी के दौरान मंच से भाषण देते हुए दिखाई दे रहे हैं। इस दौरान उन्होंने एक कविता भी पढ़ी थी। पीएम मोदी ने अपनी पुरानी फोटो एक्स पर शेयर करते हुए लिखा, 'डार्क डेज ऑफ इमरजेंसी बहुत ही चुनौतीपूर्ण समय था। उन दिनों सभी क्षेत्रों के लोग एक साथ आए और लोकतंत्र पर इस हमले का विरोध किया था। मुझे भी उस दौरान विभिन्न लोगों के साथ काम करने के कई अनुभव मिले। यह थ्रेड उस समय की एक झलक दिखाता है।'

दरअसल, 'मोदी आर्काइव' नाम के अकाउंट से पीएम मोदी की इमरजेंसी के दौरान की एक फोटो शेयर की गई। जिसमें लिखा है, 'नरेंद्र मोदी ने आपातकाल को एक अप्रत्याशित अवसर (आपदा में अवसर) बताया है, जिसने उन्हें राजनीतिक स्पैक्ट्रम में नेताओं और संगठनों के साथ काम करने का मौका दिया जिससे उन्हें विभिन्न विचारधाराओं और दृष्टिकोणों से रूबरू होने का मौका मिला। हालांकि आपातकाल की कहानी 25 जून, 1975 को शुरू नहीं हुई थी, जब इसे लगाया गया था। कांग्रेस पार्टी के भ्रष्टाचार के खिलाफ पूरे देश में छात्रों के नेतृत्व में आंदोलन निकाला जा रहा था और गुजरात कोई अपवाद नहीं था। 1974 में गुजरात में नवनिर्माण आंदोलन के दौरान नरेंद्र मोदी ने देश में बदलाव लाने में छात्रों की आवाज की शक्ति को प्रत्यक्ष रूप से देखा। उस वक्त वह आरएसएस के प्रचारक थे। उन्होंने अपने भाषणों के माध्यम से युवा आंदोलन का जोश भी बढ़ाया। इस दौरान नरेंद्र मोदी ने इमरजेंसी को लेकर मंच से एक कविता भी पढ़ी थी।

*'जब कर्त्तव्य ने पुकारा तो कदम कदम बढ़ गए*
*जब गूंज उठा नारा 'भारत मां की जय'*
*तब जीवन का मोह छोड़ प्राण पुष्प चढ़ गए कदम-कदम बढ़ गए...*
*टोलियां की टोलियां जब चल पड़ी यौवन की तो, चौखट चरमरा गए सिंहासन हिल गए*
*प्रजातंत्र के पहरेदार सारे भेदभाव तोड़ सारे अभिनिवेश छोड़, मंजिलों पर मिल गए*
*चुनौती की हर पंक्ति को सब एक साथ पढ़ गए कदम-कदम बढ़ गए...*
*सारा देश बोल उठा जयप्रकाश जिंदाबाद तो, दहल उठे तानाशाह भृकुटियां तन गई लाठियां बरस पड़ी सीनों पर, माथे पर...'*

पोस्ट में आगे जिक्र है, 'नरेंद्र मोदी आपातकाल लगने के बाद इसके खिलाफ विरोध-प्रदर्शन में शामिल हो गए। वह तब सरकार के खिलाफ पूरी तरह से खड़े हो गए स्वयंसेवकों के साथ मिलकर बैठकें आयोजित की और विरोध के लिए सरकार के द्वारा बैन लगाए गए साहित्य के प्रसार की भी जिम्मेदारी ली। उन्होंने नाथ ज़गड़ा और वसंत गजेंद्रगडकर जैसे वरिष्ठ आरएसएस नेताओं के साथ मिलकर काम किया।'

उन्होंने संविधान, कानूनों और कांग्रेस सरकार की ज्यादतियों से संबंधित सामग्री को गुजरात से अन्य राज्यों के लिए जाने वाली ट्रेनों में लोड किया। संघ को जब इस आंदोलन के समय अपना कार्यक्रम रोकना पड़ा तो मजबूर होकर गुजरात लोक संघर्ष समिति की स्थापना की गई। नरेंद्र मोदी 25 साल की उम्र में इसके महासचिव के पद पर आसीन हो गए। अपने लेखों और पत्राचार के माध्यम से नरेंद्र मोदी ने कांग्रेस सरकार के खिलाफ विद्रोह को बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

विदेश में नरेंद्र मोदी के सहयोगियों ने 'सत्यवाणी' और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर प्रकाशित अन्य समाचार पत्रों की फोटोकॉपी भेजी, जिसमें आपातकाल के उन काले दिनों का विरोध करने वाले लेख शामिल थे। अन्य सत्याग्रहियों की तरह नरेंद्र मोदी अपनी पहचान छुपाने के लिए विभिन्न भेष बदलते रहे। उनको इस रूप में लंबे समय से परिचित उनके अपने लोग भी नहीं पहचान पाए। उन्होंने भेष ऐसा बदला कि एक बार जेल में अधिकारियों को भी धोखा देने में सफल रहे।

1977 में आपातकाल हटा तो नरेंद्र मोदी को 'आपातकाल के वह काले दिन' विषय पर चर्चा में भाग लेने के लिए मुंबई आमंत्रित किया गया था। कार्यक्रम में योगदान के लिए नरेंद्र मोदी को 250 रुपये भी मिले थे।

इसके बाद नरेंद्र मोदी को दक्षिण और मध्य गुजरात का 'संभाग प्रचारक' नियुक्त किया गया। 1978 में नरेंद्र मोदी ने अपनी पहली पुस्तक 'संघर्ष मा गुजरात' लिखी, जो गुजरात में आपातकाल के खिलाफ भूमिगत आंदोलन में एक नेता के रूप में उनके अनुभवों का एक संस्मरण है। इस किताब को खूब सराहा गया और व्यापक रूप से स्वीकार किया गया।

50 साल बाद भारत के वर्तमान प्रधानमंत्री के रूप में नरेंद्र मोदी द्वारा आपातकाल के उन काले दिनों के दौरान कांग्रेस द्वारा भारत के लोकतंत्र पर लगाए गए 'काले धब्बे' के बारे में वर्तमान और भावी पीढ़ियों को याद दिलाना जारी है और ऐसा दोबारा नहीं होने देने की कसम खाई है। जब संसद भवन में पहुंचने पर उन्होंने संविधान की किताब को अपने माथे से लगा लिया था।


इमरजैंसी के दौरान नरेन्द्र मोदी गांव-गांव, शहर-शहर लोगों से सम्पर्क कर उन्हें चुनौतियों से जूझने को लेकर चर्चा करते थे।

> *''डार्क डेज ऑफ इमरजेंसी बहुत ही चुनौतीपूर्ण समय था। उन दिनों सभी क्षेत्रों के लोग एक साथ आए और लोकतंत्र पर इस हमले का विरोध किया था। मुझे भी उस दौरान विभिन्न लोगों के साथ काम करने के कई अनुभव मिले। यह थ्रेड उस समय की एक झलक दिखाता है।''*

# मोदी-एनडीए सरकार पूरे 5 साल चलेगी!


फिरोज बख्त अहमद

**विपक्ष** और वामपंथ में बहुत से लोग यह आशा लगाए बैठे हैं कि मोदी-एनडीए सरकार बहुत जल्द बिखर जाएगी। हर एक को अपने सपने संजोने का अधिकार है, जिन में कुछ मुंगेरी लाल के हसीन सपने भी ही सकते हैं। यह सपना देखना कि मोदी-एनडीए सरकार जल्दी ही उड़न छू हो जाएगी, मुंगेरी लाल के सपनों में से एक है क्योंकि ऐसा होना मुमकिन नहीं है, क्योंकि न तो पुन: चुनाव के लिए देश तैयार है, न ही इंडी के बस का है कि नीतीश और नायडू को मिला कर 272 का आंकड़ा छू ले और सबसे बड़ी बात यह कि देश की जनता ऐसा चाहती है। इस में कोई दो राय नहीं कि भारत का वोटर सुप्रीम है और वास्तव में वही असली मोदी, राहुल और ममता है। यह सरकार 5 वर्ष पूर्ण अवश्य करेगी।

मोदी-एनडीए सरकार क्यों नहीं टूटेगी इसके कई कारण हैं। प्रथम तो यह कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जिस चीज़ में भी हाथ डालते हैं, बड़ी मजबूती के साथ डालते हैं क्योंकि जिस तरह उनका 56 इंच का सीना है ऐसे ही उनकी कलाई की पकड़ भी बड़ी मज़बूत है। हल्का हाथ कहीं डालते नहीं। बावजूद इसके कि 400 सीटें लाने की इच्छा शुरू से थी, इस प्रकार की अनहोनी से बचने का मार्ग भी उन्होंने चुनाव से पूर्व ही ढूंढ लिया था कि नीतीश कुमार और चंद्रबाबू नायडू से पहले से ही अपने गठबंधन की बात पक्की कर ली थी।

उधर नीतीश और नायडू भी इस बात को समझते हैं कि उनका लाभ भी मोदी संग रहने में ही है। कांग्रेस वाली इंडी उन्हें वह स्थापत्य नहीं प्रदान कर सकती है जो मोदी वाली भाजपा कर सकती है। रही बात नायडू की तो वे एक दीर्घ अंतराल के बाद सत्ता में आए हैं और दस साल से राजनीतिक तेल और तेल की धार देख रहे हैं और इस बात का अंदाजा उन्हें खूब है बावजूद इसके कि भाजपा पूर्ण रूप से सत्ता में नहीं आई है, उनके लिए वही सब से बेहतर विकल्प है।

उधर अपने विपक्षियों में "पलटू राम" या "पलटू चाचा" के खिताब से मशहूर नीतीश कुमार के लिए भी मोदी-एनडीए से अच्छा कोई नहीं क्योंकि बिहार में आने वाले चुनाव में उनकी इच्छा मुख्यमंत्री पद पर बने रहने की है और जिसमें मोदी जी को कोई आपत्ति नहीं होगी। नीतीश तो किसी भी तरह से इंडी गठबंधन के साथ नहीं जाना चाहेंगे क्योंकि इसके कुछ नेता नहीं चाहते थे कि नीतीश को गठबंधन का अध्यक्ष बनाया जाए। इससे नीतीश का दिल टूट गया और वे इससे बाहर आ गए। यदि मोदी जी को इनकी जरूरत है तो नीतीश और नायडू के गले में भी नकेल बराबर से पड़ी है। यही कारण है कि मौजूदा सरकार बीच में बिखरने वाली नहीं है। जब मोदी जी बिहार गए और नीतीश के साथ स्टेज साझा किया तो नीतीश जी खीसें निपोरते हुए मोदी जी से कहते हुए सुनाई दिए कि हम आपके साथ ही रहेंगे मोदी जी, हम कहीं नहीं जाएंगे, जिस पर मोदी जी को भी हंसी आ गई। मगर इसमें कोई दो राय नहीं कि आज नीतीश जी भाजपा के लिए तुरुप का पत्ता बन गए हैं।



भाजपा को भी अब इस चुनाव के बाद जनता द्वारा दिए गए संदेश को समझ लेना चाहिए कि उसको क्या बदलाव करना होगा। वास्तव में भाजपा को लोकतांत्रिक भावना से उस संदेश पर ध्यान देना चाहिए और 10 वर्षों के बाद गठबंधन की राजनीति के फिर से उभरने की वास्तविकता के प्रति खुद को फिर से उन्मुख करना चाहिए, जैसा कि सधे हुए राजनेता के.सी. त्यागी ने कहा है क्योंकि लोकतंत्र के केंद्र में लोग हैं और लोग होने भी चाहिए। इसलिए यह चुनाव कई आयामों पर भारतीय राजनीति के एक क्रांतिकारी पुनर्गठन का संकेत देता है। यह विभिन्न राजनीतिक दलों के बीच शक्ति का एक बेहतर संतुलन बहाल करता है। राष्ट्रीय स्तर पर काम करने वाली सभी प्रमुख पार्टियों को इस जनादेश से सही सबक सीखना चाहिए। भारतीय लोकतंत्र की जीवन रेखा इसकी विविधता है, इसे भी सभी दलों को समझना चाहिए।

एकरूपता बुरी बात नहीं मगर यह हर समय, हर स्थान और हर परिदृश्य में नहीं चलेगी। इस लोकसभा चुनाव ने यह भी उजागर किया कि भारत में चुनावी सफलता किसी पार्टी की विभिन्न जातियों और समुदायों को प्रभावी ढंग से एकजुट करने, सामाजिक विरोधाभासों का प्रबंधन करने और विविध आबादी की आकांक्षाओं को पूरा करने की क्षमता पर निर्भर करती है। सामाजिक रूप से सबसे वंचित वर्गों का प्रतिनिधित्व सभी दलों को सुनिश्चित करना ही होगा। हमें इस बात पर गहराई से विचार करने की आवश्यकता है कि कई जातीय-समुदायों को सामाजिक-राजनीतिक प्रतिनिधित्व दिए बगैर चुनावों में सफल नहीं हुआ जा सकता। विशेष रूप से यूपी जैसे महत्वपूर्ण राज्य में तो बिल्कुल नहीं।

### इस गठबंधन से संघीय चरित्र को मिलेगी मजबूती

सामाजिक-आर्थिक रूप से हाशिए पर पड़े समूहों का लोकतंत्र को बनाए रखने और उसे मजबूत करने में हमेशा सबसे अधिक महत्वपूर्ण योगदान रहा है। इस बात से भी इन्कार नहीं किया जा सकता कि भाजपा वास्तव में कुछ अंतर से सबसे बड़ी पार्टी के रूप में उभरी है, पर एनडीए के क्षेत्रीय घटकों-विशेष रूप से तेलगू देशम पार्टी और जनता दल (यूनाइटेड) का समर्थन सरकार के गठन और प्रभावी कामकाज के लिए महत्वपूर्ण है। व्यापक प्रशासनिक अनुभव वाले राजनेताओं के नेतृत्व में क्षेत्रीय सहयोगियों की अधिक भूमिका न केवल संवाद और चर्चा के आधार पर नीति निर्माण में योगदान देगी बल्कि संघीय चरित्र को भी मजबूत करेगी। जनता भी इस नई सरकार से संतुष्ट दिखाई पड़ती है।

# पेपर लीक के बढ़ते मामले चिंता का विषय


राजेश माहेश्वरी

**बीते** कुछ महीनों में देश में विभिन्न प्रतियोगी और व्यावसायिक पाठ्यक्रमों में प्रवेश परीक्षाओं के प्रश्नपत्र लीक होने और संदेह के घेरे में आने के मामले लगातार उजागर होते रहे हैं। निश्चित रूप से सुनहरे भविष्य की आस में रात-दिन एक करने वाले प्रतिभागियों के सपने चकनाचूर होने के समान तो है ही। वहीं इस तरह के मामलों से प्रतिभागियों का विश्वास व्यवस्था से उठ जाता है। मेडिकल परीक्षा की पुरानी प्रक्रिया में व्याप्त विसंगतियों को दूर करने के लिये लाई गई नई व्यवस्था भी अब सवालों के घेरे में है। राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) और नीट के तहत परीक्षाओं की जो पवित्रता भंग की गई है, लाखों युवाओं के करियर और भविष्य अधर में लटके हैं जिससे युवाओं और अभिभावकों में नाराजगी का माहौल है। नीट पेपर लीक मामले की पृष्ठभूमि में परीक्षा-माफिया सक्रिय हैं। सिर्फ पेपर लीक और सॉल्वर गैंग की ही साजिशें नहीं हैं, बल्कि 'बड़ी मछलियां' भी हैं।

परीक्षाएं आयोजित करने वाली संस्थाओं से जुड़े लूप होल्स के कारण ही परीक्षाओं पर सवालिया निशान लगते रहते हैं। जैसे एक मछली सारे तालाब को गंदा करती है वही कहावत यहां पर चरितार्थ होती है। धनबल से पेपर, परीक्षा केंद्र, पेपरसेटर आदि खरीदे जा सकते हैं। धनबल के इस खेल में सबसे ज्यादा नुक्सान उन बच्चों का होता है जो ईमानदारी एवं एकाग्रतापूर्वक अपनी परीक्षाओं की तैयारी करते हैं।

सरकार ने राष्ट्रीय स्तर की प्रवेश परीक्षाओं में पारदर्शिता लाने के लिए नेशनल टेस्टिंग एजेंसी यानी एनटीए की स्थापना की थी। संसद के कानून से बनी इस स्वायत्त संस्था के जिम्मे राष्ट्रीय स्तर पर उच्च शिक्षा के संस्थानों मसलन इंजीनियरिंग कॉलेजों, मेडिकल कॉलेजों, केंद्रीय विश्वविद्यालयों के लिए दाखिला परीक्षा आयोजित करना और उनके नतीजे देना है। इस संस्था को जिम्मेदारी दी गई कि वह पूरी पारदर्शिता के साथ अंतर्राष्ट्रीय मानदंडों के लिहाज से परीक्षाएं आयोजित करेगी लेकिन नीट परीक्षा के नतीजों पर उठे सवालों ने इस संस्था और उसके कार्यों को संदेह के दायरे में ला दिया है। विवाद होने के बाद कुछ बच्चों और उनके अभिभावकों ने उच्चतम न्यायालय में याचिका दायर करके नीट की परीक्षा फिर से कराने और दाखिले के लिए काउंसलिंग कराने पर रोक लगाने की मांग की। नीट की डॉक्टरी प्रवेश परीक्षा की धांधलियां सामने आ रही हैं। सवाल है कि जो माता-पिता अपने बच्चे की परीक्षा पास कराने के लिए 40 लाख रुपए प्रश्न-पत्र के लिए खर्च कर सकते हैं, क्या वे देश में 'मुन्ना भाई एमबीबीएस' पैदा करना चाहते हैं? यह घोर दंडनीय अपराध है। नीट प्रकरण के अलावा, यूजीसी नेट, वैज्ञानिक तथा औद्योगिक अनुसंधान परिषद (सीएसआईआर) और नीट-पीजी परीक्षाएं भी रद्द या स्थगित की गई हैं। इस तरह 37 लाख से अधिक युवाओं का भविष्य घोर अनिश्चित हो गया है। यह कोई सामान्य बात नहीं है। आखिर वे युवा कब तक परीक्षाएं देते रहेंगे? छात्रों के सामने उम्र निकल जाने का खतरा भी है। इन बर्बादियों का सवाल और आरोप एनटीए पर ही क्यों है? यह केंद्र सरकार को भी सोचना चाहिए और एनटीए को खंगालना चाहिए। एनटीए की प्रक्रिया, परीक्षा-प्रणाली, आउटसोर्स की मजबूरी, विशेषज्ञता के अभाव और मूल में भ्रष्टाचार आदि ऐसे बुनियादी कारण हैं कि इस संस्थान को ही समाप्त करने की मांगें की जा रही हैं। युवाओं के विरोध-प्रदर्शन इतने उग्र और व्यापक हो गए हैं कि एनटीए के महानिदेशक सुबोध कुमार सिंह को हटा कर एक सेवानिवृत्त आईएएस अधिकारी प्रदीप सिंह खरोला को इस पद का दायित्व सौंपना पड़ा है। पेपर लीक होने पर कठिन परिश्रम करने वाले विद्यार्थी नियुक्ति से दूर रह जाते हैं। दूसरी तरफ नकल प्रवृत्ति के कारण अयोग्य विद्यार्थी नियुक्ति पा जाते हैं। ऐसे में परीक्षाओं की विश्वसनीयता पर सवाल उठना स्वाभाविक है। पेपर लीक पर सरकार को सख्ती से कदम उठाने होंगे तभी परीक्षाओं की विश्वसनीयता बन पाएगी। जानकारों के मुताबिक परीक्षाओं में विश्वसनीयता बनाने के लिए पारदर्शी और मजबूत सुरक्षा प्रणाली बनाने की जरूरत है। एक ही एजेंसी से बार-बार परीक्षा नहीं करवानी चाहिए। इसके लिए नियम बनाए जाने चाहिए। दरअसल, देश के विभिन्न राज्य भी इस परीक्षा प्रणाली को लेकर सवाल उठाते रहे हैं। खासकर कोचिंग सैंटरों के खेल व अंग्रेजी के वर्चस्व के चलते आरोप लगाये जाते हैं। आरोप है कि इस परीक्षा में हिंदी व अन्य भारतीय भाषाओं में परीक्षा देने वाले छात्रों को न्याय नहीं मिलता। तमिलनाडु समेत दक्षिण भारत के कई राज्य आरोप लगाते रहे हैं कि राज्य की भाषा के छात्रों को नई परीक्षा प्रणाली से नुक्सान उठाना पड़ रहा है। सीबीआई ने प्राथमिकी दर्ज कर पेपर लीक और उनके पीछे के नेटवर्क की जांच शुरू कर दी है। कुछ गिरफ्तारियां भी की गई हैं। सीबीआई जांच का निष्कर्ष क्या होगा और कब आएगा, वह भी अनिश्चित है। केंद्र सरकार ने एक कानून भी लागू किया है।

# हमें खेद है

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी): गत 23 जून रविवार के अंक में दैनिक पंजाब केसरी, दिल्ली के सम्पादकीय पृष्ठ पर प्रकाशित त्रिदीब रमण के मिर्च मसाला कालम में 'क्या जजपा का विलय भाजपा में होगा' संबंधी रिपोर्ट पर जजपा की तरफ से एतराज जताया गया है। राजनीति में बहुत-सी संभावनाएं चलती रहती हैं जिसे लेकर रिपोर्ट प्रकाशित की गई थी। जजपा नेता दुष्यंत चौटाला की हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर से गुप्त भेंट का जिक्र इस कालम में था, जिसकी सार्वजनिक तौर पर पुष्टि नहीं हुई। फिर भी यदि दुष्यंत चौटाला और उनकी पार्टी से जुड़े नेताओं की भावनाओं को अगर ठेस पहुंची है तो हम खेद व्यक्त करते हैं। हमारा मकसद दुष्यंत चौटाला की छवि को नुक्सान पहुंचाना नहीं था और पंजाब केसरी दुष्यंत चौटाला परिवार का सदैव सम्मान करता है।

दिल्ली आर.एन.आई. नं. 40474/83
पंजाब केसरी
दिल्ली कार्यालय :
फोन आफिस: 011-30712200, 45212200,
प्रसार विभाग: 011-30712224
विज्ञापन विभाग: 011-30712229
सम्पादकीय विभाग: 011-30712292-93
मैगजीन विभाग: 011-30712330
फैक्स : 91-11-30712290, 30712384, 011-45212383, 84
Email: Editorial@punjabkesari.com

स्वत्वाधिकारी दैनिक समाचार लिमिटेड, 2-प्रिंटिंग प्रैस कॉम्पलैक्स, नजदीक वजीरपुर डीटीसी डिपो, दिल्ली-110035 के लिए मुद्रक, प्रकाशक तथा सम्पादक अनिल शारदा द्वारा पंजाब केसरी प्रिंटिंग प्रैस, 2-प्रिंटिंग प्रैस कॉम्पलैक्स, वजीरपुर, दिल्ली से मुद्रित तथा 2, प्रिंटिंग प्रैस कॉम्पलैक्स, वजीरपुर, दिल्ली से प्रकाशित।

## संयुक्त परिवार-सुख का आधार

30

भारतीय संस्कृति में 'वसुधैव कुटुम्बकम्' सारा संसार एक परिवार है। समाज में संयुक्त परिवारों का परिचलन रहा। हमारे पूर्वज परिवार के सदस्यों को संगठित रखकर राष्ट्र व समाज निर्माण में भूमिका निभाते रहे। आज पाश्चात्य संस्कृति एवं सोशल मीडिया के चलते युवा भटक रहे हैं। संयुक्त परिवार का चलन होना चाहिए। पहले दादा के समय में पिता, चाचा, बुआ, मौसी सभी रिश्तों में समन्वय था। हमारे महापुरुष महाराणा प्रताप, शिवाजी का भी गौरवशाली इतिहास रहा है। मेरी सहधर्मिनी पूनम सिंह का भरपूर प्रयास रहता है कि बच्चों, पुत्रवधुओं के साथ मीठे व प्रगाढ़ संबंध रहें। समय-समय पर हम पारिवारिक टूर व कार्यक्रम बनाते रहते हैं, ताकि हमारे सभी परस्पर रिश्ते मजबूत हों, तथा सभी सदस्य हिल मिलकर रहें।



● ठाकुर डी.पी. सिंह
विजय विहार, दिल्ली

## पति - पत्नी का मधुर रिश्ता

पति पत्नी के मधुर रिश्ते होते हैं। हमारे पति पत्नी में मधुर रिश्ते होते हैं। हम लोग पति पत्नी में हमेशा खुश रहती हैं धार्मिक ग्रंथ के अनुसार पति पत्नी में रिश्ते मजबूत होती है। जब हम लोग एक स्कूल में पढ़ते थे, तो हम दोनों में बहुत प्यार था लोगों ने निश्चय किया कि हम दोनों एक साथ पति पत्नी का रिश्ता निभाऊंगा। आज हम लोग बहुत खुश मेरे परिवार के लोग हम लोगों के साथ बहुत अच्छे से रिश्ते निभा रहे हैं।

राजकुमार व रानी चौधरी

31



## पिता और बेटी का रिश्ता

मेरे पिता विजय कुमार धानिया हमेशा मेरा ख्याल रखते हैं सुबह मुझे प्यार से उठते हैं और पीने के लिए पानी देते हैं। अनेक बार मैं अपने पिता से जब रूठ जाती हूं तो बड़े प्यार से और धैर्य स्वभाव के साथ मुझे समझते हैं। खान-पान रहन-सहन यहां तक की सामाजिक परंपराओं शिक्षा के लिए भी वे समय-समय पर मुझे प्रेरित करते रहते हैं। इसलिए मैं फादर डे पर अपने पिता की लंबी आयु तथा स्वस्थ और खुश रहने के लिए कामना करती हूं। पिता और पुत्री का प्यार इसी तरह से बना रहे।

32



उन्नति धानिया
सिरसपुर

## माता - पिता का रिश्ता

33

जीवन के सबसे जटिल और महत्वपूर्ण रिश्तों में से एक हैं। माता-पिता बच्चे के पालन-पोषण, विकास और पहचान की नींव हैं। माता-पिता-बच्चे का रिश्ता एक ऐसा शब्द है जो माता-पिता और उनकी संतानों के बीच घनिष्ठ, अंतरंग संबंध को संदर्भित करता है। इस शब्द का इस्तेमाल अक्सर इस रिश्ते के सामाजिक, भावनात्मक, शारीरिक, बौद्धिक और मनोवैज्ञानिक पहलुओं पर चर्चा करते समय किया जाता है। माता-पिता और बच्चे के रिश्ते को दो श्रेणियों में विभाजित किया जा सकता है। स्वस्थ या अस्वस्थ। स्वस्थ माता-पिता और बच्चे के रिश्ते को ऐसे रिश्ते के रूप में परिभाषित किया जा सकता है जिसमें माता-पिता अपने बच्चे की शारीरिक, भावनात्मक और विकासात्मक जरूरतों को पूरा करते हैं। अस्वस्थ माता-पिता और बच्चे के रिश्ते को एक अपमानजनक या उपेक्षापूर्ण वातावरण के रूप में परिभाषित किया जा सकता है जहां बच्चों को उनके माता-पिता से उचित देखभाल और ध्यान नहीं मिलता है।



● नवनीत पाठक
परसा गोंडारी, गोंडा उत्तर प्रदेश

## भाभी - ननद का रिश्ता

मायके में भाभी से और छोटी बहन से रिश्ता बहुत महत्व रखता है, भाभी का ननद को सम्मान देना, हर सुख दुख में साथ खड़ी रहना, ससुराल की शिकायतों को प्यार से सुलझाना, इस रिश्ते की महानता है। यह ऐसा रिश्ता होता है, जिसमें छुपाओ नहीं होता, एक दूसरे को विश्वास होता है, कि हमारी बाते समस्याओं का हल निकालने में सहायता करेगी। कोई उत्सव, त्यौहार, तीज, रक्षाबंधन, होली, दीपावली यहां तक की बच्चों के जन्मदिन पार्टी पर निमंत्रण लगातार मायके से आने लगते हैं।
साथ में रहकर त्यौहार मनाने की रौनक छोटी बहन, भाई, भाभी, भतीजा, भतीजी के चेहरे पर साफ दिखलाई देती है। यह खुशी ऐसी होती है जिसे शब्दों में बखान नहीं किया जा सकता। मायके से वापसी पर भाभी के दो शब्द... फिर कब आओगी हृदय की गहराई में उतर जाते हैं, एक दूसरे से चिपक - चिपक के आंखों के बहते आंसू कह रहे होते हैं, कि प्यार, ममता, अपनापन का यह बंधन अटूट है।

● सीमा अग्रवाल
बिसौली उत्तर प्रदेश

34



## पति-पत्नी का मधुर रिश्ता

पति पत्नी का जीवन का अटूट बंधन होता है। एक - दूसरे के बगैर जीवन अधूरा है। पति-पत्नी के प्यार का अटूट बंधन होता है। स्त्री जब मायके में होती है तो मायके वालों से प्यार करती है। जब उसकी शादी हो जाती है तो फिर मायके वालों से कम और ससुराल में प्यार होता है और अगर पति-पत्नी का अटूट प्यार हो तो घर स्वर्ग बन जाता है और प्यार ना हो तो वही घर नरक बन जाता है। परिवार में जब बच्चे होते हैं तो पति-पत्नी उनको प्यार से पालते हैं और बच्चे भी प्यार का स्वरूप समझते हैं। यह दोनों गाड़ी के दो पहिए हैं। जिनके बिना घर नहीं चल सकता। इनके जीवन में आपस में प्यार भी होता है तकरार भी होती है, लड़ाई झगड़ा भी होता है। क्योंकि यह अनमोल जीवन का एक हिस्सा होता है। अगर मानो तो इसके बगैर कोई जिंदगी नहीं हमेशा प्यार या हमेशा लड़ाई या हमेशा तकरार हो तो उससे भी गाड़ी नहीं चलती। अपना जीवन चलाने के लिए आपस में सहमति बनानी चाहिए यही पति पत्नी का अटूट प्यार अटूट बंधन होता है।

35



● हरीश भाटिया

## पिता - बेटी का रिश्ता

नन्ही उंगलियां जब पापा का हाथ थाम लेती है तो संसार की सबसे बड़ी दौलत कदमों में महसूस होती है। जब पहली टेढ़ी-मेढ़ी रोटी बनाकर पापा को देती है तो पापा को संसार का सबसे स्वादिष्ट भोजन लगता है। पापा की नजर में बेटी राजकुमारी होती है और बेटी की नजर में पापा किसी राजा से कम नहीं होते। यूं तो दर्द में मां ही याद आती है पर बरगद की छाया सा सुकून पापा का सर पर हाथ देता है। बेटी और पापा का रिश्ता शब्दों में कहना मुश्किल है। सारी उम्र पलकों पर सहेज कर बेटी को पालकर अरमानों की डोली में अपने जिगर के टुकड़े को एक अनजान को सौंप देने का कार्य पिता ही कर सकता है। घर से दूर रहकर भी हर पल अपने पिता की खुशी और सलामती की कामना करने का कार्य एक बेटी ही कर सकती है। जहां बेटी की छोटी सी तकलीफ पर पापा दिन रात एक कर देते हैं। बेटी की हर फरमाइश को हैसियत से बाहर होने पर भी पूरा करते हैं पापा, वही बेटी पिता के बोले बगैर उनके मन की हलचल समझ लेती है। पापा की खुशी के लिए दूसरे घर में संख्या कष्ट भी सह लेती है। पापा सख्ती से नियम पालन करवाते हैं, पर प्यार से हर नखरा भी उठाते हैं। बेटी पापा का संसार है, तो पापा और बेटी का आकाश है। रिश्ता पापा और बेटी का अनमोल है। पापा और बेटी का रिश्ता दिल के तारों से जुड़ा है। भावनाओं से जुड़ा है। रिश्ता पापा बेटी का अव्यक्त होकर भी वाचाल है।।

36



● जगदीश लाल

## गुरु-शिष्य का रिश्ता

37

गुरु शब्द में 'ग' का अर्थ अंधकार और 'उरू' का अर्थ प्रकाश है। अर्थात अंधकार से प्रकाश की ओर ले जाने वाले को गुरु कहते हैं। संसार में हर सजीव अथवा निर्जीव वस्तु जो हमारे बाह्य एवं आंतरिक अज्ञान रूपी अंधकार में ज्ञान रूपी प्रकाश फैला दे वह गुरु होता है। गुरु और शिष्य विश्वास की दृढ़ डोर से जुड़ा होता है। कुम्हार जब थाप देकर चोट करता है तो बर्तन का आकार बनाता है। मिट्टी से मूर्ति बनाने का कार्य है गुरु का। सांसारिक विश्व में गुरु पुस्तकीय शिक्षा देकर हमें धन अर्जित करने, सही गलत का निर्णय करने तथा अच्छे बुरे की पहचान करने के काबिल बनते हैं, वही आध्यात्मिक जगत में गुरु हमें परमात्मा से मिलने, अपने अस्तित्व को पहचान, अपने शरीर को धारण करने के उद्देश्य को पूरा करने की राह दिखाता है। जहां गुरु का महत्व शब्दों में सीमित नहीं किया जा सकता, वही शिष्य के समर्पण व निष्ठा के बिना गुरु अपूर्ण है। आरुणि को कुएं में उल्टा लटका दिया पर उसने गुरु से एक प्रश्न भी नहीं किया। एकलव्य से गुरु ने अंगूठा मांगा उसने एक पल भी नहीं सोचा। गुरु के शब्द ब्रह्म वाक्य है, ऐसा विश्वास शिष्य के संबंध को स्थापित करता है। गुरु अपने शिष्य को अपने से आगे बढ़ता देखकर गर्व करता है और शिष्य अपनी प्रसिद्धि एवं सफलता का श्रेय देकर गुरु को सम्मानित करता है।
गुरु का ज्ञान तभी पूर्ण होता है जब उसका शिष्य इस ज्ञान को पकड़ सफलता की ऊंचाइयां छू लेता है। शिष्य की असफलता से गुरु स्वयं अंतर मन में कमी ढूंढता है। गुरु शिष्य का रिश्ता देवताओं द्वारा भी सम्मान योग्य है।



● संतोष पटियाल

## दादा - पोती का रिश्ता

हमारी दो प्यारी सी पोतियां सिया, टिया है हमारा दोनो के साथ रिश्ता दादा पोती के ना होकर दोस्ती की तरह से है। उन दोनों को किसी भी चीज की जरूरत होती है तो वह अपने पापा से ना कहकर हमसे कहती है। हमें वह चीज उन्हें लाकर देनी होती है वह हमारे सभी कामो को बिना कहे करती रहती है। हमें किस समय किस सामान की जरूरत है वह बिना कहे हमें मिल जाता है अभी पिछले साल हमारी शादी की 50 वी सालगिरह भी उनके द्वारा धार्मिक नगरी चित्रकूट में मनवाई गयी उनके मेरे बेटे से बिल्कुल नहीं पटती उसकी तो हमसे शिकायत करके उसपे डांट पड़वा देती है। दोनों पोतियां पढ़ाई मे बहुत ही होशियार है। स्कूल व अन्य प्रतियोगिता में कई ट्रॉफी जीत कर ला चुकी है सभी ट्रॉफी हमारे कमरे में ही रखती है। अब बड़ी पोती सिया मंगल 10 वी पास करके नीट की तैयारी कर रही है व छोटी पोती टिया मंगल 9वीं पास करके 10 वीं की पढ़ाई कर रही है। ईश्वर उनको हर क्षेत्र में कामयाबी दे व हमारा नाम रोशन कर यही परमपिता से प्रार्थना करते है।

38



● शांतिलाल मंगल
मुरैना एमपी

## भाई-भाई का रिश्ता

मेरी जिंदगी में भाई भाई का रिश्ता सबसे महत्वपूर्ण है। बचपन में अक्सर छोटी छोटी बात के लिए हम भाइयों में झगड़ा हो जाता था और एक-दूसरे से बात नहीं करते थे। लेकिन जब तक सुलह नहीं होती, दोनों के मन ऐसे तड़पते थे जैसे कि कोई अनमोल वस्तु खो गई हो। और जब मिलन होता तो आपस में लिपट कर यूं रोते कि पूछो मत..प्यार इतना बढ़ जाता और डर रहता था, भाई कहीं रूठ न जाए। भाई- भाई पर अपना सब कुछ न्योछावर कर देता। इसका श्रेय संयुक्त परिवार परंपरा को जाता है। आज वो बात नहीं है। प्रभु कृपा से आज तक हम भाइयों का रिश्ता, प्यार वैसा ही बना हुआ है। भाई से मन-मुटाव कभी मत रखें। मां-बाप के बाद कोई हमदर्द है तो वो अपना भाई ही होता है।

39




एम आर कुमार
सदस्य
गुड़गांम शाखा ●

## अन्य शाखाओं के पते व फोन नंबर

**शीला-मनोहर पश्चिम विहार शाखा**
**हैल्पलाइन** नं. 9311123220, 7503009779
**स्थान** ए2/34 पश्चिम विहार नई दिल्ली -63

**मॉडल टाउन शाखा**
**स्थान:**टैगौर भवन टैगौर पार्क निकट गोल चक्कर मॉडल टाउन - 1. दिल्ली, हैल्पलाइन नं. : 9911166691, 8750238257, 9810030229

**नोएडा शाखा**
**स्थान** : कम्युनिटी सैंटर, सैक्टर-41, (प्रयाग अस्पताल के पीछे), नोएडा, उ. प्र. । हैल्पलाइन : 9811030309

**सोनीपत शाखा**
**स्थान** : जैन स्थानक सै. 15 सोनीपत (एल.आई.सी. आफिस के सामने) हैल्पलाइन नं. : 9215174016, 9416086940

**गुजरांवाला टाउन शाखा**
**स्थान:**-आर्य समाज मंदिर, डेरावाल नगर ए ब्लाक, निकट बिजली अपार्टमैंट दिल्ली-9।
संपर्क : 9910982035, 9910013870

**चौखंडी शाखा**
**स्थान:** शिव शक्ति मंदिर, चांद नगर, रवि नगर, चौखंडी।
संपर्क: 9871075220, 8826063487, 9013389133

**नरेला शाखा**
**स्थान:**आर्य समाज मंदिर, निकट चौधरी रामदेव चौक, नरेला, दिल्ली। हैल्पलाइन : 9210286706, 9999820434

**पूर्वी दिल्ली शाखा**
**स्थान** - आर्य समाज मंदिर शिवाजी पार्क रोहताश नगर शाहदरा हैल्पलाइन नं. : 9810518497, 8595370630

**हैदराबाद शाखा**
**स्थान:**-1-5-1078, नियर जैन मंदिर, चैतन्यपुरी, कोटापेट, हैदराबाद-500060।
हैल्पलाइन नं. 9848058509

**कतलूपुर ब्रांच :**
**हैल्पलाइन नं.** : 9811697760, 922920203, 9310749505

**पटेल नगर शाखा**
**स्थान** : श्री राधा कृष्ण मंदिर, सी ब्लाक, वैस्ट पटेल नगर, दिल्ली।
हैल्पलाइन नं. : 9319890607, 9868845550

**रोहिणी शाखा**
**स्थान** : सनातन- धर्म मंदिर, डी-ब्लाक, सैक्टर-15, रोहिणी, दिल्ली।
हैल्पलाइन नंबर : 9818016171, 9212528899, 8860074320

**गुड़गांव शाखा**
कम्युनिटी सैंटर सै.-4 गुड़गांव, हरियाणा।
हैल्पलाइन नं. : 9810748945, 9899145537

**ग्रेटर कैलाश शाखा**
**स्थान:**सनातन धर्म मंदिर, ग्रेटर कैलाश पार्ट- 2, नई दिल्ली।
हैल्पलाइन नं. 9811030309

**ग्रीन पार्क शाखा**
**हैल्पलाइन नं.** : 9899948425

**फरीदाबाद शाखा**
**स्थान** : होटल सेंट्रल व्यू सेक्टर 12 सेल्स टैक्स कार्यालय के सामने, फरीदाबाद,
हैल्पलाइन नं. : 9811426768, 9313520606

**पंजाबी बाग शाखा**
**स्थान:** जेआर मीडिया संस्थान, पंजाब केसरी परिसर, वजीरपुर दिल्ली। हैल्पलाइन नं. : 9910593661/ 9711140798, 9136683602

**जांटी कलां शाखा सोनीपत**
**स्थान:** उमेश चंद मैंमोरियल स्कूल, जांटी कलां शाखा सोनीपत (हरि.) नियर सरकारी स्कूल जांटी कलां
हैल्पलाइन नं. : 8708372858

## वरिष्ठ नागरिकों के लिए खुशखबरी

### वरिष्ठ नागरिक केसरी क्लब के सदस्य बनने के लिए फार्म

**नाम :** ______

**पति/पिता :** ______

______ **आयु :** ______

**स्थायी पता :** ______

**वर्तमान व्यवसाय ( नौकरी/कारोबार/अन्य ) :** ______

**शैक्षणिक योग्यता :** ______ **ब्लड ग्रुप :** ______

**संपर्क : फोन :** ☐☐☐☐☐☐☐☐ **मोबाइल :** ☐☐☐☐☐☐☐☐☐☐

नोट : ● वरिष्ठ नागरिक केसरी क्लब का सदस्य बनने के लिए आयु कम से कम 60 वर्ष होना अनिवार्य है ● परिचय पत्र बनवाने के लिए कृपया इस फार्म की कटिंग के साथ दो फोटो एवं पहचान पत्र की कापी नीचे दिए गए पते पर भेजे।

**पोस्ट पता : 1 और 2 प्रिंटिंग प्रैस कॉम्प्लेक्स, नियर वजीरपुर, डीटीसी बस डिपो, दिल्ली-110035**

अधिक जानकारी के लिए निम्न हैल्पलाइनों पर सम्पर्क करें :

**9871598497, 9810107375, 9811030309, 9818131462**

**" सदस्यता निःशुल्क "**

## प्रतियोगिता रिश्तों की

1. मां-बेटा, बेटी का रिश्ता।
2. पिता-बेटा, बेटी का रिश्ता।
3. माता-पिता का रिश्ता।
4. पति-पत्नी का रिश्ता।
5. सास-बहू, दमाद का रिश्ता।
6. ससुर-बहू, दमाद का रिश्ता।
7. दोस्तों का रिश्ता।
8. दादा-पोते, पोतियों का रिश्ता।
9. नाना-नानी का नातिनों से रिश्ता।
10. पड़ोसियों का रिश्ता।
11. भाभी-देवर का रिश्ता।
12. जीजा-साली का रिश्ता।
13. गुरु-शिष्य का रिश्ता।
14. अपने पालतू प्राणी के साथ रिश्ता (कुत्ता, बिल्ली, तोता) कोई भी।
15. प्रभु से रिश्ता या ऐसा कोई जिसका आपकी जिंदगी में महत्व है या जिसने आपकी जिंदगी बदल दी।
16. भाई-भाई का रिश्ता।
17. भाई-बहन का रिश्ता।
18. बहनों को रिश्ता।

नाम ....................

पता ......................

फोन नम्बर ............

20 पंक्तियां ..........

फोटो

अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें :
9871598497, 9811030309
deskfeature@gmail.com पर ई-मेल कर सकते हैं।
हमारी वैबसाइट एवं लिंक
https://vnkc.org/
https://m.facebook.com/vnkclub

नोट: सदस्यों के उत्साह को देखते हुए रविवार को भी प्रतियोगिता रिश्तों पर लेख प्रकाशित होंगे।

## आवश्यक सूचना

**प्रतियोगिता रिश्तों की!**

इस प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी पाठकों को सूचित किया जाता है कि अपना वीडियो दो मिनट से ज्यादा व लेख 20 लाईनों से अधिक न हो। इसके साथ ही कूपन भेजना न भूलें। कूपन के साथ ही प्रतियोगिता में शामिल हो सकते हैं। कूपन के बगैर आपका लेख आपकी भावनाओं को देखते हुए अवश्य छापेंगे पर आप प्रतियोगिता में शामिल नहीं हो सकते। ये प्रतियोगिता पंजाब केसरी के पाठकों के लिए तथा वरिष्ठ नागरिक केसरी क्लब के सदस्यों के लिए है। सबको बहुत-बहुत धन्यवाद!

# हमारे नौनिहालों का सौंधा सौंधा बचपन...

**बचपन** में गर्मियों की छुट्टियों में नाना नानी, मौसा मौसी व अन्य रिश्तेदारों के घर जाकर ऊपर छत में सोते समय आसमां के तारे अब किसी को गिनने का सुनहरा अवसर नहीं मिलता। बच्चों को अब पारिवारिक शादी समारोहों में अपने मखमली रिश्ते नातों को करीब से जानने का समय भी नहीं मिलता है।

40



वजह है आधुनिकता और से लबरेज नए जमाने की नई पीढ़ियों वाला एकल परिवार जो अब हर पल आधुनिकता की अंधी रफ्तार में बेलगाम होती जिंदगी में भावुकता और संवेदनशीलता लगभग शून्य होता जा रहा है। हम संयुक्त परिवार के आशीर्वाद जैसे कल्प वृक्ष की छत्र छाया से लगातार कोसों दूर होते हुए अपने आपको खुद मायूस और नितांत अकेले करते जा रहे। सहूलियत के नाम पर बच्चों को पालने पोसने का काम पहले से ही हम 'आया मां' को सौंप चुके हैं। अभिजात वर्ग से धीरे-धीरे यह शौक मध्यमवर्ग को भी प्रभावित कर गया। खाना खिलाने से पहले दुलार पुचकार डांट भी अब यूट्यूब की बलि चढ़ चुके हैं। दादी, नानी की कहानियां चंदा मामा दूर के सब तो अब मोबाइल और आईपॉड के जिम्मे हो गया है।

आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के नाम पर सिरीएलक्सा नए नएफीचर लगातार ईजाद कर रही है। मतलब हमारे सपने, भाव, स्पर्श, एहसास, दुलारप्यार, पारिवारिक जिम्मेदारी संग संवेदना अब सब साइंसफिक्शन की तरह होते जा रहे हैं। याद रखिए एलक्सा एक मोड़ के बाद आपको छोड़ कर चली जाएगी। वह आपके बच्चों की स्टोरीटेलिंग तो करेगी लेकिन उनके मन की नहीं सुनेगी। उनको पुचकार कर उनकी संवेदना को तो कभी भी थपथपायेगी नहीं। वह आपके बच्चों की पीठ नहीं खुजाएगी। उनके माथे पर हाथ भी नहीं फेरेगी। एलक्सा को देर रात को भूख लगने पर फ्रिज से कस्टर्ड निकालकर बच्चों को खिलाना नहीं आता और ना ही बच्चों को आटा बोरी सा उठा सुबह-सुबह उन्हें शॉवर के पास नहलाना आता है ।

समझ रहे हैं ना आप सब धीरे-धीरे जटिल करते जा रहे हैं। अपने बच्चों को आप कभी भी अपने माता-पिता के संघर्ष के बारे में एलक्सा से नहीं कहलवा पाएंगे। सहूलियत और आधुनिकता के नाम पर प्रेम भाव लगाव को जलाकर राख मत कीजिएजीवन में ढेर व्यस्तता और संघर्षों के पश्चात भी आपके बच्चों द्वारा आपकी रिपोर्ट कार्ड पर रिमार्क्स आपके आगामी जीवन की दिशा और दशा में सहायक होंगे।

बच्चो की तरह पेरेंटिंग को भी सहज कर रखना होगा,रोज पेरेंटिंग हैंडबुक से नित नए पाठ पढ़ने होंगे। रिश्तों में नमी रखिए, परिवार तभी चलेगा। परिवार से ही बेहतर समाज की परिकल्पना सिद्ध सार्थक होगी।

● **राज कुमार भाटिया**

# रिश्ते... इंद्रधनुषी

**रिश्ते** हैं अनमोल जगत में,बड़े भाग्य से मिलते हैं।
रिश्तों की स्नेहिल छाया में,स्वर्णिम से सपने पलते हैं।
इंद्रधनुष के रंग रंगे, ये रिश्ते हैं अनजाने से।
है वजूद इनका अति गहरा, हमराज बने पहचाने से।
विश्वास जमा जब भी इन पर, दिल में अरमान मचलते हैं।
भीग प्यार की बारिश में , ये महके से खिलते हैं।
रिश्तों की स्नेहिल छाया में, स्वर्णिम से सपने पलते हैं।
ये आसमान से ऊंचे हैं ,औ सागर से भी हैं गहरे।
बिंदिया पायल मेहंदी, गजरे, से देते हैं हरदम पहरे।
गुनगुनी धूप अहसासों की,जब लिख देती है नाम कोई
फिर नाम वही मुस्कानों में,उसको ही पढ़ते लिखते हैं।
रिश्तों की स्नेहिल छाया में,स्वर्णिम से सपने पलते हैं।
टूटे न नेह संवाद कभी, इनके कारण जीवन लहरे।
मौन पसरता जब रिश्तों में, तो बन जाते गूंगे बहरे।
ध्यान यही रखना है केवल, शिकवे न कोई भी टिक पाये।
जज्बातों के आलिंगन से ,ये मोम समान पिघलते हैं।
रिश्तों की स्नेहिल छाया में,स्वर्णिम से सपने पलते हैं।
स्वार्थ -डोर इनको बांधें, मजबूर विवश से हो जाते।
रिश्तों पर जीवन टिका हुआ, विश्वास बिना नहीं बन पाते।
आधार सदा ही नेह बने,मजबूत हो नेह की डोरी।
मखमली दूब पर ये कोमल, शबनमी ओस से सजते हैं।
रिश्तों की स्नेहिल छाया में,स्वर्णिम से सपने पलते हैं।
रिश्ता कोई है धागे का ,कोई रिश्ता सिंदूरी है।
रिश्ता है कोई ममता का ,कोई रिश्ता मजबूरी है।
कोई देता है दर्द हमें, जीवन को सर्द कोई करता ।
आ जाती जब इनमें दूरी,संदेह की चटखन भरते हैं।
रिश्तों की स्नेहिल छाया में, स्वर्णिम से सपने पलते हैं।
रिश्ता मिट्टी से जब बनता, सोना उपजे खलिहानों में।
कुछ रिश्तों के हैं नाम बड़े, कुछ रिश्ते नाम बदलते हैं।
रिश्तों की स्नेहिल छाया में,स्वर्णिम से सपने पलते हैं।
कुछ लोभ-मोह की धुरी टिके ,अवसर पा पीछे हट जाएं।
रिश्तों की स्नेहिल छाया में,स्वर्णिम से सपने पलते हैं।

42



● **शकुंतला मित्तल**

# प्रभु से रिश्ता

**मेरा** सबसे घनिष्ठ रिश्ता प्रभु के साथ है ।
क्योंकि मैं जानती हूं कि.........
आनंद ही आनंद आता है,
जब हरि से तार जुड़ जाता है। जब हरि से तार जुड़ जाता है, तब मन पावन,आनंदित हो जाता है।।
इसलिए कहते हैं....
सुत द्वारा और लक्ष्मी,
पापी घर भी होए,
संत समागम हरि कथा,
तुलसी दुर्लभ दोए ।।
बहु बेटा,रुपया पैसा, माता-पिता,भाई बहन आदि
सभी रिश्ते हर इंसान के पास होते हैं।लेकिन यह सब रिश्ते अपना अपना किरदार अदा करने के लिए संसार में आते हैं।
यह तो सभी जानते हैं कि मोह माया के बिना गृहस्थ जीवन नहीं चलता । अत: अपना अपना किरदार सभी निभाते हैं ।
मैं प्रतिदिन प्रात: और सायं आराधना करते हुए, मन से एक ही प्रार्थना करती हूं........ कि
तुम्ही हो माता पिता तुम्ही हो ।
तुम्ही हो बंधु सखा तुम्ही हो ।।
तुम्ही हो साथी, तुम्ही सहारे ।
कोई ना अपना सिवा तुम्हारे ।।
इसलिए प्रभु ही मेरे सर्वेश्वर है। मैं प्रभु को ही हर रिश्ते में स्वीकार करती हूं । क्योंकि मैंने दुख के दिनों में अनुभव किया है कि मेरे प्रभु ही बड़ी से बड़ी समस्या से निजात दिलाते हैं।
कहते हैं.......
जिसके हरि हैं सारथी,
निश्चय उसकी जीत ।
जिस मन में हरि बसे,
उस मन प्रीत ही प्रीत ।।
ईश्वर ही एक ऐसा हमसफ़र है जो प्रत्येक रिश्ते निभाकर हमारे साथ रहता है। संकट के समय सभी रिश्ते झूठे पड़ जाते हैं । एकमात्र परमात्मा ही सहारा बनकर हमारी नैया पार लगाता है ।
कोरोना के समय में प्रभु ने प्रत्यक्ष रूप से दिखा दिया।
कि अंतिम समय में हम अपने प्रियजन को भी स्पर्श नहीं कर पाए।
अर्थात, ईश्वर ही एकमात्र ऐसा सहारा है । जो अपने भक्तों का साथ देते हैं । इसी लिए उस सर्वशक्तिमान को सच्चे और पवित्र मन से याद किया जाता है।
10 प्रभु केवल हमारे भाव के भूखे हैं...................
वे तो स्वयं त्रिकालदर्शी है । इसलिए हम उन्हें क्या दे सकते हैं ....... ?
प्रभु कहते हैं.....
मैं भाव का भूखा हूं .....
और भाव ही एक सार है ।
भाव से मुझको भजें,
तो भव से बेड़ा पार है ।।

44



● **कमलेश देवी**
**शाखाध्यक्ष जांटीकंला**
**सोनीपत ( हरियाणा )**

41



# पंजाब केसरी से भाई जैसा रिश्ता

**पंजाब** केसरी राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक एक राष्ट्रवादी समाचारपत्र ही नहीं एक मिशन है। जो अपने पाठकों के लिए संसारिक समाचार, जागरूकता पूर्ण लेखों के साथ, सामाजिक कार्यक्रम एवं वरिष्ठ नागरिकों, बुजुर्गों एवं जरूरतमंद सदस्यों की सेवा में विभिन्न सुविधा-सहायता करता है। वरिष्ठ नागरिक क्लब के सदस्यों को प्रसन्न, सुखी, शांतिपूर्ण जीवन हेतु सभी ब्रांचों में अनेकों गतिविधियों द्वारा सभी को प्रोत्साहित भी करता है। पंजाब केसरी दिल्ली से करीब 30 वर्ष से मैं स्वयं एक विचोरोत्तेजक लेखक व पाठक के रूप में जुड़ा हुआ हूं।

आदरणीय पूर्व संपादक स्व. श्री अश्विनी कुमार चोपड़ा जी से वर्षों पत्राचार एवं अनुज जैसा स्नेहाशीष रहा। वर्तमान में निदेशक आदरणीया श्रीमति किरण चोपड़ा जी एवं श्री आदित्य नारायण चोपड़ा, अर्जुन चोपड़ा, आकाश चोपड़ा जी ने पंजाब केसरी दिल्ली, राष्ट्रीय समाचारपत्र को सेवाएं प्रदान कर निरंतर निर्भीक राष्ट्रवादी शीर्ष पर बनाये रखा है। पंजाब केसरी का मेरा वर्षों से भाई जैसा रिश्ता रहा। समस्त पंजाब केसरी परिवार, सदैव समृद्ध, उर्जावान एवं निरंतर गतिशील बना रहकर, उद्देश्यों में हमेशा सफलता प्राप्त करें ।

● **दीपचन्द सांटोलिया**



43

# संबंध गुरु- शिष्य

**आजकल** हम इसे नाम से जानते हैं। एक प्रकार का संबंध अपने एहसास को खोने सा लगा है। संबंध, जी। भली प्रकार से बंधा हुआ, रिश्तों में गुंथा हुआ, एक एहसास। सिर्फ और सिर्फ मधुर आभास जो सबको मुस्कुराने की, मधुर स्मृतियों को संजोकर रखने की, बार-बार उसमें विचरण करने की उन्मुक्त अनुमति देता है। संबंध सिर्फ मधुर ही नहीं होते कटु संबंध जीवन को तार-तार, छलनी कर देते हैं। भूल जाने की, उनसे विमुख हो जाने की चेष्टा में न जाने कितनी बार पीड़ा की अथाह सागर को पार करना पड़ता है। ऐसे संबंध परिभाषा को जीते जी मार डालते हैं।

मैं उसे संबंध की बात करती हूं, उस रिश्ते को जीना चाहती हूं। जिसका एहसास, जिसका जीवन मधुर और सुखद पलों का साथी है। जीवन-पथ पर प्रेरणा का एक सुंदर, सफल अनुप्रयोग है। संबंध, माता-पिता के, भाई-बहन के, रिश्तेदारों- मित्रों के, सहकर्मियों- सहयोगियों सभी के होते हैं। सबका अलग दायरा, अलग रूप होता है। पर एक संबंध जो मुझे इन सबमें श्रेष्ठ और निश्छल लगता है वह है, गुरु-शिष्य का। इतिहास, पुराण, उपनिषद, अनेक लौकिक ग्रंथ अनेक उदाहरण से भरे पड़े हैं। जो संबंधों की, उनमें निहित सुंदर रिश्तों की सुंदर परिभाषा देते हैं और समाज के लिए प्रेरक उदाहरण हैं। पर मैं वर्तमान में, जब व्यक्ति स्वयं में सिमट रहा है। स्व. को समर्पित है वहां एक गुरु आचार्य शिक्षक हम चाहे जो भी उपनाम दें। ज्योति का, संबल का वह पुंज नजर आता है। जो रोशनी में शिष्य को नहलाता ही नहीं उसकी कमियों पर अपने आशीर्वाद के मधुर वात्सल्य से उन्हें तिरोहित कर सच्चे मार्ग की सीढ़ियों पर चढ़ाता है और सच्चा पथ प्रदर्शक बनाता है।

● **डॉ. कल्पना पाण्डेय नवग्रह**
**नोएडा**

# बहन का पवित्र रिश्ता

**हमारे** जीवन में रिश्तों का क्या महत्व है इससे कोई भी अछूता नहीं, लेकिन यह भी सच है रिश्तों की डोर इतनी नाजुक होती है कि जरा सी गलत फहमी, अनदेखी रिश्तों में दरार पैदा कर देती है। किसी भी रिश्ते को निभाने के लिए आपस में सामंजस्य बिठाना और कितने ही समझौते करने पड़ते हैं तब जाकर कोई रिश्ता सफल हो पाता है।

ऐसा ही एक रिश्ता है बहन का रिश्ता, ये रिश्ता चाहे बहन का भाई से हो या फिर बहन का बहन से हो। यदि हमारे जीवन में एक अच्छी बहन है तो फिर हमको दोस्त की कमी कभी महसूस ही नही होती। यदि बहन बड़ी है तो वह एक मां की तरह हमारा ख्याल रखती है, हमारी देखभाल करती है, एक गाईड की तरह हमको सही सलाह देती है हमारा मार्गदर्शन करती है और कभी-कभी हमारी गलती को स्वयं की बताकर माता-पिता की डांट से भी बचाती है, अपने छोटे भाई या बहन को उनकी गलती पर डांट भी देती है और कभी कभी शरारत के तौर पर धमकी भी देती है कि तुम्हारी यह बात माता-पिता को बता दूंगी। जीवन में बड़ी बहन का होना सौभाग्य की बात है जो हर किसी को प्राप्त नही होता।

बहन बड़ी हो या छोटी हर घर की आन बान शान होती है। बहन के होने से घर परिवार में रौनक़ ही अलग होती है । वैसे देखा जाए तो हर रिशते की अपनी महत्ता है, और सभी रिश्ते एक दूजे के साथ के बिना अधूरे ही हैं।

45



● **सुमन मोहिनी 'सलोनी'**

**अब दानियों के अनुरोध पर 'एक मिशन एक सेवा' का प्रकाशन प्रतिदिन किया जा रहा है ताकि दानदाता अपने प्रियजनों के जन्मदिन, पुण्यतिथि, वैवाहिक वर्षगांठ या किसी खास मौके की तिथि विशेष पर अपनी इच्छानुसार दान राशि प्रकाशित करा सकें।**

## एक मिशन एक सेवा



बुढ़ापा जीवन का अटल सत्य है। गरीबी, बीमारियां, तथा अपनों का मुंह फेर लेना, इसे अभिशाप बना देते हैं। आईये! ऐसे बुजुर्गों का सहारा बनें। सुखी-सम्पन्न लोगों के सहयोग से इनका अकेलापन, दुःख दूर किये जा सकते हैं। ताकि भावी पीढ़ी इनसे प्रेरणा ले सकें।

**पंजाब केसरी दैनिक समाचार पत्र समूह** 2000 रु.

## दानियों के लिए विशेष सूचना

वरिष्ठ नागरिक केसरी क्लब के लिए दान देने वाले सज्जन अब देशभर में **पंजाब नैशनल बैंक** की किसी भी शाखा में जाकर सहायता राशि जमा करवा सकते हैं, इसके लिए ध्यान रखें कि उक्त राशि **वृद्ध केसरी, रोमेश चंद्र ट्रस्ट के अकाउंट नंबर** 3075002102006705 में देय होनी चाहिए। हमारा अनुरोध है कि सहायता राशि जमा करवाने के बाद हमें सूचित जरूर करें, ताकि रसीद भेजी जा सके। यह राशि आयकर छूट प्राप्त है। **जो सज्जन पंजाब नैशनल बैंक की किसी शाखा में नकद राशि जमा कराएं, वे बैंक की रसीद हमें कोरियर करा दें, ताकि आपको हम रसीद भेज सकें। सभी दानकर्ताओं से अनुरोध है कि दान भेजते समय पूरा पता, टेलीफोन नंबर और पैन कार्ड नंबर भी साथ में लिखें।**

दिल्ली के बाहर के दानकर्ता 500/- रुपए से कम की दानराशि कृपया ड्राफ्ट या मनीआर्डर से ही भेजें

कृपया अपना ड्राफ्ट या चैक **वृद्ध केसरी रोमेश चंद्र ट्रस्ट**, के नाम बना कर हमें भेजें। सभी दानी सज्जनों के नाम प्रति दिन प्रकाशित किए जाएंगे। लेकिन फोटो 5100/- या इससे अधिक की दान राशि देने वाले सज्जनों के प्रकाशित किए जाएंगे। दान के लिए पंजाब केसरी कार्यालय में प्रात: 10 से 5.30 बजे तक सम्पर्क करें।

***यह राशि आयकर कानून की धारा 80-जी के अन्तर्गत करमुक्त है!**

**पता :- वरिष्ठ नागरिक केसरी क्लब**
2, प्रिंटिंग प्रेस काम्प्लेक्स, नियर वजीरपुर डिपो, दिल्ली-35

**दान के लिए कृपया 01130712376,09871598497,9810107375 पर संपर्क करें। यदि कोई सज्जन या संस्था हमारे नाम से पैसा इकट्ठा करे तो इसका जिम्मेदार वरिष्ठ नागरिक केसरी क्लब नहीं होगा।**

NEW LAYOUT-674X576 Pawan New


Price Rs. 4.50 (वार्षिक शुल्क 1980 रुपए डाक द्वारा) PunjabKesari.com | PunjabKesari.com | @punjabkesaricom | पंजाब केसरी DELHI
R.N.I. No. 404 74/83, Postal Regn.No. DL(N)/0169/2018-20, Posted at Delhi RMS Delhi-6

ग्लोबल Window

# सोनाक्षी-जहीर ने प्रीतिभोज की नई तस्वीरें साझा कीं



**मुंबई,** (पंजाब केसरी) : अभिनय जगत के नवविवाहित दंपति सोनाक्षी सिन्हा और जहीर इकबाल ने मंगलवार को अपनी शादी के प्रीतिभोज की तस्वीरें साझा कीं और कहा कि शादी को उनके दोस्तों, परिवार और उनकी टीम समेत सभी लोगों का प्यार और समर्थन मिला। दोनों ने रविवार को सोनाक्षी के घर पर एक साधारण समारोह में शादी रचाई थी, जिसके बाद यहां प्रतिभोज का आयोजन किया गया जिसमें तमाम सितारे जुटे। 37 वर्षीय सोनाक्षी और 35 वर्षीय जहीर ने एक संयुक्त इंस्टाग्राम पोस्ट में अपने प्रीतिभोज की तस्वीरें पोस्ट कीं। उनकी शादी की घोषणा की तरह नवीनतम पोस्ट पर टिप्पणियां करने की सुविधा को 'डिसेबल' कर दिया गया है क्योंकि दंपति को कथित तौर पर उनके अंतर-धार्मिक विवाह के लिए नफरत का शिकार होना पड़ा था।

# जूलियन असांजे रिहा



- अमेरिका से एक डील के बाद ब्रिटेन की जेल से 1901 दिन बाद हुए रिहा
- विकीलीक्स के संस्थापक ने अमेरिका के सीक्रेट्स उजागर कर बटोरी थीं सुर्खियां

**लंदन, (आईएएनएस):** अमेरिकी अधिकारियों के साथ एक समझौते के बाद विकीलीक्स के संस्थापक जूलियन असांजे ब्रिटेन की जेल से रिहा हो गए हैं। असांजे पर अमेरिकी राष्ट्रीय रक्षा जानकारी प्राप्त करने और उसका खुलासा करने की साजिश का आरोप था। अमेरिकी न्याय विभाग के साथ एक समझौते में दी गई शर्तों के अनुसार अब असांजे को अमेरिकी हिरासत में समय नहीं बिताना पड़ेगा।

विकीलीक्स ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में कहा, जूलियन असांजे रिहा हो गए हैं। 1901 दिन वहां बिताने के बाद वे 24 जून की सुबह बेलमर्श मैक्सिमम सिक्योरिटी जेल (लंदन) से बाहर आ गए। लंदन के हाई कोर्ट ने उन्हें जमानत दे दी, वे विमान में सवार होकर ब्रिटेन से रवाना हो गए हैं। पोस्ट में कहा गया, एक छोटी सी कोठरी में पांच साल से अधिक समय बिताने के बाद, वे जल्द ही अपनी पत्नी स्टेला असांजे और अपने बच्चों से फिर से मिलेंगे। इसमें कहा गया, अब वे ऑस्ट्रेलिया लौट रहे हैं। हम उन सभी का शुक्रिया अदा करते हैं जो हमारे साथ खड़े रहे, हमारे लिए लड़े और उनकी आजादी की लड़ाई में पूरी तरह प्रतिबद्ध रहे। इस घटनाक्रम पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए उनकी पत्नी स्टेला असांजे ने कहा, जूलियन के कारावास और उत्पीड़न के वर्षों के दौरान, एक अविश्वसनीय आंदोलन चला। दुनिया भर से सभी क्षेत्रों के लोगों ने न केवल जूलियन का समर्थन किया, बल्कि उनके विचारों का भी समर्थन किया : सत्य और न्याय का विचार। जूलियन असांजे पर 2010 और 2011 में गोपनीय सैन्य रिकॉर्ड को प्रकाशित करने का आरोप है। असांजे को सरकारी डेटा चुराने और उसे प्रकाशित करने के मामले में कथित भूमिका के लिए 2019 में 18 मामलों का सामना करना पड़ा था। इसमें अधिकतम 175 साल की जेल की सजा हो सकती थी।




# अफगानिस्तान ने रचा इतिहास

## पहली बार टी20 विश्व कप के सेमीफाइनल में पहुंचा :नवीनुल हक बने मैन ऑफ दा मैच, दक्षिण अफ्रीका से होगा सामना



**किंग्सटाउन,** (भाषा) : विषमता से सफलता के सफर में अपने क्रिकेट इतिहास का सबसे सुनहरा पन्ना लिखते हुए अफगानिस्तान ने टी20 विश्व कप सुपर आठ चरण के मैच में डकवर्थ लुईस प्रणाली से बांग्लादेश को आठ विकेट से हराकर पहली बार सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया। जैसे ही नवीनुल हक ने 18वें ओवर की चौथी गेंद पर तस्कीन अहमद का विकेट लिया, उनके साथी खिलाड़ियों से लेकर स्टेडियम में मौजूद समर्थकों तक की आंखें भर आई । कैरेबियाई सरजमीं से काबुल तक क्रिकेटप्रेमियों को भावविभोर करने वाली इस उपलब्धि का कयास क्रिकेट पंडित भी नहीं लगा सके थे। राजनीतिक अस्थिरता, युद्ध की विभीषिका झेलने वाले देश की ऐसी टीम ने यह कारनामा कर दिखाया जिसके पास अभ्यास के लिये खुद का मैदान तक नहीं है। इस रोमांचक मुकाबले में पासा पल-पल बदलता रहा लेकिन आखिर में बाजी राशिद खान के रणबांकुरों के नाम रही जिन्होंने इस जीत के साथ आस्ट्रेलिया जैसे दिग्गज का टूर्नामेंट से बोरिया बिस्तर भी बांध दिया। अब सेमीफाइनल में 27 जून को अफगानिस्तान का सामना दक्षिण अफ्रीका से और भारत की टक्कर इंग्लैंड से होगी। इससे पहले बांग्लादेश के गेंदबाजों ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए अफगानिस्तान को पांच विकेट पर 115 रन पर रोक दिया। लेग स्पिनर रिशाद हुसैन ने 26 रन देकर तीन विकेट चटकाये।

### सिर्फ लारा को हम पर यकीन था : राशिद

**किंग्सटाउन,** (भाषा) : दो महीने पहले ब्रायन लारा ने अफगानिस्तान के टी20 विश्व कप सेमीफाइनल में पहुंचने की संभावना जताई थी तो कइयों को हैरानी हुई लेकिन यह करिश्मा कर दिखाने वाली टीम के कप्तान राशिद खान ने उनसे वादा किया था कि वह उनके भरोसे पर खरे उतरकर दिखायेंगे। और ऐसा ही हुआ। काबुलीवाला की कहानी वाले युद्ध से जर्जर इस देश की यह कामयाबी अब क्रिकेट की किवदंतियों का हिस्सा होगी। अफगानिस्तान ने बांग्लादेश को आखिरी ग्रुप मैच में डकवर्थ लुईस प्रणाली से आठ विकेट पर हराकर न सिर्फ पहली बार विश्व कप के अंतिम चार में जगह बनाई बल्कि आस्ट्रेलिया जैसी दिग्गज को भी टूर्नामेंट से बाहर कर दिया। लारा ने कहा था कि वेस्टइंडीज, भारत और इंग्लैंड सेमीफाइनल में पहुंच सकते हैं । चौथे स्थान के लिये मेरा दाव एक डार्कहॉर्स अफगानिस्तान पर है।

# केन्या में हजारों प्रदर्शनकारी संसद में घुसे



- केन्या में टैक्स पर कोहराम
- इमारत के एक हिस्से में आग लगी

**नैरोबी, (एपी):** केन्या में करों को लेकर प्रदर्शन कर रहे हजारों प्रदर्शनकारी संसद में घुस गए हैं और इमारत के एक हिस्से में आग लग गई है। सांसदों को वहां से निकाला जा रहा है। पुलिस ने इससे पहले मंगलवार को राजधानी नैरोबी में प्रदर्शनकारियों पर गोलियां चलाईं। प्रदर्शन में हजारों लोगों ने हिस्सा लिया और उनकी मांग थी कि सांसद एक विवादास्पद वित्त विधेयक में प्रस्तावित नए करों के खिलाफ मतदान करें। पिछले सप्ताह विरोध प्रदर्शनों में दो लोगों की मौत हो गई थी, लेकिन मंगलवार को किसी के हताहत होने की तत्काल कोई जानकारी नहीं है। केन्या के लोगों द्वारा दान की गई सामग्री के साथ चिकित्सकों ने विभिन्न शहरों में अस्थायी आपातकालीन प्रतिक्रिया केंद्र स्थापित किए हैं। विरोध प्रदर्शन का यह दौर तब शुरू हुआ जब सांसदों ने नए करों की पेशकश करने वाले वित्त विधेयक पर मतदान किया। इन नये करों में 'इको-लेवी' भी शामिल है जो सैनिटरी पैड और डायपर जैसी वस्तुओं की कीमत बढ़ाएगी। लोगों के आक्रोश के बाद 'ब्रेड' पर कर लगाने का प्रस्ताव हटा दिया गया लेकिन प्रदर्शनकारी अब भी संसद से इस विधेयक को पारित नहीं करने का आह्वान कर रहे हैं। केन्या मानवाधिकार आयोग ने मंगलवार को अधिकारियों द्वारा प्रदर्शनकारियों पर गोली चलाने का एक वीडियो साझा किया और कहा कि उन्हें जवाबदेह ठहराया जाएगा।

# भारतीय मिस्त्री ने दुबई में 2.25 करोड़ रुपये का जैकपॉट जीता

**दुबई,** (भाषा): भारत के 46 वर्षीय इलेक्ट्रिशियन ने सालों तक पैसों की बचत करने और समझदारी से निवेश करने के बाद दुबई में तकरीबन 2.25 करोड़ रुपये का नकद पुरस्कार जीता है। 'खलीज टाइम्स' के अनुसार, आंध्र प्रदेश के नागेंद्रम बोरुगद्दा 2019 से नेशनल बॉन्ड में 100 दिरहम का निवेश कर रहे हैं। 2017 से संयुक्त अरब अमीरात में रह रहे बोरुगद्दा की 18 वर्षीय एक बेटी और 16 वर्षीय एक बेटा है। अखबार ने बोरुगद्दा के हवाले से कहा, 'मैं अपने परिवार को बेहतर जिंदगी देने और अपने बच्चों को अच्छी शिक्षा मुहैया कराने के लिए संयुक्त अरब अमीरात आया था।

# आस्कर या एमी, गुलबदिन नायब के मैच के दौरान मैदान पर गिरने से मचा बवाल

**किंग्सटाउन,** (भाषा): बांग्लादेश के खिलाफ टी20 विश्व कप सुपर आठ चरण के आखिरी मैच में अफगानिस्तान के कोच जोनाथन ट्रॉट ने अपने खिलाड़ियों को धीमे खेलने का इशारा किया और फिर गुलबदिन नायब नाटकीय ढंग से कमर के बल गिर गए जिससे पूर्व क्रिकेटरों ने सवाल उठाया है कि क्या वह वाकई तकलीफ में थे। स्लिप में फील्डिंग कर रहे नायब ने 12वें ओवर में ऐंठन की शिकायत की। इससे पहले ट्रॉट को अपने खिलाड़ियों को खेल की गति धीमी करने का इशारा करते कैमरे पर देखा गया था चूंकि बारिश के कारण खलल पड़ने पर डकवर्थ लुईस प्रणाली से उनकी टीम आगे चल रही थी। मैच में कई बार बारिश के कारण बाधा पड़ी । उस समय बांग्लादेश की टीम सात विकेट पर 81 रन बना चुकी थी और 19 ओवर में 114 रन के संशोधित लक्ष्य का पीछा करते हुए डकवर्थ लुईस प्रणाली के तहत दो रन से पीछे थी । अफगानिस्तान ने आठ रन से जीत दर्ज करके पहली बार विश्व कप सेमीफाइनल में जगह बनाई। साइमन डाउल ने कमेंट्री करते समय कहा कि कोच संदेश दे रहे हैं कि धीमे हो जाओ और अचानक पहली स्लिप में खड़ा खिलाड़ी बिना वजह गिर जाता है। यह अस्वीकार्य है। जिम्बाब्वे के कमेंटेटर पॉमी एम्बांग्वा ने कहा कि आस्कर या एमी।

# मंधाना और हरमनप्रीत महिला वनडे रैंकिंग में शीर्ष 10 में



**दुबई,** (भाषा): भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर आईसीसी की महिला वनडे बल्लेबाजी रैंकिंग में दो पायदान आगे नौवें स्थान पर पहुंच गई जबकि उपकप्तान स्मृति मंधाना एक पायदान नीचे चौथे स्थान पर खिसक गई। मंधाना के 738 जबकि हरमनप्रीत के 648 रेटिंग अंक हैं। मंधाना ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ हाल में समाप्त हुई तीन मैच की श्रृंखला में 343 रन बनाकर शीर्ष 10 में अपनी जगह बनाए रखी। दक्षिण अफ्रीका की कप्तान लॉरा वोलवार्ट ने शीर्ष रैंकिंग हासिल करने की तरफ मजबूत कदम बढ़ाए।

# कैबिनेट बैठक में कई बड़े फैसले ले सकते हैं नायब सिंह



**चंडीगढ़,** राजेश जैन (पंजाब केसरी): कैबिनेट की बैठक में लिए जाने वाले फैसले से पहले मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने विधायक दल की बैठक बुला ली है जिस कारण 27 जून को होने वाली कैबिनेट बैठक का समय बदल दिया गया है। जानकारीनुसार कैबिनेट में लिए जाने वाले फैसलों से पहले मुख्यमंत्री सभी विधायकों से विचार-विमर्श कर आम सहमति बनाने के बाद कैबिनेट की मुहर लगवाएंगे। सूत्रों का कहना है कि जिस तरह से कांग्रेस बुढ़ापा पैंशन 6 हजार रुपए प्रतिमाह देने की घोषणा कर चुकी है उसके काऊंटर के लिए सभी विधायकों से मुख्यमंत्री बुढ़ापा पैंशन के मुद्दे पर चर्चा कर सकते हैं। उल्लेखनीय है कि फिलहाल राज्य सरकार द्वारा बुजुर्गों को 3 हजार रुपए पैंशन दी जा रही है। सूत्रों का मानना है कि सरकार बुढ़ापा पैंशन बढ़ाने पर विचार कर रही है। बताया जाता है कि मुख्यमंत्री कार्यालय में इस मुद्दे पर गहन मंथन हो रहा है। लोकसभा चुनाव के दौरान पांच सीटों पर हार के बाद भारतीय जनता पार्टी इस परिणाम पर पहुंची है कि इस चुनाव में दलित वोट भाजपा से खिसका है। जिसके बाद मुख्यमंत्री नायब सैनी दलितों को सौ-सौ गज प्लाट आबंटित करते हुए रजिस्ट्री व कब्जा प्रमाण पत्र दे चुके हैं। प्रदेश के कई जिले ऐसे हैं जहां जमीन नहीं है। ऐसे में सरकार ने फैसला किया है कि जरूरतमंद परिवारों को प्लाट खरीदने के लिए गांव में एक-एक लाख रुपये दिए जाएं। विधायक दल की बैठक में इस बारे में भी चर्चा करके विधायकों की सहमति ली जाएगी। इसके बाद इस प्रस्ताव को मंत्रिमंडल की बैठक में रखा जा सकता है। इन सब मुद्दों से महत्वपूर्ण होगी सुप्रीम कोर्ट के फैसले पर विधायकों के साथ चर्चा।

# कंगना को पसंद आया महाराष्ट्र सदन का सीएम सुइट, राउत बिफरे



**मुंबई,** (पंजाब केसरी): बॉलीवुड अभिनेत्री और भाजपा सांसद कंगना रनौत की नई दिल्ली में महाराष्ट्र सदन में मुख्यमंत्री के सुइट में रहने की कथित मांग से मंगलवार को सत्तारूढ़ महायुति व विपक्षी महा विकास अघाड़ी के बीच जुबानी जंग छिड़ गई। हिमाचल प्रदेश के अपने गृह नगर मंडी से लोकसभा सांसद 38 वर्षीय कंगना रनौत ने कथित तौर पर राष्ट्रीय राजधानी में महाराष्ट्र सदन में सीएम के आलीशान सुइट में रहने की इच्छा जताई है। संसद के नए सत्र की शुरुआत पर सोमवार को कंगना रनौत ने महाराष्ट्र सदन का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने लगभग सभी कमरों को देखा। उन्हें सीएम का सुसज्जित, विशाल सुइट पसंद आया। शिवसेना (यूबीटी) के सांसद और मुख्य प्रवक्ता संजय राउत ने सीएम के सुइट की मांग करने के लिए कंगना की आलोचना करते हुए इसे बेतुका बताया और आश्चर्य जताया कि "वह महाराष्ट्र भवन पर नज़र रखने के बजाय राष्ट्रपति भवन में क्यों नहीं रह सकतीं। इस बीच, अधिकारियों ने कहा कि चूंकि कंगना रनौत हिमाचल प्रदेश से निर्वाचित सांसद हैं, इसलिए उन्हें महाराष्ट्र सदन के बजाय हिमाचल भवन के अधिकारियों के समक्ष ऐसे मुद्दे उठाने चाहिए थे।

# क्रोएशिया से 1-1 से ड्रॉ के बाद इटली नॉकआउट में



**लीपजिग (जर्मनी),** (एपी): इटली के स्थानापन्न खिलाड़ी मात्तिया जाकानी ने स्टॉपेज टाइम के आखिरी मिनट में गोल करके क्रोएशिया को 1-1 से ड्रॉ पर रोका और अपनी टीम को नॉकआउट चरण में जगह भी दिला दी। इससे पहले क्रोएशिया के लिये लुका मोडरिच ने दूसरे हाफ में गोल किया था। इटली को अंतिम 16 में जगह बनाने के लिये ड्रॉ की जरूरत थी जबकि क्रोएशिया को हर हालत में जीत दर्ज करनी थी। क्रोएशिया के तीन मैचों में दो ही अंक है और अब तीसरे स्थान की सर्वश्रेष्ठ टीम के रूप में नॉकआउट चरण में जगह बनाने के लिये उसे बाकी मैचों के नतीजों का इंतजार करना होगा। इटली का सामना अंतिम 16 में शनिवार को स्विटजरलैंड से बर्लिन में होगा।

**स्पेन ने अल्बानिया को हराया :** स्पेन ने अपनी पूरी टीम लगभग बदलने के बावजूद यूरोपीय फुटबॉल चैम्पियनशिप के मैच में अल्बानिया को 1-0 से हराया। नॉकआउट चरण में पहले ही प्रवेश कर लेने के बाद स्पेन के कोच लुईस डे ला फुएंते ने शुरूआती टीम में दस बदलाव किये। स्पेन ने 2008 के बाद पहली बार ग्रुप चरण के तीनों मैच जीते । स्पेन ने 2008 में खिताब जीता था। स्पेन के लिये 13वें मिनट में फेरान टोरेस ने गोल किया और स्टॉपेज टाइम में गोलकीपर डेविड राया ने गोल बचाया। पूरे ग्रुप चरण में स्पेन ने एक भी गोल नहीं गंवाया। ग्रुप बी से इटली ने क्रोएशिया से 1-1 से ड्रॉ खेलकर अगले चरण में जगह बनाई। अल्बानिया की टीम बाहर हो चुकी है जिसे एक ड्रॉ की ही जरूरत थी।

## होर्डिंग हादसा : आईपीएस अधिकारी निलंबित

**मुंबई,** (पंजाब केसरी) महाराष्ट्र सरकार ने मंगलवार को भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) के अधिकारी कैसर खालिद को डीजीपी कार्यालय की मंजूरी के बिना एक होर्डिंग लगाने की अनुमति देने के आरोप में निलंबित कर दिया। पिछले महीने इस होर्डिंग के गिरने से 17 लोगों की मौत हो गई थी। मुंबई के घाटकोपर इलाके में विशाल होर्डिंग तेज हवा और बारिश के दौरान गिर गया था। शुक्रवार को राज्य के गृह विभाग द्वारा जारी एक अधिसूचना में कहा गया है कि आईपीएस अधिकारी ने तत्कालीन राजकीय रेलवे पुलिस (जीआरपी) आयुक्त के रूप में महाराष्ट्र के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) के कार्यालय से अनिवार्य अनुमति लिए बिना होर्डिंग लगाने की अनुमति दी। अधिसूचना में कहा गया है कि खालिद ने होर्डिंग लगाने को अपने स्तर पर मंजूरी देने में प्रशासनिक चूक और अनियमितताएं कीं। इसमें कहा गया है कि होर्डिंग का आकार भी स्वीकृत मानदंडों से अलग था।

## टीवी सीरियलों में काम करने वाली महिलाओं ने आपस में की शादी



**गुरुग्राम,** (पंजाब केसरी) : गुरुग्राम में दो महिलाओं ने एक दूसरे से शादी की, जिसके बाद दोनों की शादी के फोटो और वीडियो सामने भी आए। दोनों शादी के बाद से सुर्खियों में बनी हुई हैं। गुरुग्राम में रहने वाली अंजू शर्मा टीवी सीरियलों में काम करती हैं और उन्होंने फतेहाबाद की रहने वाली मेकअप आर्टिस्ट कविता टप्पू से शादी की। इस रिश्ते में अंजू शर्मा पति हैं तो कविता पत्नी। अंजू आगे बताती हैं कि उन्होंने हॉल वाले, डीजे वाले को पहले ही बता दिया था कि 2 लड़कियों की शादी है ताकि बाद में कोई परेशानी खड़ी न हो जाए। इसके बाद भी सुबह पंडित ने फोन कर कहा कि मैं नहीं आ पाऊंगा, मेरे साथ बहुत बड़ी दुर्घटना हो गई है। यह सुनकर सभी परेशान हो गए।






CMYK